सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 04 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 90, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## वैश्विक तनाव के बीच एलपीजी आपूर्ति स्थिर

देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने कहा कि एलपीजी की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है। } 10

## कांग्रेस ने किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया। } 12

## युद्धपोत तारागिरी नौसेना बेड़े में शामिल

### वाणिज्यिक पोत, तेल टैंकरों की सुरक्षा में निभायेगा अहम भूमिका : राजनाथ




एजेंसी

विशाखापत्तनम। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा आपूर्ति समेत देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है और ऐसे में उभरते समुद्री खतरों के बीच वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यहां आईएनएस तारागिरी के जलावतरण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, चाहे वह फारस की खाड़ी हो या मलक्का जलडमरूमध्य। उन्होंने कहा जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह लोगों को निकालने का अभियान हो या मानवीय सहायता पहुँचाना, हमारी नौसेना हमेशा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## असम को नहीं बनने देंगे लव और लैंड जेहाद की धरती : योगी

### असम में गरजे उत्तर प्रदेश के सीएम, कांग्रेस मैदान छोड़कर भाग गई, यूडीएफ को बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय

विशेष संवाददाता

बारपेटा/सोनितपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को असम के चुनावी रण में उतरे। एनडीए उम्मीदवार दीपक कुमार दास के पक्ष में बारपेटा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के पहले ही मैदान छोड़कर भाग गई, जबकि यूडीएफ को भी बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय आ गया है।

उन्होंने असमवासियों से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया और कहा कि घुसपैठियों को बाहर करना है और असम की डेमोग्राफी को बदलने नहीं देना है। एनडीए का संकल्प है कि असम को लव जेहाद-लैंड जेहाद की धरती नहीं बनने देंगे। यहां घुसपैठ नहीं होने देंगे। कांग्रेस व यूडीएफ की घुसपैठियों के जरिये डेमोग्राफी



बदलने की साजिश सफल नहीं होने देंगे। एक-एक घुसपैठी को चिह्नित कर यहां से बाहर करने की भी व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा घुसपैठ व दंगा कराने का काम किया, लेकिन भाजपा ऐसा करने वालों को निकाल बाहर करती है। पहले नौजवानों के हक पर घुसपैठिए काबिज होते थे, असम के लोगों का राशन डकार जाते थे, लेकिन अब डबल इंजन सरकार असम के हर नागरिक को उसका हक दिलाने की गारंटी ले रही है। सीएम योगी शुक्रवार को असम विधानसभा चुनाव में बरछला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ऋतु बरन सरमा के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता से 9 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में उग्रवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद नहीं है, वहां सड़कों पर नमाज भी नहीं पढ़ी जाती है। भाजपा की डबल इंजन सरकार लव जेहाद, लैंड जेहाद का सफाया करने को संकल्पित है। कांग्रेस व यूडीएफ को घुसपैठियों का वोट चाहिए, वे सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकतीं। इन पार्टियों को देश की कीमत पर वोट चाहिए। ये नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा कर देश ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी को दहलाने की साजिश नाकाम

### ○ एटीएस ने लखनऊ से चार आतंकियों को दबोचा ○ पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे आतंकी


साकिब उर्फ डेविल


अरबाब


लोकेश उर्फ पोपला पंडित


विकास पहलावत उर्फ रौनक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा करते हुए पाकिस्तान से संचालित एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह सोशल मीडिया के विभिन्न हैंडल्स के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहकर देश के महत्वपूर्ण संस्थानों, रेलवे संपत्तियों और राजनीतिक व्यक्तियों को निशाना बनाने की साजिश रच रहा था। एटीएस ने समय रहते कार्रवाई कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी साजिश को विफल करने में सफलता प्राप्त की है।

एटीएस को प्राप्त खुफिया जानकारी के अनुसार, एक गिरोह पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के संपर्क में था और उनके निर्देश पर देशविरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। गिरोह का मुख्य काम देश के महत्वपूर्ण संस्थानों की रेकी कर संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान भेजना और योजनाबद्ध तरीके से सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना था। जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और सिग्नल के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स, कई कट्टरपंथी समूहों और अफगानिस्तान के कुछ नंबरों से भी जुड़े हुए थे। इस गिरोह का मुख्य सदस्य साकिब उर्फ डेविल (25 वर्ष) पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम अगवानपुर थाना परीक्षितगढ़, मेरठ बताया गया है। उसके साथ मेरठ निवासी अरबाब (20), राम विहार, गौतम बुद्ध नगर निवासी विकास पहलावत उर्फ रौनक (27) तथा लोकेश उर्फ पपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू (19) भी इस साजिश में शामिल थे। ये सभी आरोपी पैसों के लालच में देश के विभिन्न शहरों में महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी करते थे और उनकी जानकारी तथा वीडियो पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजते थे। पाकिस्तानी हैंडलर इन्हें टेलीग्राम, इंस्टाग्राम के माध्यम से ओसामा बिन लादेन, फरुतुल्ला गोरी, कश्मीर मुजाहिद्दीन, गजवा-ए-हिंद तथा धर्म के आधार पर वाहन जलाने के लिए उकसाते थे और षडयंत्र रचते थे। एटीएस के अनुसार, गिरोह के सदस्य रेलवे सिग्नल बॉक्स, गैस सिलेंडर से भरे ट्रकों और अन्य संवेदनशील ठिकानों पर आगजनी और विस्फोट की साजिश रच रहे थे। इनका मकसद देश में भय और अस्थिरता का माहौल पैदा करना तथा आर्थिक नुकसान पहुंचाना था। आरोपियों ने गाजियाबाद, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों में कई स्थानों पर रेकी भी की थी। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों की ओर से कुछ स्थानों पर आगजनी की छोटी घटनाएं भी अंजाम दी गई थीं, जिनके वीडियो बनाकर पाकिस्तान भेजे जाते थे। इसके बदले में उन्हें क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान किया जाता था। पाकिस्तानी हैंडलर्स द्वारा उन्हें गूगल लोकेशन भेजकर टारगेट तय किए जाते थे और धार्मिक उन्माद फैलाकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### चारबाग में बड़ी घटना को अंजाम देना चाहते थे आतंकी

यूपी के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि देश में दहशत फैलाने की तैयारी में जुटे मेरठ के अगवानपुर गांव थाना परीक्षितगढ़ इलाके के साकिब उर्फ डेविड(25), मेरठ के अरबाब(20), गौतमबुद्धनगर के राम विहार निवासी विकास गहलावत उर्फ रौनक(27) और राम विहार कालोनी गौतमबुद्धनगर के ही लोकेश उर्फ पोपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू(19) को शुक्रवार को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के करीब गिरफ्तार किया गया। एटीएस के



मुताबिक, चारों शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे और साथियों के साथ मिलकर लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे सिग्नल और रेलवे की संपत्तियों को आगजनी अथवा विस्फोट के जरिये नुकसान पहुंचाने जा रहे थे। इससे पहले ही एटीएस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। एटीएस को सूचना मिली थी कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यमों से एक भारतीय गिरोह, पाकिस्तान हैंडलर के निरंतर संपर्क में है तथा देश विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। गिरोह का मुख्य उद्देश्य देश के महत्त्वपूर्ण संस्थानों तथा राजनैतिक व्यक्तियों की रेकी कर प्राप्त जानकारी को पाकिस्तानी हैंडलर को उपलब्ध कराना तथा योजना बनाकर उन्हें नुक्सान पहुंचाना है।

### संक्षेप

### नयी पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन राष्ट्र को समर्पित




नयी दिल्ली। भारत ने स्वदेशी रूप से निर्मित अपनी तीसरी परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को शुक्रवार को सेवा में शामिल कर लिया, जिससे देश के परमाणु त्रय के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली है। विश्वसनीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। संबंधित पनडुब्बी को सेवा में शामिल किए जाने के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। यह घटनाक्रम तेजी से बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल के बीच हुआ। भारत का परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी कार्यक्रम एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। आईएनएस अरिहंत एसएसबीएन परियोजना के तहत पहली पनडुब्बी थी, जिसके बाद दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघात आई।

### गुर्दा प्रत्यारोपण गिरोह के दो सदस्य और गिरफ्तार

कानपुर। गैर-कानूनी तरीके से गुर्दा प्रत्यारोपण करने वाले गिरोह से जुड़े मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को ऑपरेशन थिएटर के दो तकनीशियन को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, जांच का दायरा कई शहरों तक बढ़ा दिया गया क्योंकि कई लोगों के इस गिरोह से जुड़े होने का आरोप है। पुलिस उपायुक्त एस.एम. कासिम आब्दी ने बताया कि पुलिस ने कल्याणपुर के एक निजी अस्पताल में अवैध रूप से गुर्दा प्रत्यारोपण में कथित भूमिका के लिए कुलदीप सिंह राघव और राजेश कुमार को गिरफ्तार किया। ये दोनों सर्जरी वाले दिन दिल्ली से आए थे और प्रक्रिया पूरी होते ही तुरंत वापस लौट गए थे। आब्दी ने बताया कि इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या आठ हो गई है।

### उत्तर भारत समेत कई राज्यों में भूकंप के झटके



नयी दिल्ली/चंडीगढ़। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में कई स्थानों पर शुक्रवार रात 9:46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए। चंडीगढ़ निवासी बलदेव चंद ने बताया मुझे कुछ सेकंड तक तेज झटके महसूस हुए। वह दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट में रहते हैं। पंजाब के जीरकपुर स्थित एक आवासीय सोसाइटी की 11वीं मंजिल पर रहने वाले अजय कुमार ने कहा झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए। हमने नीचे भागने के बारे में सोचा, लेकिन झटके जल्द ही रुक गए।

राजधानी दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार देर शाम भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 आंकी गई। इसका केंद्र अफगानिस्तान में था। भूकंप तकरीबन 9 बजकर 42 मिनट पर आया। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस हुए, लोग डर से अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। दफ्तरों से लोग बाहर आ गए।

## देहरादून की सांस्कृतिक विरासत ही उसकी असली पहचान

### जुगमन्दर हॉल का हुआ लोकार्पण, छह पार्कों में विकास कार्यों का शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश के प्रमुख शहरों में विशिष्ट स्थान रखता है। राज्य सरकार इस पहचान को बनाए रखते हुए शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित रूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जुगमन्दर हॉल के पुनर्निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छह नए पार्कों के विकास कार्यों की आधारशिला रखकर हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मुख्यमंत्री ने



अपने संबोधन में कहा कि विकास भी, विरासत भी के दृष्टिकोण के साथ देहरादून को आगे बढ़ाया जा रहा है। एक ओर जहां आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजधानी में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं तेजी से संचालित हो रही हैं। ठोस कचरा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान ने पश्चिम एशिया में कई जगह पर किये हमले

### इजराइल व अमेरिका ने तेहरान को बनाया निशाना, होर्मुज पर पकड़ बनाने की कोशिश

एजेंसी

दुबई। ईरान ने शुक्रवार को समूचे पश्चिम एशिया में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे कुवैत में समुद्री पानी को पेयजल में बदलने वाला एक विलवणीकरण संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया और एक रिफाइनरी में आग लग गई। वहीं, अमेरिका और इजराइल ने हवाई हमले कर तेहरान को निशाना बनाया। इस युद्ध को शुरू हुए लगभग पांच सप्ताह हो गए हैं।

अमेरिका और इजराइल ने कहा था कि ईरान की सैन्य क्षमताएं लगभग पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद तेहरान ने इजराइल और अपने खाड़ी अरब पड़ोसियों पर दबाव बनाए रखा है। इस बात के संकेत के तौर पर



कि ईरान की धर्म-आधारित शासन व्यवस्था का एक हिस्सा बातचीत के लिए तैयार हो सकता है, देश के पूर्व शीर्ष राजनयिक ने एक प्रभावशाली अमेरिकी पत्रिका में संघर्ष को समाप्त करने का एक प्रस्ताव प्रकाशित किया है। खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसकी मजबूत पकड़ ने शेयर बाज़ारों में उथल-पुथल मचा दी है, तेल की कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया है, और भोजन ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ईरान ने मार गिराया अमेरिकी विमान

तेहरान। पश्चिम एशिया में चल रही जंग अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। खबर है कि ईरान की सीमा के भीतर अमेरिका के एक लड़ाकू विमान को निशाना बनाया गया है। इस घटना के बाद अमेरिकी सेना ने अपने लापता पायलटों और चालक दल को बचाने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। युद्ध की शुरूआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। ईरानी मीडिया दावा कर रहा है कि उनकी ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 23.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ यूपी में अब सड़कों पर नहीं पढ़ी जाती नमाज : योगी (पृष्ठ-02)
○ बौद्ध कॉन्क्लेव में 3000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव (पृष्ठ-02)
○ खुदरा महंगाई छह प्रतिशत से अधिक होने के आसार (पृष्ठ-10)
○ उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर सरकार ने की चर्चा (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** फुटओवर ब्रिज की जगह बनाए जाएंगे अंडरपास, बुजुर्ग व दिव्यांग यात्रियों को मिलेगी राहत

## रेलवे स्टेशनों को और हाईटेक बनाने की तैयारी

आशीष मौर्य

नई दिल्ली। गरीब और मध्यम वर्ग को बेहतर यात्रा सुविधा और आरामदायक अनुभव उपलब्ध कराना भारतीय रेलवे की प्राथमिकता है। रेलवे स्टेशनों और रेल पटरियों को पार करने के लिए अब फुटओवर ब्रिज के स्थान पर सुविधाजनक अंडरपास विकसित करने की योजना पर जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सहज आवागमन की सुविधा प्रदान करना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह आह्वान करते हुए कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। यह बैठक रेल भवन, नई दिल्ली से आयोजित की गई।

नई व्यवस्था के तहत ऐसे अंडरपास बनाए जाएंगे, जिनका उपयोग पैदल यात्रियों के साथ-साथ साइकिल, स्कूटर और मोटरसाइकिल लेकर जाने वाले लोग भी आसानी से कर सकेंगे। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री ने बैठक में कहा कि रेल दुर्घटनाओं



में ऐतिहासिक कमी और रिकॉर्ड माल ढुलाई से रेलवे की छवि मजबूत हुई है। त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनों के संचालन से यात्रियों की बढ़ी मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया गया। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन देश के लोगों के सामने रेलवे का चेहरा हैं, इसलिए उनकी साफ-सफाई और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से आवंटित बजट का उपयोग जनसुविधाओं के विकास में करने को कहा ताकि यात्रियों का अनुभव बेहतर हो सके। त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण और प्लेटफॉर्म तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में लंबित भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर चर्चा करते हुए रेल मंत्री ने इसे तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह लोगों की आजीविका से जुड़ा संवेदनशील मामला है, इसलिए इसे मानवीय दृष्टिकोण से समयबद्ध तरीके से हल किया जाना चाहिए। रेल मंत्री ने रेलवे पटरियों को पार करने के लिए भूमिगत पुलिया के निर्माण को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। ग्रामीण और शहरी जरूरतों के अनुसार चौड़ी पुलिया बनाने का भी निर्णय लिया गया, जिनसे ट्रैक्टर और अन्य वाहन भी गुजर सकें। समय पर ट्रेनों के संचालन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जोनों की भी रेल मंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि सतत प्रयास, प्रभावी योजना और यात्री-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ भारतीय रेल सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता और यात्रा अनुभव को लगातार बेहतर बनाती रहेगी।

## सीबीएसई कक्षा 6 से लागू करेगा तीन-भाषा प्रणाली

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 2026 से नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अनिवार्य तीन-भाषा फार्मूला कक्षा 6 के लिए लागू किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान में अनिवार्य मानक एवं वैकल्पिक उन्नत पाठ्यक्रमों की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू की जाएगी।

○ कक्षा 9 के लिए गणित विज्ञान के होंगे दो स्तर

अधिकारी ने कहा भाषाओं को तीन चरणों-आर।, आर2 और आर3-में एक सुव्यवस्थित तीन-भाषा ढांचे के तहत व्यवस्थित किया गया है। नये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) की सिफारिशों के अनुसार, इन तीन भाषाओं में से दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा बहुभाषी शिक्षा के चरणबद्ध कार्यान्वयन के बोर्ड के प्रयासों को जारी रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# उत्तर प्रदेश में अब सड़कों पर नहीं पढ़ी जाती नमाज : योगी आदित्यनाथ

## धर्मस्थलों से चिल्लाने की आवाज भी नहीं आती

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असम विधानसभा चुनाव में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यूपी में उग्रवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद नहीं है, वहां सड़कों पर नमाज भी नहीं पढ़ी जाती है। वहां धर्मस्थलों से चिल्लाने की आवाज नहीं आती है। यदि किसी ने दंगा करने का दुस्साहस किया तो उसकी प्रॉपर्टी जब्त कर दलितों, गरीबों, जनजाति समुदाय में बांट दी जाती है। घुसपैठियों या दंगाइयों का कोई अधिकार नहीं होता। कहा कि मोदी जी जितनी बार पूर्वोत्तर भारत में आए हैं, 60 साल के कांग्रेस के शासनकाल में इतनी बार कोई प्रधानमंत्री नहीं आया।

मोदी जी ने 11 साल में पूर्वोत्तर भारत की 78 और असम की 36 यात्राएं की हैं, तब शांति, सुरक्षा व सुशासन का माहौल तैयार हुआ है। 60 वर्ष में कांग्रेस उचित कनेक्टिविटी नहीं दे पाई, लेकिन आज पूर्वोत्तर के हर राज्य तक रोड, रेलवे, एयर व इनलैंड वाटरवे की कनेक्टिविटी है। पहले मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं थे, लेकिन डबल इंजन सरकार ने एम्स, आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी दिया है। पूर्वोत्तर भारत व असम विश्वस्तरीय संस्थानों का केंद्र बना है। सीएम योगी ने कहा कि पहले नौजवानों के हक पर घुसपैठिए काबिज होते थे और असम के लोगों का राशन डकार जाते थे, लेकिन अब असम के हर नागरिक को उसका हक दिलाने की गारंटी डबल इंजन सरकार ले रही है। अयोध्या में राममंदिर व काशी में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण हुआ तो मां कामाख्या के भव्य कॉरिडोर का निर्माण भी उसी भव्यता से हो रहा है। यह गारंटी केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार देगी, यह गारंटी कांग्रेस नहीं देगी। नौजवानों को रोजगार, बहनों को सुरक्षा की गारंटी केवल डबल इंजन सरकार देगी, कांग्रेस व यूडीएफ यह गारंटी नहीं दे सकती। वे सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। घुसपैठियों के जरिये भारत की संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग हैं। कांग्रेस व यूडीएफ पर विश्वास नहीं किया जा सकता। डबल इंजन सरकार असमवासियों को सुरक्षा, सेवा, सुशासन, समृद्धि, नौकरी की गारंटी देगी। सीएम योगी ने असम को भारतीय गौरव की पावन धरा बताते हुए सिंगरी गुप्तेश्वर, अहोम राजवंश के लचित बोरफुकन, ब्रह्मपुत्र नदी व मां कामाख्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस धरा ने विपरीत परिस्थितियों में देश को पहचान दी। एक ओर कामगारों की मेहनत का परिणाम है कि यहां की चाय दुनिया के बाजारों व घरों में लोगों को स्फूर्ति प्रदान करती है तो दूसरी ओर इस पावन धरा ने महान सपूत भारत रत्न भूपेन हजारिका व गोपीनाथ बोरदोलोई जैसे रत्न दिए।



### सीएम योगी की झलक पाने के लिए पेड़ों पर चढ़े युवा

असम में भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादू जमकर चला। बरछला जनसभा में सीएम योगी को देखने व सुनने के लिए जबरदस्त भीड़ उमड़ी। खासतौर पर युवा पेड़ों व वाहनों पर चढ़कर योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने का प्रयास करते रहे। सीएम योगी ने भी हाथ हिलाकर असमवासियों का अभिवादन किया। इस दौरान बुलडोजर बाबा की जय नारे भी लगे।

### जापी, पहन कर असमिया ढोल बजाया सीएम योगी ने

जनसभा में मंचस्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। उन्हें राज्य के प्रतीक के तौर पर असमिया टोपी (जापी) व असमिया ढोल भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने यह टोपी पहन कर असमिया ढोल बजाने का भी आनंद लिया। वह बेहद खुश भी नजर आए। इस दौरान उद्घोषक द्वारा स्वागतम बोलने पर पूरा जनसभा स्थल स्वागतम-सुस्वागतम की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। गौरतलब है कि असमिया टोपी (जापी) असमिया पहचान का एक अभिन्न हिस्सा है। ताड़ के पत्तों से बनी इस टोपी का इस्तेमाल असम के किसान तेज धूप व बारिश से बचने के लिए करते हैं। अहोम शासनकाल के दौरान जापी राज्य की प्रतिष्ठा का प्रतीक बनी। जापी केवल एक टोपी नहीं, बल्कि सम्मान का प्रतीक है। बिहू नृत्य के दौरान भी इसे पहना जाता है और इसे अतिथियों को सम्मान के रूप में भेंट किए जाने की परंपरा रही है। असमिया ढोल, जिसे बिहू ढोल भी कहा जाता है, असम का एक प्रमुख पारंपरिक ताल वाद्ययंत्र है। यह असम की सांस्कृतिक आत्मा है। यह लकड़ी के बेलनाकार ढांचेनुमा होता है, जो बोहाग बिहू के दौरान नृत्य व संगीत में केंद्रीय भूमिका निभाता है। इसे एक हाथ और एक बांस की छड़ी से बजाया जाता है। असम की इस विरासत को संरक्षित करने के लिए भारत सरकार ने इसे जीआई-टैग प्रदान किया है।

**अटल व मोदी ने असम के लाल को दिया भारत रत्न :** सीएम योगी ने तंज कसा कि कांग्रेस सरकार में भारत रत्न केवल एक खानदान के लोगों को प्राप्त होता था। असम के संगीत व संस्कृति की पहचान भूपेन हजारिका को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया। उन्हें 2019 में मोदी सरकार ने और गोपीनाथ बोरदोलोई को 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने भारत रत्न दिया। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की एनडीए सरकार ने संस्कृति, परंपरा व विरासत को आगे बढ़ाया। एनडीए सरकार सुरक्षा, सुशासन व सेवा के माध्यम से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, महिला व नौजवान तक पहुंचा रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेतृत्व की सरकारों ने 60 वर्षों तक असम में अराजकता, दंगा, कर्फ्यू, घुसपैठ को बढ़ावा देकर सुरक्षा में सेंध लगाई और विरासत को अपमानित किया।

## सीएम हेल्पलाइन 1076 के कर्मचारियों की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम हेल्पलाइन 1076 से जुड़े कर्मचारियों द्वारा वी-विन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ की गई शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दों एवं कार्यस्थल की समस्याओं का तत्काल और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यूपीडेस्को की प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया कि पूरे प्रकरण की गहन समीक्षा कर कंपनी स्तर पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई कराई जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निर्देश मिलते ही प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को ने संबंधित कंपनी के शीर्ष प्रबंधन को स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया और उच्चस्तरीय वार्ता शुरू की गई। मुख्यमंत्री स्तर से हुए सख्त हस्तक्षेप के बाद कंपनी प्रबंधन को कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाना पड़ा। कंपनी ने कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को स्वीकार करते हुए वेतन वृद्धि पर सहमति दे दी है। साथ ही साथ कंपनी ने कार्यस्थल की सुविधाओं में सुधार करने पर भी सहमति जताई है। यूपीडेस्को की प्रबंध निदेशक नेहा जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में पूरे प्रकरण की गंभीरता से समीक्षा कराई गई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण चुनाव में बनेगा गेम चेंजर : सुधीर एस. हलवासिया



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पं. दीनदयाल दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आज सेन्ट्रल होटल अमीनाबाद लखनऊ में भाजपा मध्य मण्डल-2 की कार्यशाला संपन्न हुई।

भाजपा मध्य मण्डल-2 की कार्यशाला में मार्गदर्शक के रूप में प्रदेश संयोजक सुधीर एस हलवासिया, उपविजेता रजनीश कुमार गुप्ता, संयोजक संतोष सिंह, एस.सी. एस.टी. आयोग के सदस्य रमेश तूफानी, महानगर मंत्री आनन्द पाण्डेय, सतीश चन्द्र मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष विपिन सोनकर, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा रिंकू, महामंत्री अंकित गुप्ता, मण्डल महामंत्री अमर सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष विशाल रावत, नगर कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर शैलू, पाषर्दगण तथा मातृशक्तियों ने संयुक्त रूप से चुनाव के विषय में विचार विमर्श किया। इस मौके पर सुधीर.एस. हलवासिया ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं का प्रशिक्षण, चुनाव में बनेगा गेम चेन्जर बनेगा।

## आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित होगा यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

- पर्यटन विभाग ने पेश किया विकसित यूपी@2047 का रोडमैप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के विजन के तहत वर्ष 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पर्यटन विभाग ने अपना रोडमैप जारी किया है। जिसके तहत विभाग ने वर्ष 2047 तक राज्य को विश्व की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में देश के पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में यूपी का योगदान वर्तमान के लगभग 9.2 प्रतिशत में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी करते हुए वर्ष 2029-30 तक 11 प्रतिशत, वर्ष 2035-36 तक 14 प्रतिशत और वर्ष 2046-47 तक 16 प्रतिशत तक प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

राज्य में पर्यटन आधारित अवसंरचना होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे का भी तेज गति से विकास किया गया है।

इसी क्रम में राज्य के पर्यटकों के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या को वर्तमान में प्रति लाख जनसंख्या पर 30 से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 150 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही राज्य में विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि को वर्तमान की 3 रात्रि से बढ़ाकर वर्ष 2046-47 तक 6 रात्रि तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पर्यटकों की संख्या के मामले में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। हालांकि घरेलू पर्यटकों के मामले में उत्तर प्रदेश सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर चुका है, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी राज्य का चौथा स्थान है, जिसमें बढ़ोतरी करने के सभी संभव प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था के मानक के अनुसार राज्य में आने वाला 1 पर्यटक 6 लोगों के लिए आय का सृजन करता है। इस दिशा में वर्ष 2025 में महाकुंभ के भव्य आयोजन में आए रिकॉर्ड 66 करोड़ पर्यटकों के अतिरिक्त राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों में 64.9 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया।

पर्यटन विभाग पर्यटकों की इस संख्या को वर्ष 2029-30 तक बढ़ाकर 75 करोड़ और वर्ष 2047 तक 100 करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में यूनेस्को से मान्यता प्राप्त भौतिक एवं अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों की संख्या बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जिसके तहत वर्तमान में प्रदेश के पास यूनेस्को से मान्यता प्राप्त 07 विरासतें हैं, जिनकी संख्या वर्ष 2029-30 तक 08, 2035-36 तक 14 और वर्ष 2047 तक 20 पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सीएम योगी स्कूल चलो अभियान का वाराणसी से आज करेंगे शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

- नामांकन, पाठ्य-पुस्तक वितरण और जन जागरूकता पर रहेगा विशेष जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी में करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में आयोजित होगा और इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल से किया जाएगा। अभियान के तहत 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रथम चरण चलाया जा रहा है, जबकि दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित होगा। जनपद, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर व्यापक कार्यक्रमों के माध्यम से नामांकन बढ़ाने, बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें और बैग वितरित करने तथा जन जागरूकता फैलाने पर जोर रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम के साथ ही सभी जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भव्य आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देना और हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, मोनिका रानी ने कहा कि अभियान के दौरान बच्चों के नामांकन के साथ ही उन्हें नई पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जन जागरूकता रैलियां और जनप्रतिनिधियों के संबोधन भी आयोजित होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और हर घर तक शिक्षा का संदेश पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के समापन के बाद प्रदेश के सभी जनपदों, बीआरसी और विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो अभियान को गति देने के लिए व्यापक गतिविधियां संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें रैली निकालना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन, नए विद्यार्थियों के नामांकन को बढ़ावा देना तथा नए सत्र की पाठ्य पुस्तकों का बेहतर पैकेजिंग के साथ वितरण शामिल है। साथ ही इन सभी आयोजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार और मीडिया कवरेज सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है ताकि अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाकर उसकी सफलता सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## फर्जी ब्योरा देकर पास कराया नक्शा हाईकोर्ट ने कार्यवाही के दिए निर्देश

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भवन मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण प्रारम्भ करने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी ने गलत जानकारी देकर नक्शा पास कराया है, तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही अनिवार्य है और ऐसी स्वीकृति को निरस्त किया जा सकता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने प्रतापगढ़ निवासी वंदना सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि विपक्षी सबीरा खातून ने भूमि की वास्तविक सीमाओं को छिपाकर और गलत विवरण देकर भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त की थी। मामले की जांच में सामने आया कि स्वीकृत नक्शों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। न तो पर्याप्त सेटबैक छोड़ा गया और न ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई। यहां तक कि नक्शे में दिखाए गए रास्ते और मार्ग स्थल पर मौजूद ही नहीं पाए गए। कोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी मानते हुए गंभीर टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि भवन निर्माण कार्यों का विनियमन अधिनियम 1958 की धारा 7-ए (धोखाधड़ी से प्राप्त अनुमति रद करना) और धारा 10 (अवैध निर्माण हटाना) दोनों अलग-अलग स्थितियों में लागू होती हैं और दोनों के तहत समानांतर कार्रवाई संभव है। कोर्ट ने आगे कहा कि केवल यह कहकर कि धारा 10 के तहत कार्यवाही चल रही है, धारा 7-ए की कार्यवाही को समाप्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि धोखाधड़ी से प्राप्त किसी भी अनुमति को कानून में संरक्षण नहीं मिल सकता और ऐसे मामलों में अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे सख्त कार्रवाई करें।

यह कहते हुए अदालत ने उपजिलाधिकारी, सदर प्रतापगढ़ की ओर से धारा 7-ए की कार्यवाही समाप्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया और निर्देश दिया कि दोनों धाराओं के तहत कार्यवाही जल्द पूरी की जाए।

## यूरिया-डीएपी-एनपीके की नहीं होगी कमी, राज्य स्तर पर सप्लाई प्लान तैयार

**लखनऊ।** किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने अप्रैल 2026 के लिए व्यापक सप्लाई प्लान तैयार किया है। योजना के तहत यूरिया, डीएपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि बुवाई और फसल वृद्धि के दौरान किसानों को किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े।

सरकार ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिले में मांग के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति पहले से सुनिश्चित की जाए। सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समितियां गठित की जाएंगी, जिनमें कृषि, राजस्व और अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। जमाखोरी कर कृत्रिम अभाव पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। गैर-कृषि क्षेत्रों, जैसे प्लाईवुड उद्योग और पशु आहार इकाइयों में उर्वरकों के डायवर्जन पर भी सघन निगरानी रखी जाएगी। किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा। अधिकतम उपयोग की अनुशंसा के अनुसार प्रति हेक्टेयर सात बोरी यूरिया और पांच बोरी डीएपी तक प्रयोग की सलाह दी गई है। साथ ही अग्रिम भंडारण न करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सीमावर्ती जिलों में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण की विशेष निगरानी की जाएगी, ताकि अंतर्राज्यीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध निकासी को रोका जा सके। योजना में सहकारी समितियों की भूमिका मजबूत करने पर जोर दिया गया है। सरकार ने सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद वितरण की हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्णय लिया है, जबकि निजी क्षेत्र को संतुलित भागीदारी के तहत लगभग 35 प्रतिशत कोटा देने का प्रस्ताव रखा गया है, ताकि आपूर्ति श्रृंखला सुचारु बनी रहे। खाद वितरण की निगरानी के लिए सख्त मॉनीटरिंग व्यवस्था लागू की गई है। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें होंगी और कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रियल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर नजर रखी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस सुनियोजित रणनीति से किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होंगे, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

## गोमती नगर स्थित भारतेन्दु नाट्य अकादमी के नवीन भवन का लोकार्पण 5 को

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को गोमती नगर स्थित भारतेन्दु नाट्य अकादमी भवन का विधिवत निरीक्षण और मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। संस्कृति विभाग की ओर से इस जीर्ण-शीर्ण भवन का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कराया गया है। आगामी 05 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी इसका लोकार्पण करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह संस्कृति विभाग के अधीन एक प्रतिष्ठित नाट्य प्रशिक्षण संस्थान है। इसकी स्थापना 1975 में हुई थी। अकादमी में अभिनय, रंगमंच और इससे संबंधित विभिन्न कलाओं में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां से निकलने वाले छात्र भारतीय संस्कृति एवं नाटक की विभिन्न विधाओं का देश-विदेश में प्रदर्शन कर अपना तथा उ0प्र0 का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने अकादमी के प्रबंधकों से कहा कि इस भवन का उपयोग नवोदित प्रतिभाओं को निखारने में किया जाना चाहिए।

पर्यटन मंत्री ने अकादमी के पूरे परिसर में कराए गए जीर्णोद्वार कार्यों के निरीक्षण के उपरांत जनसमुदाय को संबोंधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्य मानक तथा गुणवत्ता के अनुरूप पूरे किए जाने चाहिए। साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान एवं नाट्य विधा में प्रयोग होने वाले सभी उपकरणों का रख-रखाव और बेहतर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मा0 योगी आदित्यनाथ जी की अपेक्षाओं के अनुरूप कला, संस्कृति, गीत-संगीत, नाट्य को बढ़ावा देने के साथ ही कलाकारों का भी सम्मान कर रही है। उन्होंने बताया कि देश के इस प्रतिष्ठित संस्थान में मौजूदा समय में 09 राज्यों के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यहां से प्रशिक्षण के बाद निकलने वाले छात्र देश व प्रदेश तथा लखनऊ का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से आज हिन्दी रंग-मंच दिवस भी है। यह दिवस आधुनिक रंगमंच के जनक कहे वाले भारतेन्दु हरिशचन्द के नाम पर मनाया जाता है। उन्होनें प्रशिक्षणरत छात्रों का आवाह्न किया कि यहां से नाटक की बारीकियां और इससे जुड़ी विधाएं उनके लिए एक पूंजी है।

## बौद्ध कॉन्क्लेव में मिले 3000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

### इंटरनेशनल कॉन्क्लेव में थाइलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान व नेपाल से पहुंचे विशेषज्ञ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव का समापन निवेश की मजबूत संभावनाओं के साथ संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए निवेश आमंत्रित करना और उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना रहा।

इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव, कुशीनगर में 2,300 से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों ने भाग लिया, जिसमें 2,000 से अधिक बौद्ध भिक्षु, विद्वान, नीति-निमार्ता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल थे, जबकि 300 से अधिक विदेशी मेहमान थाइलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान व नेपाल जैसे देशों से पहुंचे। कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में लगभग 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव रखे गये। होटल-रिजॉर्ट बनाने वाली कंपनियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमियों ने निवेश को लेकर रुचि दिखाई। साथ ही यहां दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिससे आने वाले समय में शहर के विकास को नई गति मिल सकती है। कॉन्क्लेव में इस बात पर भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को सिर्फ तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, स्थानीय कारोबार और सतत विकास से जोड़ा जाए। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बेहतर हुई कनेक्टिविटी को भी प्रमुखता से पेश किया गया, जिससे विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से कुशीनगर बौद्ध कॉन्क्लेव-2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों और निवेशकों की भागीदारी यह दशार्ती है कि कुशीनगर अब आस्था के साथ-साथ निवेश का भी आकर्षक गंतव्य बन रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि, इस आयोजन से करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं सामने आई हैं, जिससे पर्यटन, होटल, परिवहन और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार इन निवेश प्रस्तावों को शीघ्र जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि कुशीनगर के समग्र विकास को नई गति मिल सके। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक कार्य विभाग अमृत अभिजात ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट लगातार मजबूत हो रहा है। 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों पर 82 लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे, जो इनकी बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है।

## उत्पादन निगम ने सात साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने 81 फीसदी डीम्ड प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल करके बीते सात वर्षों का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। तापीय विद्युत परियोजना के लिए 77 फीसदी या अधिक को आदर्श लोड फैक्टर माना जाता है जबकि सोलर परियोजनाओं के लिए यह 20-30 प्रतिशत है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेष कर खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण गैस आधारित उत्पादन पर अनिश्चितता और संभावित ऊर्जा संकट के बीच उत्पादन निगम का यह प्रदर्शन महत्वपूर्ण है। आने वाली गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 33000 मेगावॉट से अधिक जाने की उम्मीद है। ऐसे में उत्पादन निगम के यह आंकड़े पावर कॉरपोरेशन के लिए खासी राहत देने वाले हैं।

## भाजपा सौदागर की तरह काम करती है

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सौदागर की तरह काम करती है। सब कुछ बेंच दे रही है। भाजपा का लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है। मुनाफाखोरी के कारण भ्रष्टाचार और मंहगाई दोनों बढ़ रही है। पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। भाजपा सरकार निवेश के बड़े-बड़े सपने दिखा रही थी, निवेश नहीं आया। भाजपा संविधान से नहीं मनविधान से चलती है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पार्टी के युवा संगठनों के राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज युवा संगठनों की बैठक में बड़ी संख्या में नौजवान शामिल हुए। बैठक में पार्टी ने तय किया है कि संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2026 को सेक्टर और गांव स्तर पर मनाएगी। भाजपा सरकार में संविधान पर जो संकट है, उसकी चर्चा गांव स्तर पर की जाएगी। श्री यादव ने कहा कि यह अमृत काल नहीं संकट काल चल रहा है। संत मारे जा रहे हैं। उनकी हत्याएं हो रही हैं। संतों को अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी लोग बाबा साहब के दिए संविधान, डॉ. लोहिया के बताए रास्ते और नेता जी के दिए हुए समाजवादी विचारधारा पर चलते हुए समाज को नई दिशा देना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को मानती है। भाजपा एकतंत्र से चलती है। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमारे अधिकारों का रक्षक है। बुनियाद है। भाजपा संस्थाओं का दुरूपयोग कर बुनियाद को कमजोर करना चाहती है। हम सब पीडीए के लोग एक होकर पीड़ित, दुःखी, अपमानित लोगों को साथ लेकर 2024 के लोक सभा चुनाव की तरह 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराकर प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार बनाएंगे। विकास को गति देकर एक बार फिर यूपी को विकास के रास्ते पर लाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया। प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के क्षेत्र में गोलियों से दिन दहाड़े हत्याएं होती हैं।

# सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की उत्कृष्ट अवधारणा का उदाहरण : योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित महानाट्य कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के महानायक सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित महानाट्य का आज काशी की धरा पर मंचन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस आयोजन ने मां गंगा के तट पर बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को महाकाल की धरा उज्जैन के साथ एक सांस्कृतिक एकता के बंधन से जोड़ने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने काशी और उज्जैन नगरी के संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस तरह से भारतीय परंपरा में भाई-भाई के संबंध के आदर्श रूप में भगवान राम-लक्ष्मण और कृष्ण-बलराम की जोड़ियां प्रसिद्ध हैं, वैसे ही नाथ संप्रदाय में दीक्षित संत भर्तृहरि और सम्राट विक्रमादित्य की जोड़ी भी



- भारतीय कालगणना की नगरी उज्जैन और पंचांग निर्माण की नगरी काशी का सम्मिलन है

प्रसिद्ध है। सम्राट विक्रमादित्य की कर्मस्थली जहां उज्जैन थी, तो वहीं संत भर्तृहरि की साधनास्थली काशी के गंगा तट पार स्थित है। काशी के ठीक उस पार चुनार का किला उनके ही तप और आशीर्वाद से संभव हुआ था। यूपी सरकार चुनार के किले के सौंदर्यीकरण और संरक्षण का कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि यह आयोजन भारतीय कालगणना की नगरी उज्जैन और पंचांग निर्माण की नगरी काशी का सम्मिलन है, जो भारत की कालगणना की परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश के पारंपरिक ज्ञान और कौशल का विकास किया जा रहा है, उसे आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। भारतीय परंपरा का योग हो या आयुष, आज पूरा विश्व उसे स्वीकार कर रहा है। कुंभ की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है, लेकिन वर्ष 2019 में जब प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इसका भव्य आयोजन किया गया तो पूरा विश्व इसमें सहभागी बना। पूरी दुनिया से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज की धरा पर महाकुंभ में आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद से देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु हर वर्ष काशी और अयोध्या आ रहे हैं। अयोध्या नगरी के पुनरुत्थान में भी महाराज विक्रमादित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2000 वर्ष पहले अयोध्या नगरी को खोजने का कार्य सम्राट विक्रमादित्य ने ही किया था। प्रभु श्रीराम के पुत्र लव के बाद सबसे पहले श्रीराम मंदिर भी सम्राट विक्रमादित्य ने बनवाया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सम्राट विक्रमादित्य के प्रयासों को ही आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित इस नाट्य प्रस्तुति को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि नाटक, कला और सिनेमा समाज को दिशा देने का माध्यम होते हैं और कलाकारों द्वारा निभाए गए पात्र युवाओं के लिए प्रेरणा बनते हैं। मैं सिनेमा निमार्ताओं को भी सुझाव देता हूं कि सकारात्मक चरित्रों को ही नायक के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। एक कालखंड था, जब सिनेमा नकारात्मक चरित्रों को नायक के रूप में स्थापित करता था। इसका परिणाम यह हुआ कि देश की एक पीढ़ी इससे प्रभावित होकर बर्बाद हो गई। मुख्यमंत्री ने इस नाट्य रूपांतरण को भारतीय संस्कृति, पराक्रम, दानवीरता, न्याय व्यवस्था और सुशासन जैसे मूल्यों को पुनर्जीवित करने का माध्यम बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि यह प्रयास आज की नई पीढ़ी को अपने प्राचीन सांस्कृतिक मूल्य और आदर्शों से जोड़ने के वृहद अभियान का एक हिस्सा है।

इस सराहनीय प्रयास के लिए उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, संस्कृत विभाग और सभी कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# गोमती बैराज का संचालन होगा कंप्यूटराइज्ड

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोमती बैराज को हाईटेक बनाने की तैयारी है। गंगा बैराज की तर्ज पर यहां भी गेट संचालन को पूरी तरह से कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा। इसके तहत बैराज परिसर में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से सभी गेटों को एक क्लिक पर खोला और बंद किया जा सकेगा। इस परियोजना पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। शासन से मंजूरी मिलते ही काम शुरू होगा।

अभी बैराज के गेट खोलने और बंद करने की प्रक्रिया पूरी तरह मैन्युअल है। ऑपरेटर को प्लेटफार्म पर चढ़कर एक-एक गेट को खोलना पड़ता है। इसमें समय अधिक लगता है साथ ही यह जोखिम भरा भी है।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद सभी गेटों की मोटरों को एक केंद्रीकृत सिस्टम से जोड़ दिया जाएगा। इससे ऑपरेटर को गेट तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कंट्रोल रूम से ही पूरा संचालन हो सकेगा। बैराज के पुराने और जर्जर गेटों को बदलने का काम भी तेज किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अनुसार, गोमती बैराज पर

- कंट्रोल रूम से खुलेंगे बंधे के गेट, मई से शुरू होगा 4 फाटक का काम

लगे 9 गेट अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। इनमें से 2 गेट बदले जाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब 4 और गेट बदलने की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए शारदा सहायक खंड को बरेली स्टोर से जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने की स्वीकृति मिल चुकी है।

अधिकारियों के मुताबिक, इन गेटों को बदलने का काम मई माह से शुरू किया जाएगा। इस पर करीब 5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। गेट बदलने के बाद बैराज के केवल एक गेट को छोड़कर बाकी सभी गेट नए और पूरी तरह कार्यशील हो जाएंगे। इससे जलस्तर नियंत्रण की क्षमता बेहतर होगी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेना आसान होगा। गोमती बैराज पर लगे 9 गेट अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। इनमें से 2 गेट बदले जाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि कंप्यूटराइजेशन और गेटों के नवीनीकरण से गोमती नदी के जल प्रबंधन में बड़ा सुधार होगा। खासतौर पर बरसात के मौसम में अचानक जलस्तर बढ़ने पर गेट तुरंत खोले जा सकेंगे, जिससे शहर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या कम होगी। नई तकनीक के इस्तेमाल से बैराज की निगरानी भी अधिक सटीक हो जाएगी।

# कूद से कम्यूट फिल्मों के दौर की होगी शुरुआत : नीलेश मिसरा

**लखनऊ।** हिन्दी सिनेमा के प्रख्यात गीतकार, लेखक और स्टोरीटेलर नीलेश मिसरा ने अपनी नई फिल्म कूद के जरिए देश में कम्यूट फिल्मों के दौर की शुरूआत कर दी है। वह फिल्म के अभिनेता और निमार्ता हैं। इस संबंध में शुक्रवार को गोमती नगर में नीलेश मिसरा ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि कम्यूट फिल्म नामक एक नई विधा को शुरू किया है। इस प्रारूप का उद्देश्य ऐसी फिल्मों का निर्माण करना है जिसे व्यक्ति मेट्रो, टैक्सी या बस में सफर करते देख सके। इसके पीछे उन्होंने कारण बताया कि आम आदमी घर से कार्यस्थल तक औसतन 50 मिनट का सफर करता है, ऐसे में इस फिल्म को उसी अवधि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नीलेश मिसरा का कहना है कि फिल्म में दो अजनबियों की कहानी को दिखाया गया है जो कि एक ही समय, एक ही पुल पर जान देने पहुंचते हैं। फिल्म के सभी दृश्यों को लखनऊ में ही फिल्माया गया है। फिल्म में दो किरदार हैं, जिसे नीलेश मिसरा और केतकी कुलकर्णी ने निभाया है। स्क्रीनप्ले, डायलॉग अनुलता राज नायर ने लिखे हैं। डीओपी अभिषेक वर्मा हैं।साफ-सुथरे कंटेंट को प्राथमिकताप्रेसवार्ता में नीलेश मिसरा ने कहा कि फिल्म में साफ-सुथरे और सार्थक कंटेंट को प्राथमिकता दी गई है। अनावश्यक हिंसा, अश्लीलता और गाली-गलौज से दूर रहकर एक ऐसी कहानी प्रस्तुत की गई है, जो हर वर्ग के दर्शकों के लिए उपयुक्त हो। फिल्म कूद को बदलती दर्शक आदतों के अनुरूप एक नए प्रयोग के तौर पर देखा जा रहा है जो आने वाले समय में कंटेंट प्रेजेंटेशन के नए आयाम खोल सकता है।





# छोटे समूहों के जरिए बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक दुगाकुंड स्थित श्री धर्मसंघ शिक्षा मंडल के सभागार में संपन्न हो गई। बैठक का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने किया, जबकि समापन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजय पाचपोर के संबोधन के साथ हुआ। इस दौरान भारत माता एवं संस्थापक स्व. लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने सहकारिता को समाज निर्माण का प्रभावी माध्यम बताते हुए छोटे समूहों के जरिए बड़े लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। वहीं दीपक चौरसिया ने सहकारिता की तुलना भगवान श्रीराम के आदर्शों से करते हुए समाज के हर वर्ग को इससे जुड़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महासचिव संजय पाचपोर ने पदाधिकारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में वर्ष में एक बार कार्यकारिणी बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। तकनीकी सत्रों में प्राकृतिक खेती के लिए भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एस के सिंह ने खेती में गौ से मिलने वाले गोबर व मूत्र के समुचित उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक गाय से प्रतिदिन मिलने वाले गोबर व मूत्र से भूमि को उर्वरक बनाया जा सकता है। सहकारी संस्थाओं के प्रबंधन और वित्त पोषण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा समूहवार बैठकों में संगठन विस्तार, दायित्व निर्धारण और कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

# प्रशिक्षण कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने गिनायीं सरकार की उपलब्धियां

**लखनऊ/प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को प्रयागराज के निजी होटल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत सिविल लाइंस मंडल कार्यशाला का उद्घाटन किया। प्रथम सत्र में उन्होंने सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने प्रदेश में सुदृढ़ हो रहे बुनियादी ढांचे, तेजी से विकसित हो रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, ग्रामीण सड़कों के व्यापक निर्माण, किसानों के हित में लागू योजनाओं, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयासों तथा गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है, जिससे निवेश का वातावरण मजबूत हुआ है और प्रदेश देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पित है। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस, प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, कार्यकताओं तथा स्थानीय जनों के साथ चाय पर चर्चा कर विभिन्न स्थानीय विषयों पर संवाद किया और जन समस्याओं को गंभीरता से सुना। उप मुख्यमंत्री दारागंज में आईटी मंडल संयोजक विपिन जायसवाल के आवास पर पहुंचे और उनके दिवंगत पिता के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने पार्षद विनय कुमार मिश्रा (सिंटू) के आवास पर जाकर उनके दिवंगत भाई को श्रद्धांजलि दी। इसी क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक स्व. प्रकाश भट्ट के आवास पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट की। इसके अतिरिक्त जिला सोशल मीडिया प्रमुख, महिला मोर्चा, कल्पना राजुल शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनकी दिवंगत माताजी को श्रद्धांजलि दी और परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।


# कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद-उन्नाव

E-mail:-nppmaurava@gmail.com

संख्या - 02/ न.पं. मौ./अ.क.नि.सू. /2026-27 दिनांक :- 02.04.2026

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मा/एजेन्सियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मौरावाँ में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत बुनियादी अनुदान व निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त की धनराशि से नीचे दर्ज विवरण के अनुसार करवाये जाने वाले कार्य हेतु निविदा दिनांक-24/04/2027 को अपरान्ह 1.00 बजे तक प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय उन्नाव के कार्यालय कक्ष में आमन्त्रित की जाती है। जो उक्त तिथि को अपरान्ह - 2.00 बजे प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय उन्नाव के समक्ष अधोहस्तारक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय स्वयं ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं, निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा करके दिनांक-23/04/2027 समय 10.00 बजे से सांय-5.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ 2% जमानत नकद/ एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ से प्राप्त की जा सकती है। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ से प्राप्त की जा सकती है ।

**15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत द्वितीय किश्त की बुनियादी अनुदान व निर्दिष्ट अनुदान से कराये जाने वाले कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | मद | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि 2% | निविदा शुल्क 0.2%+18% जी.एस.टी. | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15वां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान की द्वितीय किश्त | वार्ड नं.-05 लोकईया खेड़ा में (लक्ष्मीपुरम) में सिराज के मकान से बड़कऊनू के मकान से हिलौली रोड तक इंटर लाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 9,42,938.00 | 18,859.00 | 1886.00+340.00 =2226.00 | 3 माह |
| 2 | 15वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त | नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव के वार्ड नं.-1,2,3,4,5,6 में नाली व रोड क्रास के मरम्मत का कार्य। | 5,14,239.00 | 10,285.00 | 1028.00+185.00 =1213.00 | 3 माह |
| 3 | | नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव के वार्ड नं.-7,8,9,10,11,12 में नाली व रोड क्रास के मरम्मत का कार्य। | 5,09,397.00 | 10,188.00 | 1018.00+185.00 =1203.00 | 3 माह |

**शर्ते.** 1. निविदा में दर समस्त व्यय सहित दी जायेगी ।

2. स्वीकृत निविदादाता को सूचना उपरान्त निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करना होगा ।
3. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना होगा ।
4. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. व अन्य कटौतियों पश्चात भुगतान किया जायेगा ।
5. किसी एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि नकद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा ।
7. निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को जिलाधिकारी द्वारा जारी अगामी 31 मार्च, 2027 तक मान्य चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकन प्रमाण-पत्र /आयकर विभाग में पंजीयन प्रमाण-पत्र व जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य होगा। संलग्न न होने की दशा में निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी ।
8. नगर पंचायत मौरावाँ में पंजीकरण श्रेणी अनुसार किया जायेगा। अतिरिक्त सूचना कार्यालय से कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(संतोष चतुवेर्दी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव

(विवेक सेठ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव


# भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 98 कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कुल 98 शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। विश्वविद्यालय, जो कि ठअअउ मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश राज्य सरकार का प्रतिष्ठित संस्थान है, इस वर्ष भी बहुविषयक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्पर है। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल एवं कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय नवीन शिक्षा नीति आधारित पाठ्यक्रम, इंडियन नॉलेज सिस्टम से समृद्ध सिलेबस के साथ आधुनिक एवं प्रासंगिक शिक्षा प्रदान कर रहा है।

विश्वविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, समृद्ध पुस्तकालय, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, मीडिया लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, योग एवं वेलनेस सत्र, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। छात्र-छात्राओं के लिए पृथक छात्रावास, आधुनिक जिम, खेल सुविधाएँ, चिकित्सा सहायता, कैंपस में बैंक एवं 24७7 एटीएम, सक्रिय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल तथा छात्रवृत्ति सहायता प्रकोष्ठ जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, विधि एवं फामेर्सी संकायों के अंतर्गत कुल 98 कार्यक्रमों में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं। इन कार्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रमुख विषयों में अरबी, फारसी, हिंदी, अंग्रेजी, पत्रकारिता एवं जनसंचार, शिक्षा, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी आदि सम्मिलित हैं।

**प्रवेश प्रक्रिया :** इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट अथवा प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर +91 7007076127 या ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदेश में आंधी संग बारिश के आसार, 35 जिलों में अलर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में तेज हवाओं, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलेगी और कुछ स्थानों पर ओले पड़ सकते हैं। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम में बदलाव शनिवार तक मध्य और पूर्वांचल में भी दिखेगा। नए विक्षोभ के असर से शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के नोएडा, गाजियाबाद और सहारनपुर में तेज हवाओं, गरज-चमक और हल्की बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार तक इसका प्रभाव मध्यांचल और पूर्वांचल तक पहुंच जाएगा। प्रदेश के करीब 35 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। शुक्रवार को वाराणसी और सुल्तानपुर 38.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहे। बलिया में 38.5 डिग्री और बांदा में 38.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

# आईआईटी बीएचयू और शकुंतला विवि में समझौता

विशेष संवाददाता (vol)

- पुनर्वास विवि संग मिलकर आईआईटी बीएचयू दिव्यांगजनों के लिए तैयार करेगा ठोस अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की रूपरेखा
- आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सम्पन्न



**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बीएचयू) वाराणसी मिलकर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, फैकल्टी एवं छात्र आदान-प्रदान, इंटर्नशिप एवं अप्रेंटिसशिप अवसरों तथा नवाचार-आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।

यह सहयोग विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल विकास एवं तकनीकी सशक्तिकरण के नए अवसर सृजित करेगा। इसको लेकर दोनों संस्थानों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (टङ्गव) पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह और संस्थान के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने औपचारिक रूप से दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया।

एमओयू हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान समारोह के दौरान शकुंतला विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में दिव्यांग विद्यार्थियों के समक्ष अनेक प्रकार की शैक्षणिक और व्यावसायिक चुनौतियाँ हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विशेषीकृत एवं सुलभ तकनीकी समाधान विकसित करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह एमओयू केवल एक औपचारिक समझौता नहीं, बल्कि एक ऐसी पहल है जो समावेशी शिक्षा एवं तकनीकी सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगी। प्रो. संजय सिंह ने विशेष रूप से श्रवण बाधित, दृष्टिबाधित और अन्य प्रकार की दिव्यांगता से जुड़े विद्यार्थियों की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि इन विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शिक्षण सामग्री, सहायक उपकरण, संचार तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं कार्यस्थल के अनुरूप वातावरण विकसित करना बहुत जरूरी है, जिससे वे मुख्यधारा में प्रभावी रूप से सहभागिता कर सकें। आईआईटी-बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने अपने संकाय सदस्यों एवं शोधकताओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे इस सहयोग के अंतर्गत दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए ठोस अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करें। उन्होंने विशेष रूप से सहायक प्रौद्योगिकी स्मार्ट डिवाइस, सुलभ डिजिटल प्लेटफॉर्म, संचार सहायता प्रणाली, तथा कौशल विकास से जुड़े नवाचारों पर कार्य करने पर बल दिया। यह भी सुझाव दिया कि बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाते हुए इंजीनियरिंग, सामाजिक विज्ञान एवं पुनर्वास अध्ययन के बीच समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि विकसित तकनीकें अधिक व्यावहारिक एवं उपयोगी बन सकें। यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान सहयोग, नवाचार तथा विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उन्नत तकनीकी समाधान विकसित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। एमओयू हस्ताक्षर के दौरान आईआईटी-बीएचयू के डीन (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. श्याम कमल व अनेक वरिष्ठ संकाय सदस्य, पुनर्वास विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. विजय शंकर शर्मा उपस्थिति रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर- 9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# युवक पर चाकू से किया हमला, आरोपित फरार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में एक दर्दनाक घटना में 20 वर्षीय युवक पवन की चाकू मारकर घायल कर दिया। पिता विनोद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बेटे पर चंद्रमोहन उर्फ कल्लू ने चाकू से हमला किया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

विनोद के अनुसार, घटना 2 अप्रैल 2026 को रात करीब 10:30 बजे अमौसी बाजार में हुई। पवन चंद्रमोहन की दुकान पर सामान लेने गया था, जहां दुकानदार ने गाली-गलौज की और चाकू लेकर हमला कर दिया। गंभीर घायल पवन को अस्पताल ले जाया गया। पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। शिकायत के आधार पर सरोजनीनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी के रूप में उपनिरीक्षक/अवर निरीक्षक अभय प्रताप सिंह को नियुक्त किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से तकनीकी साक्ष्य इकट्ठा किए हैं और आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष, घर में घुसकर युवक को पीटा

- सरोजनीनगर के रहीमाबाद में पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के रहीमाबाद में रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते कई लोगों ने एकजुट होकर घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित सरविन्द्र पुत्र श्रीनारायण, निवासी रहीमाबाद के अनुसार गांव में रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी बीच 26 मार्च 2026 को शाम करीब 4 बजे जब वह अपने प्लॉट पर मौजूद था, तभी विपक्षी पक्ष के राकेश चंद्र, महेश प्रसाद, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, प्रवीन कुमार समेत अन्य लोग एकजुट होकर पहुंचे।

आरोप है कि सभी लोग पहले से ही लाठी-डंडे, रॉड व अन्य हथियारों से लैस थे। गाली-गलौज करते हुए उन्होंने पीड़ित के घर में घुसकर हमला कर दिया, जिससे उसे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जुट गई, जिसके बाद किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया गया। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। घायल का इलाज कराया गया है और उसके चोटों के फोटो भी पुलिस को सौंपे गए हैं। इस संबंध में पीड़ित ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चाकू से हमला कर तेजाब फेंका

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज में गाली-गलौज व मारपीट की शिकायत पुलिस चौकी में करने से नाराज दबंगों ने प्राइवेट नौकरी करने वाले रमजान अली और उसके दोस्त नासिर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों को डंडों से पीटा। यही नहीं उनपर चाकू से हमला कर तेजाब फेंक दिया। वारदात के बाद हमलावर अंजाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर है। पुलिस ने तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फैजुल्लागंज निवासी रमजान अली ने बताया कि गुरुवार देर रात वे ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में चांद, मुहर अली और मोहम्मद रजमान ने रोक लिया। तीनों शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर धमकाते हुए मारपीट करने लगे। किसी तरह रमजान वहां से बचकर भागा। पीड़ित फैजुल्लागंज चौकी पहुंचा और पुलिस से तीनों आरोपियों की शिकायत की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ित घर चला गया।

कुछ देर बाद चांद और उसके साथी घर पहुंचे। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध पर डंडों से बेरहमी से पीटा। चीखपुकार सुनकर साथी नासिर बचाव के लिए दौड़ा। रमजान अली ने बताया कि हमलावरों ने उन्हें और नासिर को चाकू मार दी। वार से दोनों दोस्त खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गए। इसके बाद आरोपियों ने उनपर तेजाब की बोतल उड़ेल दी। फिर भाग निकले। शोर सुनकर मोहल्लेवाले और परिजन पहुंचे। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस ने अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पीड़ित रमजान अली की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। उनका कहना है कि आरोपी तेजाब की बोतल लेकर पहुंचे थे, लेकिन फेंक नहीं पाए। रमजान अली और उसके साथी को चाकू मारा है।

**पुलिस करती कार्रवाई तो हमलावर न फेंकते तेजाब :** तेजाब हमले में घायल रमजान अली ने बताया कि उन्होंने रात में पुलिस चौकी पर जाकर हमलावरों के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें घर भेज दिया था। उनका कहना है कि अगर पुलिस उसी समय आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर देती तो हमलावर न तो चाकू मारते और न ही तेजाब फेंकते। पुलिस की लापरवाही के कारण उनका और दोस्त नासिर का यह हाल हुआ है।

## वकीलों की गाड़ियों के लिए आरएफआईडी पास जारी करने पर करें विचार

- अभी तक रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन पास सिर्फ अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गोमती नगर स्थित परिसर की सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के मामले में वकीलों की गाड़ियों के प्रवेश के लिए आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफ़िकेशन) पास जारी करने पर विचार करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने हाईकोर्ट प्रशासन को साइकिलों के पार्किंग के संबंध में भी व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता गिरधारी लाल यादव की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में हाईकोर्ट परिसर के बेसमेंट में स्थित पार्किंग में स्लॉट निर्धारण, एक से अधिक वाहन पास जारी होने की जांच तथा सीसीटीवी कैमरों के संचालन जैसे बिंदुओं को उठाया गया था। कहा गया कि हाईकोर्ट भवन में पहले से ही व्यापक पार्किंग सुविधा उपलब्ध है तथा प्रशासनिक समिति इस व्यवस्था को नियंत्रित करती है। सुनवाई के दौरान याची ने अतिरिक्त प्रार्थना पत्र देकर गेट नंबर 4 पर आरएफआईडी सिस्टम लागू करने का आग्रह किया। इस पर हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से बताया गया कि गेट नंबर 3 पर आरएफआईडी प्रणाली सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और इसे गेट नंबर 4 व 5 पर भी बिना अतिरिक्त लागत के लागू किया जा सकता है। यह भी अवगत कराया गया कि पासों के क्लोनिंग के प्रयास हो चुके हैं लिहाजा पासों की जालसाजी रोकने के लिए उक्त व्यवस्था बेहतर है।

न्यायालय ने भी माना कि यह तकनीक पासों की जालसाजी रोकने और सुरक्षा बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है, लिहाजा पीठ ने हाईकोर्ट प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक गेटों पर आरएफआईडी लागू करने पर शीघ्र निर्णय लिया जाए। सुनवायी के दौरान यह तथ्य भी न्यायालय के संज्ञान में आया कि कुछ अधिवक्ता व मुंशी साइकिल से आते हैं जिनके लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। न्यायालय ने प्रशासन से इस विषय पर भी निर्णय लेने की अपेक्षा की है।

## लखनऊ में आज से लगेगा पोल्ट्री एक्सपो -2026

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित गोमती रिवर फ्रंट, 1090 क्रासिंग पर 04 अप्रैल से 06 अप्रैल 2026 तक पोल्ट्री एक्सपो 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 04 अप्रैल को सुबह 11. बजे प्रशासनिक अधिकारी आदरणीय मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा किया जाएगा।

इस एक्सपो का आयोजन तेजस्वी पब्लिकेशन, हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े बी वी शिव शंकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में पोल्ट्री उद्योग से जुड़े किसानों, उद्यमियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाएगा, जहां उन्हें आधुनिक तकनीकों, उन्नत उपकरणों, प्रोसेसिंग, आहार उत्पादन और रोग नियंत्रण से संबंधित नई जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को सीधे संवाद और अपने सवालों के जवाब पाने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि पोल्ट्री उद्योग आज देश में प्रोटीन का एक प्रमुख स्रोत बन चुका है और कृषि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में ब्रायलर उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, लेकिन अंडा उत्पादन और उन्नत फार्मिंग तकनीकों के क्षेत्र में अभी भी काफी संभावनाएं मौजूद हैं। आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों को तकनीकों से जोड़ना, उत्पादन बढ़ाना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है।

**मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज :** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के गौरी बाजार से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। प्रार्थी देवेंद्र सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष -2008 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक- 1652913 है तथा इंटरमीडिएट वर्ष- 2011 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक- 1855803 है जो वास्तव में कहीं खो गया है। **सरिता यादव पुत्री बाबू लाल यादव निवासी - ग्राम व पोस्ट छापर, तहसील- लंभुआ, जिला सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सैबुनिशा (SAIBUNISHA) दर्ज है जबकि मेरे भारत निर्वाचन कार्ड में मेरा नाम खैरून निशा (KHAIRUN NISHA) दर्ज है। मैं नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम खैरून निशा (KHAIRUN NISHA) ही दर्ज किया जाये। **सैबुनिशा पत्नी इसरायल नि.- ग्राम बैजनाथपुर, पोस्ट मठिया नरईपुर, जिला कुशीनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका सही नाम ARAV RATNAKAR S/o RATNESH KUMAR RATNAKER अंकित है जबकि उसके जन्म प्रमाणपत्र में त्रुटिवश उसका नाम ANIRUDH RATNAKAR दर्ज हो गया है। विद्यालय अभिलेखों के अनुसार जन्म प्रमाणपत्र में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **रत्नेश कुमार रत्नाकर पुत्र राम जीवन नि.- मो. रम्पा टाकिज के पीछे तामसेन गंज जिला सीतापुर।**

# बिजनौर में मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट से हुई पहचान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**सरोजनीनगर।** बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक मजदूर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की जेब से सुसाइड नोट और एक मोबाइल नंबर मिलने के बाद उसकी पहचान हो सकी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी प्रकाश (23) के रूप में हुई है, जो बिजनौर कस्बे में अपने बड़े भाई आकाश के साथ किराए पर रहकर मजदूरी करता था। गुरुवार सुबह प्रकाश घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी देर तक कोई संपर्क न होने पर परिजनों को चिंता हुई। इसी बीच पुलिस को युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिली। मृतक के बड़े भाई आकाश ने पुलिस को बताया कि प्रकाश पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। परिजनों के अनुसार वह कम बोलता था और अक्सर अकेले रहने लगा था। पुलिस ने बताया कि मौके से मिले सुसाइड नोट के आधार पर परिजनों से संपर्क किया गया, जिससे उसकी पहचान की पुष्टि हो सकी।

**मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान :** गोसाईंगंज में मजदूर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह मजदूर का शव लटका हुआ मिला। मकान मालिक ने परिजन और डॉयल-112 पर जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी है। गोसाईंगंज के साहनटोला निवासी सुधीर निगम (45) मजदूरी करता था। बड़े भाई सुनील ने बताया कि सुधीर शराब पीने का लती था। वह घर के पास आलोक कुमार के मकान में किराए पर रहता था। होली के बाद से सुधीर घर नहीं आता था। शुक्रवार सुबह मकान मालिक आलोक कुमार ने खिड़की से झांककर देखा कि सुधीर गमछे से कुंडे के सहारे फंदे से लटक रहा था। मकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस और परिजन को दी। सूचना पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ई-रिक्शा चालक ने साथियों संग युवक को पीटा

**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्थित नादरगंज में ई-रिक्शा चालक ने शुक्रवार सुबह निजी कंपनी कर्मी के पैर पर पहिया चढ़ा दिया। दर्द से कराहते हुए पीड़ित ने विरोध किया तो चालक ने पांच-छह चालकों के साथ मिलकर उसे घेर लिया। उसके बाद हमलवारों ने बीच सड़क पर जमकर पीटा। राहगीर बचाने को दौड़े तो हमलावर फरार हो गए। पीड़ित सर्वेश ने सरोजनीनगर थाने में छह हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज करायी है।

गोमतीनगर निवासी सर्वेश शुक्ला नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे वे पैदल कंपनी जा रहे थे। नादरगंज पुलिस चौकी के पास ई-रिक्शा स्टैंड के निकट पीछे से आए एक ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। सर्वेश के विरोध किया तो चालक ने दो-तीन बार ई-रिक्शा चढ़ाने की कोशिश की। उसके बाद धमकाते हुए पैर पर ई-रिक्शा का पहिया चढ़ा दिया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर चालक ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उसे सड़क पर बेरहमी से पीटा। मारपीट में सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बंथरा में कार डंपर से भिड़ी, कार चालक घायल:** बंथरा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में कार्यरत सुनील उपाध्याय कार से विपरीत दिशा में कानपुर की ओर से लखनऊ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## सर्राफा कारोबारी से डकैती मामले में एक और गिरफ्तार

**लखनऊ।** मऊ जिले में सराफा कारोबारी से गन प्वाइंट पर डकैती के मामले में फरार एक और आरोपी को यूपी एसटीएफ ने हजरतगंज के चिड़ियाघर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस डकैतीकांड में पूर्व में नौ आरोपियों को जेल भेज चुकी है। डीएसपी एसटीएफ शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को मऊ के पिढ़बल में अपनी आभूषण की दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी जितेंद्र वर्मा से कोपागंज टड़ियाव इलाके में बाइकों पर सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर लूट लिया था। डीएसपी ने बताया कि आरोपी शुभम सिंह ने दोस्त विशाल के कहने पर उसके साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।इस घटना में पुलिस पूर्व में नौ आरोपियों मोनू यादव, विशाल कुमार, शिवम सोनकर, राहुल यादव, सुजीत यादव, राहुल चौहान, अमरेश चौहान, अश्वनी यादव उर्फ मोहन और अंजनी यादव उर्फ रूचि को जेल भेज चुकी है।

## बैग चोरी मामले में पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हुई बैग चोरी की घटना में अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चोरों की पूरी करतूत घटनास्थल के निकट लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर, रुचि खंड प्रथम निवासी आकाश त्रिपाठी ने बताया कि बीते 26 मार्च की रात करीब 10 बजे वह किला चौराहे पर स्थित पांडेय पान की दुकान पर अपनी बाइक से पहुंचे थे। दुकान पर जाने से पहले उन्होंने अपना बैग बाइक के ऊपर रख दिया। कुछ देर बाद जब वह वापस अपनी गाड़ी के पास लौटे तो देखा कि बाइक पर रखा बैग गायब था। बैग में बाइक के सभी जरूरी दस्तावेज, एक डीएसएलआर कैमरा, वायरलेस माइक, तीन हजार रुपए नकद तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे।

# भंडारे पर गैस संकट की मार

- भोजन नहीं- सिलेंडर दान करने की गुहार
- कॉमर्शियल सिलेंडर गायब, लकड़ी की भट्ठी पर बन रहा प्रसाद

**लखनऊ।** गैस संकट अब धार्मिक आस्था पर भी भारी पड़ने लगा है। नवरात्र के बाद होने वाले भंडारों में इस बार भोजन सामग्री नहीं, बल्कि गैस सिलिंडर की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ रही है। हालत यह है कि आयोजक श्रद्धालुओं से आटा-चावल नहीं, बल्कि सिलिंडर दान में देने की अपील कर रहे हैं। कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की किल्लत और घरेलू सिलिंडर की सीमित आपूर्ति के कारण भंडारे की तैयारी ठप पड़ती दिख रही है। बंथरा और आसपास के क्षेत्रों में हर साल बड़े पैमाने पर भंडारे होते हैं, जहां हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। एक आयोजन में चार से पांच सिलिंडर की जरूरत होती है, लेकिन इस बार एक भी सिलिंडर जुटाना चुनौती बन गया है।

आयोजकों के सामने सबसे बड़ी समस्या भोजन तैयार करने की है। पांच से दस क्विंटल आटे की पूड़ियां, कई भगोनों में सब्जी, चना और हलवा बनाना बिना गैस के संभव नहीं है। मजबूरी में कई जगह लकड़ी की भट्ठी पर प्रसाद बनाया जा रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों बढ़ रहे हैं। आयोजक प्रदीप यादव के मुताबिक, श्रीमद् भागवत कथा के दौरान सिलिंडर की भारी कमी है। श्रद्धालुओं से गैस सिलिंडर दान की अपील की गई, लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका है। भंडारा करना इस बार सबसे बड़ी चुनौती बन गया हैः आयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भंडारा आयोजित किया जा रहा है, लेकिन गैस सिलिंडर न मिलने से व्यवस्था बिगड़ गई। श्रद्धालु आटा, चावल, दाल और अन्य सामग्री दे रहे हैं, लेकिन गैस न होने से भोजन बनाना मुश्किल हो गया है।

# कारखाना व अपार्टमेंट में लगी आग से लाखों की क्षति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चौक थाना क्षेत्र में पुरानी सब्जी मंडी परिसर स्थित स्कूली बच्चों की मेज व साइकिल बनाने वाले कारकाने में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे आग लग गयी। आग इतनी तेजी से फैली कि क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। आसपास के लोग भी अपनी सम्पत्ति को बचाने के लिए परेशान होने लगे। इसी बीच फायर स्टेशन चौक से तीन दमकल मौके पर पहुंची और करीब घंटाभर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने तक सारा सामान जलकर काक हो गया।

फायर अफसर पुष्पेन्द्र यादव के अनुसार सूचना मिली थी कि पुरानी सब्जी मंडी सुभाष बिल्डिंग के पीछे आग लगी हुई है। यह सूचना पाते ही फायर स्टेशन से आग की गंभीरता को देखते हुए तीन दमकल रवाना हुईं और मौके पर जाकर हालत गंभीर बनी थी। घटना स्थल पर आग की गम्भीरता को देखते हुए तीन तरफ से घेर कर आग को बुझाना शुरु किया गया और 45 मिनट की कड़ी मेहनत के साथ आग को बिना किसी जनहानि के बुझा दिया गया। बताया गया कि कारखाना जिसमें आग लगी थी वह जुल्फिकार पुत्र स्व. गुलजार का था, जहां स्कूली बच्चों की मेज व साइकिल बनाने का वर्क शॉप था। आग लगने का संभावित कारण लोगों ने शार्ट सर्किट बताया है।

उधर, हजरतगंज कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि 18- मदन मोहन मालवीय मार्ग पीसी जैन के आवासीय भवन के द्वितीय व तृतीय तल पर आग लग गई है इस सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर स्टेशन हजरतगंज से अग्निशमन अधिकारी रामकुमार रावत हाइड्रोलिक प्लेटफार्म व 02 फायर टेंडर के साथ तत्काल घटनास्थल को रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंच कर देखा कि आग द्वितीय व तृतीय तल के जीने पर रखे कूड़ा कबाड़ में लगी थी, जिसको फायर सर्विस कर्मियों द्वारा कठिन परिश्रम से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

## यातायात आरक्षी से युवक ने की गाली-गलौज

**लखनऊ।** हनुमान सेतु मंदिर के सामने ग्रीन कॉरिडोर पर ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षी से कार सवार युवक ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर गाड़ी से उतरकर मारने के लिए दौड़े। खींचातानी में वर्दी फट गयी। महानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 2 अप्रैल यातायात सिपाही गुलाब चंद की ड्यूटी रेसर 12 हेड कांस्टेबल अमरेश कुमार के साथ हनुमान सेतु से डालीगंज पुल पर ग्रीन कॉरिडोर पर लगायी गयी थी। रात करीब 10:30 बजे ट्रैफिक इंस्पेक्टर महानगर प्रमेश पाठक ने उसे बताया कि पुल के ऊपर गाड़ियां पार्क हो रही है, उन्हें वहां से झूलेलाल पार्क में लगवाया जाए। इसपर वह पुल पर पार्क गाडी को हटवा रहा था। इसी दौरान खाटू श्याम मंदिर की ओर से एक कार (यूपी 32 पीपी 4870) सवार सुशांत वर्मा निवासी वसंत विहार कॉलोनी निवाजगंज ठाकुरगंज शराब के नशे में फरार्टा भरते हुए आया। कार से उतरकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर मारने के लिए दौड़ा। आरोपी ने वर्दी फाड़ दी। सूचना मिलते ही टीआई प्रमेश पाठक वहां पहुंचे तो आरोपी सुशांत फिर गाली-गलौज करने लगा। टीआई ने आरोपी को पकड़कर महानगर पुलिस को सौंप दिया।

## जीजा पर लगाया जलाकर मारने का आरोप

**लखनऊ।** बाजारखाला निवासी महिला ने जीजा पर छेड़खानी और विरोध करने पर जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कुछ और रिश्तेदारों पर भी उसे पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने 09 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार 30 मार्च को वह घर में अकेले थी। पति ड्यूटी पर गए हुए थे। इसी बात का फायदा उठाकर जीजा घर आ गए। वह छेड़खानी और जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर पहले बुरी तरह से पीटा, फिर, पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने की कोशिश की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत छबैला, विकास खण्ड- सरदारनगर, गोरखपुर**

पत्रांक : मेमो/मेमो/2026-27

**निविदा आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड सरदारनगर के ग्राम पंचायत छबैला में वित्तीय वर्ष 2026-27 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM), जी राम जी योजना/पंचम/छठा राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण/ अन्नपूर्णा भवन/सीएससी/विद्यालय, सोख्ता निर्माण, सामुदायिक खाद गड्ढा व ग्रा.प. द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कराए जाने वाले समस्त कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, सादा बालू, पॉलीथिन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पीवीसी पाइप, सीमेंटे बेंच, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचलय सेट, आर.ओ. प्लान्ट, फॉल्स सीलिंग, कुर्सी, मेज, कंप्यूटर, सीसी टीवी, वाई फाई, जल आपूर्ति आदि से संबंधित सामग्री, ई रिक्शा सप्लाई, कैरेज मिट्टी, लकड़ी का दरवाजा, खिड़की, लोहे का दरवाजा, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15-04-2026 तक अपराहन 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत छबैला के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। उक्त निविदा दिनांक 16-04-2026 को अपराह्न 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रु 5000 (पाँच हजार) रुपये होगी।

नियम एवं शर्तें:- 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7- सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा होगा। 10- ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी/डाकघर बचते पत्र के रूप में ग्राम पंचायत छबैला के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत छबैला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 16- ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं। 17- बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टर लाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा, हाई मास्क, लाइट, आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, सीमेंटेड बेंच, हाइड्रोलिक वैन इत्यादि में कोई भी इच्छुक व्यक्ति/फर्म निविदा डाल सकते हैं। 18- निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से जारी प्रपत्र पर ही दिया जायेगा। जिसका मूल्य 500 रुपए प्रति फार्म होगा।

आशा देवी (ग्राम प्रधान) | अरविन्द कुमार (ग्राम पंचायत सचिव)

# दोस्त की पत्नी पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

- एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर के सुसाइड का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुडम्बा क्षेत्र में एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर सुसाइड मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजनों ने दोस्त की पत्नी पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। खुर्रम नगर निवासी अदिया खातून के नाम पर लोन लेकर जैद ने 47 लाख की मर्सिडीज कार खरीदी थी, जिसकी ईएमआई मैनेजर जैद भर रहे थे।

विदित हो कि 25 अक्टूबर 2025 को महिला ने गुडंबा थाने में खुद के नाम पर गलत तरीके से लोन लिए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। इसके बाद महिला ने बिना बताए 24.50 लाख की मर्सिडीज बेच दी। उसने 9.50 लाख रुपए ही जैद को दिए। आरोप है कि महिला जैद से पांच लाख रुपए वापस भी मांग रही थी। इसे लेकर वह परेशान था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गोरखपुर निवासी काजी अहमद जैद (40) लखनऊ में आदिल नगर कल्याणपुर गुडंबा में परिवार के साथ रहते थे। अलीगंज स्थित एक्सिस बैंक में डिप्टी मैनेजर के पद पर तैनात थे। 30 मार्च को सुबह 9 बजे घर की पहले मंजिल पर बने स्टोर रूम में 32 बोर की अवैध पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी। गोली उनके बाएं कनपटी से घुसकर दाईं ओर निकल गई थी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घर में उनकी पत्नी थी, लेकिन उन्हें गोली चलने की आवाज नहीं सुनाई दी थी, हालांकि उनके परिजनों को भी शक है कि वो राइट हैंडी थे, फिर गोली उनके बाएं कनपटी पर कैसे लगी।

एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह ने बताया कि एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर काजी अहमद जैद के परिवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसी दौरान परिवार ने दोस्त की पत्नी के खिलाफ तहरीर दी। परिवार का आरोप है कि जैद ने दोस्त के साथ मिलकर एक मर्सिडीज गाड़ी ली थी। जो जैद के दोस्त की पत्नी के नाम पर थी। कुछ समय पहले दोस्त की मौत हो गई। इसके बाद उसकी पत्नी ने बिना अनुमति गाड़ी बेच दी, जिसमें जैद का आधा हिस्सा था लेकिन उसे नहीं दिया। इसके चलते परेशान रहने लगे थे। इसके अलावा भी कई अन्य आरोप लगाए हैं, जिसकी जांच हो रही है।

पुलिस के अनुसार काजी अहमद जैद की गाड़ियों की तलाशी के दौरान एक कार से 6 मोबाइल मिले थे। शुरूआती जांच में कुछ मोबाइल में शेयर ट्रेडिंग से जुड़ी गतिविधियां सामने आई हैं। सभी मोबाइल नंबरों, कॉल डिटेल, मैसेज और व्हाट्सऐप चैट खंगाले जा रहे हैं। बैंक से जानकारी भी जुटाई जा रही है। उनके ट्रांजेक्शन से काफी कुछ पता चलने की उम्मीद है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना से पहले जैद की आखिरी बार किससे बात हुई थी। इन सब जानकारियों के मिलने से आत्महत्या के कारणों का पता लग सकता है।

**पहले लगा था फजीवाड़े का आरोप:** पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ समय पहले जैद पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक ग्राहक के नाम पर कार लोन लेने का आरोप लगा था। इस मामले में गुडंबा थाने में शिकायत भी हुई थी, लेकिन बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। बैंक ट्रांजेक्शन से वजह तलाशने में जुटी पुलिसः पुलिस के अनुसार मोबाइल के साथ ही जैद के बैंक स्टेटमेंट और ट्रांजेक्शन की भी जांच की जाएगी। आशंका है कि शेयर ट्रेडिंग में नुकसान के चलते वह कर्ज में तो नहीं डूबे थे। यह भी खंगाला जा रहा है कि उनके कितने बैंकों में खाते थे और लेनदेन का पैटर्न क्या था। अकाउंट में कहां से रुपए का लेनदेन हो रहा था।

## तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में गत 30 मार्च को पीरनगर गांव निवासी शिवा शर्मा को दबंगों ने बकाया देने के बहाने बुलाकर अपने आधा दर्जन साथियों के साथ स्कॉर्पियो से अगवा कर लिया था।जिसे बाग में ले जाकर पटाई की थी। उसके बाद किसी महिला के साथ निर्वस्त्र अवस्था में दोनों का अश्लील वीडियो बनाया। साथ ही शिवा के हाथ में असलहा थमा कर वीडियो बनाया और सभी आरोपितो ने असलहों के वटो से पीटा भी था। शिवा शर्मा की तहरीर पर पुलिस नें शेरा पुत्र दयाराम, सनी उर्फ सत्या सिंह, करन सिंह और अनुभव तिवारी माल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.04.2026 समय 10:.30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.04.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-RDL-MX-90-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.04.2026 समय 10:.30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.04.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1120/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





गुड फ्राइडे पर जुलूस निकालते ईसाई समुदाय के लोग | क्रूस जुलूस में शामिल हुए हजारों लोग | गुड फ्राइडे पर गीत गाती युवतियां | फोटो-अमित वर्मा

# गुड फ्राइडे : जो क्रूस पे कुर्बान है वो मेरा मसीहा है... से गूंजे शहर के चर्च

## गिरजाघरों में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गुड फ्राइडे, चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं, गाये गये प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हुए गीत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुड फ्राईडे के मौके पर शुक्रवार को कैथेड्रल चर्च परिसर में सलीब का जुलूस निकाला गया। जुलूस में मौजूद भक्त जुबां पर प्रभु यीशु के अंतिम सात वचन और कंधो पर सलीब उठाये चर्च की परिक्रमा करते रहे। शहर के अन्य गिरजाघरों में भी ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु के विश्व शांति, एकता और भाईचारे के संदेश को याद करते हुए प्रार्थना की।

हजरतगंज स्थित कैथेड्रल चर्च में सुबह बिशप की अगुवाई में प्रार्थना सभा हुई। इस दौरान ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु द्वारा सलीब से कहे सात वचनों को याद किया। बिशप ने हे पिता इन्हें क्षमा कर, आज ही तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा, हे नारी देख ये तेरा पुत्र है, एली एली, मै प्यासा हूं, पूरा हुआ हे पिता मैं अपनी आत्मा को, जैसे सात वचन दोहराये। शाम को चर्च परिसर में सलीब का जुलूस निकाला गया। भक्तों ने कंधों पर सलीब उठाकर प्रभु की यातनाओं और पीड़ा का मनन किया। जुलूस के दौरान भक्तों ने क्रूस चढ़ के प्राण गंवायाए जैसे आराधना गीत गाये। फादर डोनाल्ड डिसूजा ने बताया कि इस दिन को शुभ शुक्रवार इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस दिन ही प्रभु यीशु ने समस्त मानव जाति को उनके पापों से बचाने के लिए अपने प्राण त्याग दिये थे। प्रभु यीशु के कहे गये सात वचनों का सार है कि अपने शत्रुओं को क्षमा करो और अपने आप को परमेश्वर की योजना पूर्ण करने के लिए समर्पित करो। अन्य गीत जैसे जो क्रूस पे जाती है वो मेरी राह है..., जो क्रूस पे कुर्बान है वो मेरा मसीहा है... की अगुवाई रोहित, स्नेहा, प्रिया, जया ने की। उपेंद्र ने शुरूआती प्रार्थना की। अंजलि, अर्पण और शशांक ने विशेष गीत प्रस्तुत किया।

### प्रभु यीशु के अंतिम सात वचनों का गिरिजाघरों में हुआ पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को प्रभु यीशु के अंतिम सात वचनों का गिरिजाघरों में पाठ का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने हे पिता इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं, मैं तुझ से सच कहता हूँ कि आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा, हे नारी देख ये तेरा पुत्र है, हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया, मैं प्यासा हूं, पूरा हुआ। हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं जैसी पंक्तियों से प्रभु यीशु की प्रार्थना की।

**चर्च में पहुंचे श्रद्धालुः** शुक्रवार को राजधानी के गिरजाघरों में गुड फ्राइडे को लेकर प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। यहां ईसाई धर्म के सैकड़ों लोगों ने चर्च में आकर प्रार्थना की। इस दिन वे ऑफ द क्रॉस सबसे महत्वपूर्ण समारोह होता है। इसके तहत ईसा मसीह की माउंट कैल्वरी तक 14 पड़ावों से गुजरने वाली यात्रा का मंचन किया जाता है। श्रद्धालु स्तुति गान करते हुए हर एक पड़ाव पर जाते हैं। इस दिन लोगों के पापों को माफ करने के लिए जीसस ने सूली पर चढ़कर बलिदान दे दिया था। आज के दिन हम सभी ईसाई लोग शोक मनाते हैं। प्रार्थना में आई आइवरी जॉन बताती हैं कि 40 दिनों तक ईसाई लोग अपनी पसंद की चीजें जैसे शराब और मांसाहारी भोजन त्याग देते हैं। शाम की प्रार्थना में शरीक होने के बाद ही अपना व्रत खोलते हैं।

**व्रत रखकर श्रद्धालुओं ने जीसस को किया यादः** राजधानी में ईसाई समुदाय के लोगों ने व्रत रखकर और प्रार्थना कर गुड फ्राइडे मनाया। मान्यता है कि ईसा मसीह जीसस क्राइस्ट को आज ही के दिन सूली पर चढ़ाया गया था। सुबह से ही कैथोलिक चर्चों में लोगों ने आना शुरू कर दिया। उन्होंने व्रत रखते हुए गिरजाघरों में प्रार्थना की। कुछ लोग परंपराओं के मुताबिक गुड फ्राइडे के 40 दिन पहले से ही व्रत रखना शुरू कर देते हैं। क्राइस्ट चर्च के बिशप ऑफ लखनऊ ने कहा, यह दिन जीसस की मृत्यु के रूप में मनाते हैं। हम चर्च के भीतर और उसके आसपास इस प्रकरण का नाटक के माध्यम से दोबारा से मंचन करते हैं। इसके बाद ही लोग अपना व्रत खोलते हैं। शुक्रवार को राजधानी के गिरजाघरों में गुड फ्राइडे को लेकर प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। यहां ईसाई धर्म के सैकड़ों लोगों ने चर्च में आकर प्रार्थना की।

**मानवता का दिया संदेशः** प्रभु यीशु के बलिदान दिवस गुड फ्राइडे पर राजधानी के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा हुई। प्रभु यीशु के अनुयायियों ने यीशु द्वारा मानव कल्याण के हित में भोगे गए दुख को याद किया। गुड फ्राइडे पर प्रमुख आयोजन सेंट जोसेफ कैथेड्रल चर्च में हुआ। परंपरागत पूजन और प्रभु यीशु के सातों वचन स्मरण के बाद 14 चरणों में प्रभु यीशु मसीह को क्रूस तक ले जाने के प्रसंग को प्रस्तुत किया। अनुयायियों ने पवित्र क्रास को लेकर उन चरणों को जुलूस के रूप में पैदल चलकर याद किया। जुलूस का नेतृत्व बिशप जेराल्ड जॉन मथायस ने किया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने मानव जाति के कल्याण के लिए अपना बलिदान दिया। मानवता के लिए जीवन देने वाले प्रभु यीशु सूली पर चढ़े थे। प्रभु यीशु ने प्रेम और स्नेह का सन्देश दिया उनको अपने जीवन में अपनाकर हम अपना और समाज का उद्धार कर सकते हैं।

**कल जी उठेंगे प्रभु यीशुः** गुड फ्राइडे पर सलीब पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन यानी रविवार को प्रभु यीशु फिर जी उठे थे। जिसे ईस्टर संडे के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर ईसाई समाज के लोग विशाल ईस्टर जुलूस निकालेंगे। जुलूस सेन्ट्रल मेथोडिस्ट चर्च कैसरबाग चौराहे से शुरू होकर नूर मंजिल से नॉवेल्टी सिनेमा रोड, हजरतगंज से होते हुए कैथेड्रल चर्च परिसर पहुंच कर समाप्त होगा। जुलूस के दौरान अनुयायी परम्परागत प्रभु यीशु को समर्पित गीत गाएंगे।

**एबीसी चर्च अलीगंज में हुई विशेष आराधनाः** एसेम्बली ऑफ बिलीवर्स चर्च अलीगंज में प्रभु यीशु की विशेष आराधना हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु यीशु को समर्पित गीतों के साथ हुई। चर्च परिसर में बच्चों ने प्रभु यीशु के सलीब तक पहुंचने के 14 चरणों को नृत्य नाटिका के जरिए दशार्या। चर्च के पादरी मौरिस कुमासर ने प्रभु यीशु के सातों वचनों का अनुयायियों को स्मरण कराया।

### दया का घर में गुड फ्राइडे पर दिया प्रेम शांति का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के पिंक सिटी, बुद्धेश्वर स्थित 'दया का घर' में शुक्रवार को प्रभु यीशु मसीह के बलिदान दिवस (गुड फ्राइडे) के पावन अवसर पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेतसैदा फैलोशिप ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मसीही समाज सहित विभिन्न वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस विशेष अवसर पर चर्च में क्रूस से कहे गए यीशु मसीह के सात वचनों (वाणियों) का पाठ किया गया। डॉ. हरबर्ट एबल जी और अन्य वरिष्ठ पासवानों ने क्रूस की इन वाणियों पर प्रकाश डालते हुए समाज को शांति, प्रेम और क्षमा का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए चर्च के फाउंडर आर्च बिशप डॉ. आर.सी. शेत ने कहा, प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानव जाति के कल्याण, पापों से मुक्ति और दुनिया में शांति की स्थापना के लिए स्वयं को क्रूस पर बलिदान कर दिया। ईश्वर ने प्रेम और उद्धार का संदेश देने के लिए मनुष्य के रूप में जन्म लिया और दीन-दुखियों, वंचितों की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज हम गुड फ्राइडे को उद्धार के उत्सव के रूप में मना रहे हैं।

इस दौरान बच्चों ने प्रभु यीशु के बलिदान और उनके संदेशों को दशार्ते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरीले गीत और सुंदर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने सभी का मन मोह लिया।

**स्वास्थ्य शिविर का आयोजनः** 'दया का घर' द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज एक विशाल निःशुल्क मेडिकल परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। ग्लैक्सी हॉस्पिटल के प्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों की शुगर, बीपी, थायराइड, ब्लड टेस्ट और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती जैसमिन जे. एबल, पास्टर रॉबिंसन, पास्टर अजय कुमार, पास्टर विनोद, पास्टर रामचंद्र, पास्टर राजेश, बिशप मयंक डेविड, राम आसरे, पप्पू भाई सहित लगभग 50 सेवादारों और गणमान्य लोगों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

## श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति 'सुहासिनी' के तत्वावधान में शुक्रवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ राजाबाजार स्थित 'गीता भवन' में हुआ। कथा की शुरूआत से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा का प्रारंभ रस्तोगी टोला, राजाबाजार स्थित प्राचीन बिहारी जी मंदिर से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल 'गीता भवन' पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीत वस्त्र धारण किए हुए महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थीं। भांगड़ा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकती महिलाएं और हवा में गूंजते प्रभु के जयकारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रागिनी रस्तोगी ने बताया कि यह दिव्य कथा आज से शुरू होकर आगामी 9 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी। कथा का रसपान कराने के लिए लखनऊ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा जी पधारे हैं, जो अपने मुखारविंद से भक्तों को भागवत मर्म समझाएंगे। कलश यात्रा के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कथा में प्रथम दिन भागवत के महत्व की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक क्षमा रस्तोगी, कलश यात्रा में हरजीवन रस्तोगी, संजीव रस्तोगी दुगावा, लोकेश रस्तोगी, सुमित रस्तोगी, प्रमोद मुदित मौजूद रहे।

## लखनऊ की पूजा गर्ग बनीं फिक्की फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन गर्व के साथ घोषणा करता है कि लखनऊ की पूजा गर्ग ने 2026-27 के लिए फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। आज जोपलिंग रोड स्थित होटल फार्च्यून में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि उनके एक वर्षीय कार्यकाल में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। जिसके लिए वे एक सक्षम वातावरण तैयार करेंगी। जो उद्यमिता, उद्योग में भागीदारी और महिलाओं के आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। उनके नेतृत्व में, भारत की औद्योगिक और आर्थिक विकास गाथा में महिलाओं के बड़े योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहल करेगा। नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा, जब मैं पूरे भारत की इस असाधारण महिला समूह का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी ले रही हूं, तो मेरा दृष्टिकोण स्पष्ट और गहराई से प्रतिबद्ध हैः भीतर को मजबूत करना और इसके प्रभाव को व्यापक स्तर पर बढ़ाना। उन्होंने कहा, केवल एक नेटवर्क नहीं है; यह नेतृत्व, उद्यमिता, सहयोग और सार्थक प्रभाव पर आधारित एक सशक्त संस्था है। यह भारत के आर्थिक और सामाजिक भविष्य को आकार देने वाली महिलाओं की सामूहिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। मेरी प्रतिबद्धता है कि विभिन्न क्षेत्रों, क्षेत्रों और पीढ़ियों की महिलाओं के लिए सबसे विश्वसनीय और प्रभावशाली मंच बने। पूजा गर्ग ने कहा, हमारी पहल स्थिरता, नवाचार, उद्यमिता, कौशल विकास और नेतृत्व पर आधारित रहेंगी, जिन्हें दीर्घकालिक और मापनीय परिवर्तन की दृष्टि से निर्देशित किया जाएगा। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, महिलाएं इस यात्रा का केंद्रीय हिस्सा होंगी। एफएलओ को केवल इन चचाओं में भाग नहीं लेना चाहिए; हमें इन्हें आकार देने में भी भूमिका निभानी चाहिए। फ्लो लखनऊ चैप्टर ने अपनी कार्यकारी समिति की भी घोषणा की, जिसका नेतृत्व नई चेयरपर्सन सिमरन साहनी कर रही हैं।

## कलाकार मिलन समारोह में गूंजी गजलें और गीत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विश्व हिंदी रंगमंच दिवस पर कलाकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से 33वां कलाकार मिलन समारोह राय उमनाथ बली प्रेक्षागृह में मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख कलाकारों, साहित्यकारों और कला प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा सभागार खचाखच भरा नजर आया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गायक मिथिलेश लखनवी ने अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं का दिल जीत लिया, वहीं प्रदीप अली की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में जोश भर दिया। गायिका स्तुति अवस्थी ने अपनी भावपूर्ण गायिकी से माहौल को संगीतमय बना दिया, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इस अवसर पर संस्था के सचिव विनोद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि कला और संस्कृति समाज की आत्मा होती है और इन्हीं के माध्यम से हमारी परंपराएं और संस्कार आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है, ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि कलाकार समाज का दर्पण होता है, जो अपनी कला के माध्यम से समाज की सच्चाई को प्रस्तुत करता है। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष संगम बहुगुणा, उपाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव और राजेश जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति कार्यक्रम में रही। इस मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी मुकेश वर्मा, ज्ञानेश्वर मिश्रा ज्ञानी, अशोक सिन्हा, शैलेश श्रीवास्तव, अजय द्विवेदी, योगेंद्र जोशी, नवल शुक्ला और प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक एंग्री ओल्ड मैन की जबरदस्त कहानी है 'सूबेदार'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- कलाकार- अनिल कपूर, राधिका मदान, आदित्य रावल, सौरभ शुक्ला, फैसल मलिक, मोना सिंह
- निर्देशन- सुरेश त्रिवेणी

**रेटिंग-3.5/5**

**लखनऊ।** अस्सी-नब्बे के दशक में बॉलीवुड में अन्याय और भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने, गरीबों के हक में लड़ने वाले और एक ही समय में दस-बीस गुंडों को ढेर करने वाले हीरोज का बोलबाला था। एंग्री यंग मैन वाला नायक मेनस्ट्रीम सिनेमा में खूब पॉपुलर हुआ और उसका दौर काफी लंबा भी चला। निर्देशक सुरेश त्रिवेणी की 'सूबेदार' उसी तेवर की फिल्म है। बस फर्क सिर्फ इतना है कि यहां 'सूबेदार' के रूप में एक एंग्री ओल्ड मैन है और मानना पड़ेगा कि अनिल कपूर जैसे काबिल अभिनेता ने अपने स्टाइल, स्वैग, आक्रोश और हीरोइज्म से इसे यादगार बनाया है।

कहानी रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वर्षों की सेवा के बाद अपनी बिखरी जिंदगी समेटने के लिए मध्य प्रदेश के एक अंदरूनी कस्बे में अपने घर लौटता है। उसकी कॉलेज जाने वाली बेटी श्यामा (राधिका मदान) अभी तक अपनी मां (खुशबू) की एक्सीडेंट में हुई मौत के सदमे से उबर नहीं पाई है। अर्जुन का दोस्त प्रभाकर (सौरभ शुक्ला), जो एक सुरक्षा एजेंसी चलाता है, उसे बॉडीगार्ड की नौकरी दिलाने के लिए इलाके के दबंग सॉफ्टी (फैसल मलिक) और प्रिंस भैया (आदित्य रावल) के पास ले जाता है। ये दोनों स्थानीय रेत माफिया से जुड़े हैं और पूरे इलाके में इनका आतंक है। इस नेटवर्क की असली सरगना बबली दीदी (मोना सिंह) है, जो दो हत्याओं के मामले में जेल में बंद होने के बावजूद वहीं से पूरे अवैध कारोबार को नियंत्रित कर रही है।

अर्जुन जल्द ही समझ जाता है कि इलाके में फैली अराजकता और सिस्टम की बदहाली के पीछे इस माफिया का भी बहुत बड़ा हाथ है। आम लोग इनके आतंक के साये में जीने को मजबूर हैं। उधर श्यामा भी अपने कॉलेज में गुंडागर्दी का सामना कर रही है। कहानी तब निर्णायक मोड़ लेती है, जब बिगड़ैल प्रिंस मस्ती में अर्जुन की जिप्सी कार को नुकसान पहुंचाता है और उस पर मूत्र कर देता है। यह वही जिप्सी है, जो उसकी पत्नी ने अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई से खरीदी थी। यह अपमान अर्जुन को भीतर तक झकझोर देता है और वह रेत माफिया के इन दरिंदो के खिलाफ खुली जंग छेड़ देता है।

निर्देशक सुरेश त्रिवेणी ने अपनी फिल्म में उन तमाम मसालों का इस्तेमाल किया है, जिसके लिए मेनस्ट्रीम सिनेमा जाना जाता है, पर दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने इसे एक नए अंदाज में पेश किया है। हालांकि, समस्या वन लाइनर कहानी की है, जिसे ढाई घंटे की फिल्म का रूप दे दिया गया है। फिल्म का नायक अपने लिए लड़ता है, मगर वह लोकनायक के रूप में उतनी मजबूती से उभर कर सामने नहीं आ पाता। हालांकि, पिता-पुत्री के बीच के रिश्ते को निर्देशक ने काफी बारीकी से दशार्या है। फिल्म का फर्स्ट हाफ तेज-तर्रार है, मगर सेकंड हाफ में कहानी बिखर जाती है, जब श्यामा का ट्रैक मेन ट्रैक से जुड़ जाता है। दो गुटों के बीच की भयानक शह और मात पूरी फिल्म में टेंशन को बनाए रखने में कामयाब रहती है। निर्देशक ने छोटे कस्बे की धूल-धक्कड़ और बेतरतीबी को विश्वसनीय अंदाज में फिल्माया है। तकनीकी दृष्टि से फिल्म बहुत ही स्टाइलिश है।

सिनेमेटोग्राफर अजय सक्सेना के टॉप एंगल से लिए हुए शॉट कमाल के हैं। 'लल्ला' और 'बलम सूबेदार' जैसे गाने फिल्म के कोर को बनाए रखते हैं। बैकग्राउंड स्कोर तनाव को कम नहीं होने देता। फिल्म के मिजाज के हिसाब से क्लाइमैक्स थोड़ा और ड्रैमेटिक हो सकता था। अंत में फिल्म सीक्वल का इशारा भी करती नजर आती है।

संक्षेप

## बेटी को बहला कर भगा ले जाने का आरोप

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 30 मार्च को युवती घर पर अकेली थी। परिजन किसी काम से बाहर गये थे। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही एक युवक अपने सहयोगी की मदद से युवती को बहला कर कही भगा ले गया। परिजनों ने संभावित जगह खोज बीन की। जब युवती का कहीं पता न चला तो युवती के पिता ने पवन कुमार और उसके एक सहयोगी पर बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी। थाने में दी गयी तहरीर में पिता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक युवक और सहयोगी ने मेरी बेटी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। युवती तीस हजार की नगदी और कुछ जेवर साथ ले गयी है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पवन कुमार पुत्र हरिलाल व राम बाबू पुत्र सुखलाल निवासी गढ़ा थाना नसीराबाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक नयन सिंह को सौंपी गई है।

## महिला ने लगाया मारपीट और अभद्रता का आरोप

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे बाबा मजरे सेमरपहां गांव निवासिनी असाजली पत्नी सत्यम ने पुलिस को तहरीर देकर पूरे लालता गांव के रहने वाले युवक पर गंभीर आरोप लगाये है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर के बाहर सफाई का कार्य कर रही थी तभी वहां से गुजर रहे आरोपी ने उसे अपने पास बुलाया और उसके साथ अभद्रता करते हुए भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई करने के साथ घर में आग लगाने का भी प्रयास किया। शोरगुल की आवाजें सुनकर जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विवाद को लेकर दबंगों ने फूंका छप्पर, भैंस झुलसी

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में फोन पर बात करने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने पीड़ित का छप्पर फूंक दिया, जिससे वहां बंधी भैंस झुलस गई और काफी आर्थिक नुकसान हुआ। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार, 29 मार्च की शाम करीब 5 बजे गांव के ही सौरभ तिवारी, कृष्णा तिवारी और वरुण तिवारी उसकी भतीजी पर मोबाइल से बात करने का दबाव बना रहे थे। लड़की के मना करने पर आरोपितों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोप है कि कुछ ही देर बाद तीनों आरोपी मौके पर पहुंचे और पीड़ित का छप्पर आग के हवाले कर दिया। आग लगने से वहां बंधी भैंस भी झुलस गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि भैंस का इलाज कराया गया, जो अब खतरे से बाहर है, लेकिन घटना में उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# पर्यटन मंत्री ने परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई, जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने नगला केवल स्थित श्री ब्रह्मदेव शिवजी एवं बजरंगबली मंदिर के 180.76 लाख रुपये की लागत से होने वाले पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिविधान से पूजन कर शिलान्यास किया। इसी के साथ 52.79 लाख रु. की लागत से शिव मंदिर बैजुआ में हुए पर्यटन विकास एवं सुंदरीकरण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा प्रदेश सरकार आस्था और पर्यटन को साथ लेकर चल रही है। पीएम नरेंद्र मोदी सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए गांव-गरीब किसान और युवाओं के हितों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी मथुरा-वृंदावन जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ-साथ अब छोटे-छोटे तीर्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों को भी पर्यटन मानचित्र पर लाया जा रहा है। इन मंदिरों का विकास केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को सुविधाओं से सुसज्जित कर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जाये और धार्मिक स्थलों को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाया जाए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों से जनपद फिरोजाबाद में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, वे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत पूर्व जिलाध्यक्ष महेश राजपूत, जिला महामंत्री अजीत राजपूत सहकारी समिति अध्यक्ष अभिषेक यादव मंदिर समिति के अरविंद पालीवाल मंडल अध्यक्ष मंजेश शर्मा राजवीर राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज राजपूत, कृष्णगोपाल लोधी ओमप्रकाश राजपूत रत्नेश राजपूत, पूरन सिंह फौजी आदि लोग उपस्थित रहे।

## 37 शिकायतें मौके पर ही निपटीं

**फिरोजाबाद।** जनपद में जनशिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण के लिए एसएसपी आदित्य लांग्हे ने एक विशेष अभियान का आगाज किया है। इस अभियान के तहत अब पुलिस अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता के दरवाजे पर जाकर समस्याओं का समाधान करेंगे। अभियान के पहले ही दिन शुक्रवार को जिले के विभिन्न थानों में प्राप्त कुल 37 शिकायतों का मौके पर ही सफल निस्तारण किया गया। इस विशेष अभियान के प्रभावी संचालन हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। पूरी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण एएसपी नगर व ग्रामीण द्वारा किया जा रहा है।

# एसएसपी ने किया थाना रामगढ़ का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जनपद की कमान संभालते ही नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के महज दो दिन के भीतर ही उन्होंने थानों का रुख करना शुरू कर दिया है। एसएसपी ने अचानक थाना रामगढ़ पहुंचकर औचक निरीक्षण किया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर के विभिन्न



पटलों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने महिला हेल्पडेस्क और साइबर हेल्प डेस्क पर पहुंचकर शिकायतों के निस्तारण की स्थिति जानी। इसके साथ ही जनसुनवाई, अपराध, ग्राम अपराध और त्यौहार रजिस्टर का मिलान किया। सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी उनके द्वारा जांची गई। एसएसपी आदित्य लांग्हे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यक्ष एप, आईजीआरएस पोर्टल और यूपी कॉप के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को लंबित न रखा जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला अपराधों से संबंधित प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं और अपराधों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवागत कप्तान के इस तेवर से साफ है कि आने वाले दिनों में जिले की कानून व्यवस्था में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# एनएसपीएस में श्रद्धा व शांति से मनाया गया गुड फ्राइडे



**लालगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में गुड फ्राईडे के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके उपदेशों को स्मरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी प्रभु यीशु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया तदुपरान्त उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह दिन त्याग, प्रेम और मानवता की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में सत्य, करुणा और सहनशीलता के मूल्यों को अपनाएँ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भजन, विचार प्रस्तुति तथा लघु नाटिका के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन और उनके संदेशों को प्रस्तुत किया गया। पूरा वातावरण श्रद्धा व शांति से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मौन धारण कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की प्रार्थना की। विद्यालय परिवार ने इस दिन को सादगी और आदर के साथ मनाया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्थगन आदेश के बावजूद सिपाही और लेखपाल करवा रहे जमीन पर कब्जा

**अमेठी।** कोतवाली के सरायराज शाह गांव के पास बाईपास किनारे स्थित भूमि को लेकर विवाद गहरा गया है। सरवनपुर निवासी रहमत अली ने आरोप लगाया है कि उनकी खेती की जमीन पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी होने के बावजूद विपक्षी जबरन कब्जा कर रहे हैं। रहमत अली के अनुसार उन्होंने अपनी भूमि की सीमांकन के लिए पिलर लगवाया था, जिसे नरैनी गांव निवासी मीरा पत्नी गौरीशंकर द्वारा कथित रूप से तोड़ दिया गया। आरोप है कि इसके बाद जेसीबी मशीन लगाकर खेत पर कब्जा करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में पिलर तोड़ने की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से विपक्षी को संरक्षण मिल रहा है। उनका कहना है कि कोतवाली के सिपाही सौरभ अग्रहरि और लेखपाल प्रभात सिंह की भूमिका संदिग्ध है, जिनकी शह पर जमीन पर कब्जा कराया जा रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विवाद बढ़ सकता है। वहीं पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश का पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आये दो दोस्त, एक की मौके पर मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**रायबरेली।** शुक्रवार को रायबरेली में वंदे भारत ट्रेन की तेज रफ्तार ने दो भाइयों की जिंदगी तबाह कर दी। हादसे में एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दोस्त को गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन ओवर ब्रिज रेलवे क्रॉसिंग के निकट हुई। घटना सुबह करीब 11:30 बजे की बात है, जब रायबरेली से प्रयागराज की ओर जा रही वंदे भारत ट्रेन सिविल लाइन ओवर ब्रिज क्रॉसिंग के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान नया पुरवा निवासी दो दोस्त रेलवे पटरी पार करने का प्रयास कर रहे थे। तेज रफ्तार ट्रेन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रेन की स्पीड इतनी अधिक थी कि दोनों दोस्त बच नहीं सके। मृतक की पहचान अल्लन घोसी (55 वर्ष), व घायल की पहचान मिराज अहमद (27 वर्ष) निवासी नया पुरवा, रायबरेली हुई है। घायल मिराज को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों ट्रैक पार कर रहे थे, जिससे यह दुर्घटना हुई। सीओ सदर अरुण नौहार ने बताया कि हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है।

# आबादी की जमीन व रास्ते पर कब्जे का आरोप

- जिलाधिकारी से रोक की मांग

**सुलतानपुर।** नगर पंचायत लम्भुआ के वार्ड नंबर 10 से आबादी की भूमि और सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी हंसराज बरनवाल ने जिलाधिकारी सुलतानपुर को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनका मकान लम्भुआ बाजार में स्थित है और आबादी की भूमि पर बने रास्ते से ही वह और अन्य लोग मुख्य सड़क तक आवागमन करते हैं। आरोप है कि नगर पंचायत के ठेकेदारों द्वारा अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर उक्त रास्ते और आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा कर दुकान निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि इस मामले में पहले से ही न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है, जिसमें न्यायालय द्वारा नोटिस जारी करते हुए मौके पर जांच (कमीशन) कराने का आदेश दिया जा चुका है। इसके बावजूद नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में निर्माण कराने की कोशिश की जा रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों की मिलीभगत से जबरन गड्ढा खोदकर निर्माण शुरू कराने का प्रयास हो रहा है, जिससे विवाद और बढ़ सकता है। हंसराज बरनवाल ने डीएम से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित करते हुए विवादित भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण तत्काल रोका जाए। वही विनय बरनवाल ने बताया कि न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है न्यायालय के आदेश पर बुधवार को विवादित आरजी की कमिश्नर द्वारा कमीशन किया गया है।। जबकि ईओ नगर पंचायत लंभुआ अमित सिंह के अनुसार उन्हें दीवानी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने की जानकारी नहीं है।

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही संभव




- अलीपुर स्थित पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलीपुर स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान सूरज कुमार के नेतृत्व में ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा स्तर पर कराए गए विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा ग्रामीणों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान भी किया गया।

ग्राम चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, स्वच्छता, पेयजल, आवास तथा रोजगार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। कई मामलों में तत्काल निर्णय लेकर कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई।

इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह ने कहा कि, ग्राम चैपाल शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही संभव हो जाता है। इससे लोगों को ब्लॉक या तहसील मुख्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने बताया कि, भविष्य की विकास योजनाओं के लिए भी ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त किए जाते हैं, जिससे पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को और गति मिलती है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सूरज कुमार, पंचायत सहायक सुशील कुमार, रोजगार सेवक शोभनाथ, कोटेदार पति सेतबहादुर सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षा सिंह व प्रतीक्षा शुक्ला, समूह सखी उर्मिला सिंह, कृषि सखी स्वाति सिंह, स्वास्थ्य सखी प्रीति, आशा बहू किरण सिंह सहित सीमा, गुड़िया, रामवती, एकता, कुंवरपाल सिंह, मातादीन, राममनोहर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की दिशा में यह पहल कारगर साबित होती नजर आई।

# मिशन शक्ति के तहत पिंक बूथ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**महराजगंज, रायबरेली।** महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे ह्यमिशन शक्तिह्य अभियान के तहत गुरुवार को महराजगंज पुलिस टीम द्वारा कस्बा पिंक बूथ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन्हें सजग किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिए, 1090,112,102/108, 1930 व चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष , मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना आदि की भी जानकारी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, महिला कांस्टेबल गीता सिंह, दीपा सिंह, शगुन शर्मा सहित स्थानीय महिलाएं मौजूद रही।

## चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत अभियान चलाकर एंटी रोमियो टीम बाइक/स्कूटी रैलियों और हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 के जरिए महिलाओं को कुबना गांव में चैपाल लगाकर जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और साइबर अपराधों से बचाव सुनिश्चित करना है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई इनमें 1090 महिला पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन 102, 108 एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन शामिल थे। उन्हें विषम परिस्थितियों में इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इन योजनाओं में रानी लक्ष्मीबाई, बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और पीएम स्वामित्व योजना प्रमुख थे महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक राधेश्याम वर्मा, हे.कॉ.अखिलेश कुमार, कांस्टेबल शिव प्रताप, महिला हे.कां. गीता सिंह, महिला कांस्टेबल प्रीति सिंह, होमगार्ड राम प्रताप, होमगार्ड शिवकरण, ग्राम प्रधान पूनम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व बालिकाएं उपस्थिति रही।

## चाय की गुमटी में लगी आग, सिलेंडर फटने से मची अफरा-तफरी

**जायस, अमेठी।** नगर पालिका परिषद जायस स्थित एक प्राइमरी स्कूल के सामने बनी चाय की गुमटी में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। गुमटी से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। नगर पालिका के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक लकड़ी से बनी गुमटी पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गुमटी में रखा सारा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया आग के दौरान गुमटी में रखा गैस सिलेंडर फटकर दूर जा गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में गुड फ्राइडे पर हुआ विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, आध्यात्मिक वातावरण में विद्यार्थियों ने अनुशासन वश्रद्धा के साथ इस दिन को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत भावपूर्ण प्रार्थना से हुई, इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुड फ्राइडे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रभु यीशु मसीह के त्याग, प्रेम और मानवता के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि गुड फ्राइडे हमें निःस्वार्थ सेवा, क्षमा और मानवता की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है। श्री प्रजापति ने विद्यार्थियों को जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने व समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों वं शिक्षकों ने मौन रखकर प्रभु यीशु मसीह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेखौफ घूम रहे गुंडे, पुलिस निष्क्रिय

**अमेठी।** एक ओर प्रशासनिक फेरबदल के पश्चात वर्तमान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों पर नकेल कसने तथा अपराध की रोक थाम की बात कही थी। वहीं इसका कोई संजीदा असर पुलिसिया तंत्र में देखने को नहीं मिला है शातिर अपराधी पुलिस की छत्र छाया में अपराध में संलिप्त बेखौफ घूम रहे हैं वहीं पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। दरअसल हम बात कर रहे है सुक्खा तिवारी का पुरवा नरैनी थाना अमेठी निवासी नव युवक पुरुषोत्तम गुप्ता सुत वासुदेव गुप्ता की जिसको 6 मार्च 2026 को विजय श्याम शुक्ला निवासी शुकुल का पुरवा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी के द्वारा बाहरी चार से पांच की संख्या में गुंडे बुलाकर जान से मारने का प्रयास लेखपाल और कानून गो तथा अधिवक्ता के सम्मुख ही किया गया। पीड़ित के अनुसार उक्त दबंग व्यक्ति विजय श्याम शुक्ला गुंडों के माध्यम से 6 मार्च 2026 को सुभद्रा बनाम उषा के तहत हो रही हद बरारी की पैमाईश के दौरान जमीन कब्जा करने की नीयत से पुरुषोत्तम गुप्ता को जान से मारने का प्रयास किया। किंतु भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखिए तहरीर के आधार पर मुकदमा ना दर्ज कर दीवान जी अमेठी थाना ने गुंडों को बचाने के लिए कमजोर धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 54/26 दर्ज कर लिया। इसके पश्चात विवेचक द्वारा बिना संपूर्ण साक्ष्य संकलन किए ही मनगढ़ंत गवाही के आधार पर आनन फानन में चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित कर दिया। जबकि दबंग गुंडे विजय श्याम शुक्ला द्वारा बुलाए गए दबंग गुंडे अभिजीत सिंह पुत्र अरुण सिंह निवासी नवहाजया के विरुद्ध अनेकों थानों में अपराध दर्ज है। उक्त गुंडा अभिजीत सिंह के विरुद्ध सांगीपुर थाने में अपराध संख्या 213/25 थाना सांगीपुर , 250/22 थाना सांगीपुर पूर्व से दर्ज है। अपराधी खुलेआम पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जबकि पुलिस का कहना कि हम पकड़ने जाते हैं तो आरोपी भाग जाते हैं। ऐसे में बड़ा प्रश्न है कि ऐसे गुंडों पर पुलिस की मेहरबानी क्यों ।

# वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

- नयेसत्र में प्रवेश लेने वाले नन्हें विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत



**कूरेभार, सुलतानपुर।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धनजई प्रथम में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव, विदाई समारोह और नए सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों के स्वागत का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को गुब्बारों, रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था, जिससे पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत नए सत्र में प्रवेश लेने वाले नन्हें विद्यार्थियों के स्वागत से हुई। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों का तिलक लगाकर और फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। वहीं कक्षा पांच उत्तीर्ण कर विद्यालय से विदा होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें मेडल और उपहार प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वार्षिकोत्सव के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों और उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिभा का विकास होता है। सहायक अध्यापिका सुमन ने बताया कि विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि अन्य बच्चे भी नियमित रूप से विद्यालय आएं। इस दौरान एसएमसी सदस्य श्रद्धा पाठक, रामफेर वर्मा और शिवशंकर सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आहूत की गई। कांग्रेस जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, देष के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती की पूर्व संध्या पर चार अप्रैल को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता व जयंती के अवसर पर पांच अप्रैल को विचार गोष्ठी का आयोजन किये जाने पर विषेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के आयोजन पर पदाधिकारियों से चर्चा कर कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी की भागीदारी सुनिष्चित की, और स्थानीय जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उसके निवारण के लिए जनता का सहयोग करने की बात कहीं। मासिक बैठक में नवनियुक्त कांग्रेस षिक्षक विभाग के जिलाध्यक्ष के.सी. षुक्ला एवं रेषमा बानो एडवोकेट को षहर कांग्रेस सूचना अधिकार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में पूर्व प्रत्याषी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह, वी.के. षुक्ला, पद्मधर सिंह, प्रमेन्द्र पाल सिंह, महेष प्रसाद षर्मा, संतोष त्रिवेदी, मो.इलियास, अनवार खान, अजीत सिंह, षिवानंद मौर्या, राहुल बाजपेयी, लालआष किरन प्रताप सिंह, सतगुरूदेव लोधी, सुमित्रा रावत, संजय श्रीवास्तव, मो.जफरूल, आकर्षण द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, आलोक विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मथुरा में स्पार्क-2026 का रंगारंग आगाज



**मथुरा।** संस्कृति विवि में तीन दिवसीय स्पार्क 2026 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। विवि का यह वार्षिक आयोजन एक ऐसा मौका है जिसमें विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से निखरकर बाहर आती हैं। विद्यार्थियों को अपनी-अपनी रुचि के अनुरूप अपने विशिष्ट हुनर, नवोन्मेष, युवाओं के अनौखे आइडियाज को प्रदर्शित करने का का मौका मिलता है।

तीन दिवसीय स्पार्क 2026 का शुभारंभ संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने फीता काटकर किया। शुभारंभ की घोषणा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह मौका है जब आप अपने रुचि के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से कर सकते हैं। आप इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से इंजॉय करिए और अपने हुनर से सबको प्रभावित करिए। विविआपके हुनर, इनोवेशन और अनौखे विचारों को पंख देने के लिए तैयार है। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. ने विद्यार्थियों को पूरे-जोश और लगन के साथ इन प्रतिस्पधाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्पार्क 2026 के उद्घाटन के अवसर विवि की सीईओ डा.श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और प्रति कुलपति प्रो.रघुराम भट्ट भी मौजूद रहे। विवि के इस अधिकारियों के दल ने विवि के विभिन्न परिसरों में चल रहीं प्रतियोगिताओं का भी निरीक्षण किया। उद्घाटन सत्र का संचालन संस्कृति एचएम विभाग की असिस्टेंट प्रो. शुभांगी सक्सैना ने किया।

आज होने वाली प्रतियोगिताओं में डांस प्रितयोगिता, कोलाज मेकिंग कंपटीशन, शार्ट मूवी कंपटीशन-आई एस ए डाइरेक्टर, रील मेकिंग कंपटीशन, रंग दे रंगोली प्रतियोगिता हुईं। विवि के सभागार में हुई नृत्य प्रतियोगिता में सर्वाधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें एकल नृत्य, युगल नृत्य और समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं हुईं। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर दिल छूलेने वाले नृत्य प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने किया। कार्यक्रम की कोर्डिनेटर शुभ्रा पांडे ने बताया कि भारत की विभिन्न संस्कृतियों की छाप छोड़ने वाले नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य क्षमता का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिताओं में कुल 42 प्रस्तुतियां हुईं। कुल 24 एकल प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने लावणी, पहाड़ी, राजस्थानी (घूमर), बॉलीवुड, के-पॉप, ब्रेक डांस और पश्चिमी शैलियों सहित विभिन्न नृत्य विधाओं का प्रदर्शन किया। ह्लहमारी अधूरी कहानीह्ल, ह्लरोजीह्ल और अन्य गीतों पर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ब्रृजबाला और मुस्कान जैसी छात्राओं ने अपनी भावपूर्ण और ऊजार्वान प्रस्तुतियों से सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में आठ समूह प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जिनमें ह्लकृष्ण मुकुंदह्ल पर दक्षिण भारतीय नृत्य, ह्लकल्कि अवतारह्ल पर पौराणिक प्रस्तुति, हरियाणवी फ्यूजन, योग आधारित नृत्य और ह्लनैनाह्ल जैसे बॉलीवुड गीतों जैसे विषयों को दशार्या गया। इन प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट समन्वय और रचनात्मक कहानी कहने का कौशल झलका। इसके अतिरिक्त कांटा लगा और हमें तो लूट लियाजैसे लोकप्रिय गीतों पर प्रस्तुत दस युगल प्रस्तुतियों ने बॉलीवुड, साल्सा, फ्रीस्टाइल, ब्रेक डांस और पंजाबी नृत्य जैसी शैलियों के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सहायक प्रोफेसर सुश्री शुभ्रा पांडे के मार्गदर्शन में, रितु चैहान, श्री देवांशू सिंह और मिथिलेश के सहयोग से नृत्य प्रस्तुतियां सफलता पूर्वक आयोजित की गई। छात्रा नंदनी चतुर्वेदी और दुर्गेश ने संचालन किया। छात्रा नेहा, कैफ रिषाद, अंशुमन ने कार्यक्रम के कुशल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं विद्यालय परिसर में अपनी प्रगतिवादी सोच और समाज की विकृतियों पर चोट करती हुई विद्यार्थियों की रंगोलियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। विद्यार्थियों के विभिन्न दलों ने कुल 10 रंगोलियां बनाईं जिसमें योगा नेचुरोपैथी, गौतम बुद्ध का शांति संदेश देती, महिला सुरक्षा की आवश्यकता को दशार्ती रंगोलियां शामिल थीं। लगभग 45 विद्यार्थियों ने इन रंगोलियों को सजाया था। साफ्ट स्किल ट्रेनर अर्पणा गुप्ता, कंचन ठाकुर के निर्देशन में इन सभी रंगोलियों का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता सिंह, अर्पिता, अनुज्ञा, गुंजन और वैष्णवी के ग्रुप ने योग के विभिन्न आसनों को प्रदर्शित रंगोली के आधार पर जीता, वहीं दूसरी रंगोली विद्या विनयम शोभिते को मिला जिसको चेतन्या, नंदनी, खुशी और निर्मला ने बनाया, तीसरे स्थान पर नेचुरोपैथी से जुड़ी रंगोली को मिला, इसको चांदनी, निधि, आकांक्षा और प्रेरना ने सजाया। कोलाज मैकिंग प्रतियोगिता में चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक आशीष गोस्वामी, स्तुति कुमारी ने बताया कि पहला स्थान श्रवंथ, दूसरा स्थान शिवम और तीसरा स्थान आयुष मित्तल को मिला। वहीं छात्र लक्ष्य को भी पुरुस्कृत किया गया।

शॉर्ट मूवी कंपटीशन में साथ फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। प्रतियोगिता की कोर्डिनेटर डा. प्रियंका गुप्ता, को कोर्डिनेटर सागर शर्मा ने बताया कि पहला पुरस्कार ह्लवन लास्ट टाइमह्ल मूवी को दिया गया। इसको सौरभ राज ने निर्देशित किया, आयुष मौर्या फिल्म के हीरो और विलेन का रोल वैभव विशाल ने निभाया है। दूसरा पुरुस्कार ह्लद कमलाह्ल को दिया गया। इसको छात्र प्रशांत ने निर्देशित किया। फिल्म की मुख्य भूमिका में प्रशांत, हर्ष और संजीव थे। तीसरा पुरुस्कार फिल्म ह्लपुनर्वासह्ल को दिया गया। इसको छात्रा श्रुति ने निर्देशित किया। मुख्य भूमिका में आद्या और सोनिका थीं।

## नशे में धुत पुजारी ने मंदिर की मूर्तियां तोड़ीं

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव धौरेरा में बृहस्पतिवार देर रात करीब 100 साल पुराने प्राचीन चामुंडा मंदिर के पुजारी ने ही शराब के नशे में धुत होकर हनुमान जी और माता की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीणों ने मंदिर की यह स्थिति देखी, तो इलाके में तनाव फैल गया। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नई प्रतिमा स्थापित कराकर स्थिति को संभाला। ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, बिहार के जनकपुर निवासी काशीराम पिछले 8 वर्षों से इस प्राचीन मंदिर में रहकर पूजा-पाठ और सेवा का कार्य कर रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुजारी को शराब की लत थी और वह अक्सर नशे में आसपास के लोगों और यहां तक कि भगवान को भी अपशब्द कहता था। गुरुवार देर रात पुजारी काशीराम ने अत्यधिक शराब का सेवन किया। नशे में उसने मंदिर परिसर में हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित कर दिया और चामुंडा माता की मूर्ति की आंखों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद पुजारी मौके से फरार हो गया। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा करने पहुंचे, तो मूर्तियों को खंडित देख उनका गुस्सा फूट पड़ा। सूचना मिलते ही थाना जैंत पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची।

## एच.आर.पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना वार्षिकोत्सव



**फिरोजाबाद।** एचआरपब्लिक स्कूल नारखी का वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल अमित कुमार व कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मिस फेयर वेल जान्हवी और मिस्टर फेयर वेल जुनैद खान को चुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय शारदा संगोष्ठी का महत्व बताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर मूल्यांकन आवश्यक है साथ ही सांस्कृतिक व खेलकूद के कार्यक्रमों का आयोजन भी परम आवश्यक है। आज का समय ए आई का समय है। भारत को विश्व में प्रथम बनने के लिए इसमें कार्य करना होगा व एआई के बारे में अपनी वर्तमान व भावी पीढ़ी को प्रशिक्षित करना ही होगा। विद्यालय वह संस्थान होते हैं जहां देश के भविष्य का निर्माण होता है। क्योंकि ये ही बच्चे आगे चलकर देश के विकास में अपना योगदान देंगे। इसलिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष स्कूल प्रिंसिपल ने कहा कि हमारे विद्यालय में रेगुलर कंप्यूटर क्लासेज के साथ म्यूजिक क्लासेज भी चलाई जाती हैं। कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त क्लासेज भी दी जाती हैं। अध्यापन का कार्य उच्च शिक्षित-प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों द्वारा अभिभावकों को मिष्ठान्न वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजनेश मुस्कान मैम गजेन्द्र पाल सिंह, अजय कुमार प्रियंका सिंह रजनेश देवी हृदयेश सिंह, विवेक कुमार मुस्कान खान, दिव्या शर्मा शिवानी पिंकी देवी, राम प्रकाश जी, संयोगिता अजय कुमार अधिकारा ज्योति जादौन निहारिका नेहा संध्या आरती देवी गिरेंद्र पाल सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने वन्दे मातरम गीत के साथ किया।

संक्षेप

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश धरे गये

मथुरा। थाना बरसाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि थाना बरसाना पुलिस व एसओजी टीम द्वारा भरना खुर्द माइनर के पास सहार से कमई जाने वाले नाले के निकट चेकिंग की जा रही थी। संदिग्ध इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायर किया, जिसमें जीतू उर्फ जितेन्द्र के दाहिने पैर में गोली लग गई। वहीं दूसरे बदमाश राजवीर को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक बिना नंबर की टीवीएस रोनिन बाइक, दो तमंचे 315 बोर, तीन खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपी थाना बरसाना क्षेत्र के दिवाका थौक, नंदगांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार दोनों वर्तमान में बीएनएस, सीएलए एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे।

## दुष्कर्म का प्रयास

**मथुरा।** वृंदावन में इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद युवक ने युवती को गेस्ट हाउस बुलाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 20 वर्षीय युवती का संपर्क इंस्टाग्राम पर राकेश नामक युवक से हो गया। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। कुछ समय तक बातचीत बंद रहने के बाद 31 मार्च को राकेश ने युवती को मिलने के लिए बुलाया। युवती के पास पैसे न होने पर आरोपी ने उसे 100 ऑनलाइन ट्रांसफर किए, जिसके बाद युवती पागल बाबा मंदिर के समीप एक गेस्ट हाउस पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि गेस्ट हाउस में राकेश ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और उसके होंठ, गले और सीने पर चोटें पहुंचाईं।

## आगरा में पेट्रोल डालकर जला दी गयी थी लोकेंद्र की लाश

**आगरा।** सैंया क्षेत्र में पत्नी व उसके प्रेमी ने मिलकर लोकेंद्र की शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद सबूत मिटाने के लिए शव को पेट्रोल व शराब डालकर खेत में जला दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। थाना सैंया में बुधवार को लोकेंद्र (39) की हत्या की गई थी। बृहस्पतिवार को मृतक के भाई शिवचरन ने पहचान की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों, कॉल डिटेल को खंगाला तब खुलासे तक पहुंच सकी। प्रेम प्रसंग में बाधा बनने की बात सामने आई। साजिश के तहत लोकेंद्र को उसकी पत्नी का प्रेमी अपने साथी की मदद से खेत में ले गया। शराब पिलाने के बाद गला दबाकर हत्या की। इसके बाद शव को पेट्रोल और शराब डालकर जला दिया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। एडीसीपी पश्चिमी जोन आदित्य सिंह ने बताया कि बुधवार शाम 7 बजे सैंया में एक खेत में शव पड़ा होने की जानकारी मिली थी। हत्या कर शव को जलाया गया था। हाथ पर लोकेंद्र नाम गुदा हुआ था। बृहस्पतिवार सुबह उसके भाई ने शिनाख्त की। लोकेंद्र की शादी 17 साल पहले इंद्रावती से हुई थी। लोकेंद्र मजदूरी करता था। पत्नी को 6 माह पहले गांव के एक युवक से दोस्ती हो गई। युवक घर आकर मिलने लगा। पति ने विरोध किया। परिवार के लोगों को भी बता दिया इससे नाराज पत्नी ने युवक के साथ मिलकर लोकेंद्र की हत्या की साजिश रची। बुधवार सुबह 11 बजे लोकेंद्र के घर से निकलने पर पत्नी ने दोस्त को बता दिया। वह बाइक से अपने साथी के साथ लोकेंद्र को रास्ते में मिल गया। दोनों उसे शराब के ठेके पर ले गए। शराब लेने के बाद फल और पानी के पाउच लेकर एक खेत में बैठ गए। तीनों ने शराब पी। लोकेंद्र के नशे में होने पर गला दबाने लगे। उसने विरोध किया। इस पर एक ने हाथ और पैर पकड़ लिए। दूसरे ने गला दबा दिया। मौत हो जाने पर बाइक से पेट्रोल निकाला। शव पर डालकर आग लगा दी। पेट्रोल कम होने पर शराब भी डाल दी। मगर शव पूरी तरह से नहीं जल सका। बाद में आरोपियों ने शव को खेत में फेंक दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।

● **शराब पिलाकर गला दबाया, शराब पिलाकर पत्नी के प्रेमी ने दी खौफनाक मौत, गिरफ्तार**

## एसएफ स्ट्रीट स्कूल में धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती, लगे जयकारे



**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज स्थित एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल में हनुमान जयंती का पावन पर्व बड़े ही उत्साह, श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना तथा उनमें सकारात्मक सोच एवं संस्कारों का विकास करना है। संस्थापक पियूष बंसल द्वारा भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। ह्लजय बजरंगबलीह्ल के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। पूजन के उपरांत सभी बच्चों को प्रसाद स्वरूप पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष शिखा बंसल ने बच्चों को हनुमान जयंती के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें शक्ति, भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना का संदेश देता है।

भगवान हनुमान जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची निष्ठा, परिश्रम और विश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा बच्चों को शिक्षा सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं। संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने बताया कि एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें संस्कार, आत्मविश्वास एवं सामाजिक मूल्यों से भी समृद्ध करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर भारत अग्रवाल, कंचन सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## थाना प्रभारी ने किया लिए प्याऊ का शुभारंभ

**शिकोहाबाद।** गर्मी बढ़ने के साथ आर्य समाज सार्वजनिक प्याऊ का आर्य समाज मंदिर पर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने शुभारंभ किया। संस्था सन 1905 से सार्वजनिक प्याऊ का लगा रही है जिससे राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध होता रहे। शुक्रवार को स्टेट बैंक चौराहा पर आर्य समाज मंदिर के बगल में बनी खेड़ा मोहल्ला पुलिस चौकी के पास थाना प्रभारी अनुज कुमार ने प्याऊ का शुभारंभ किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि आर्य समाज मंदिर द्वारा जो प्याऊ लगाया गया है यह काफी बड़ा पुन्य का काम है, गर्मी बढ़ने के साथ ही यहां लोगों को मटके से ठंडा पानी पीने को मिलेगा। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान महेन्द्र पाल झा मंत्री अजीत कुमार सिंह स्कूल प्रबंधक जोगेंद्र सिंह भगवान गुप्ता, विवेक चड्ढा, गोपाल शर्मा, श्री कृष्ण गोपाल पालीवाल, टोडीराम रामसेवक जादोन सोमेन्द्र जौहरी जय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## कंगना रणौत के खिलाफ दायर वाद में सुनवाई आज, पिछली तारीख पर लगा था जुर्माना

**आगरा।** भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ आगरा की एमपी-एमएलए अदालत में आज सुनवाई होगी। किसानों और महात्मा गांधी पर टिप्पणी को लेकर दायर वाद में पिछली तारीख पर उन पर 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ दायर वाद में शुक्रवार को एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह न्यायालय में सुनवाई होगी। पिछली तारीख पर कंगना पर अदालत ने 500 रुपये का जुमार्ना लगाया था। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर 2024 को सांसद कंगना रणौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था। कहा गया था कि सांसद ने 26 अगस्त 2024 को अपने बयान में किसानों पर अपमानजनक टिप्पणी की। महात्मा गांधी पर भी अभद्र टिप्पणी की। अधीनस्थ न्यायालय में परिवाद खारिज होने पर वादी अधिवक्ता ने सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण किया था।

## बल्केश्वर राधानगर बगीची के पेड़ काटने वाले जायेंगे जेल

**आगरा।** थाना कमलानगर क्षेत्र के राधानगर स्थित शाक्य समाज की बगीची में अतक्रिमण करने व हरे पेड़ काटने का मामला सीएम योगी तक पहुंचने के बाद जिम्मेदार विभागों की नींदें खुल गई है। इस मामले को लेकर वन विभाग, एडीए, नगर निगम तथा पुलिस विभाग फंसते नजर आ रहे थे। सीएम ने वन व पशु-पक्षी के साथ की गई क्रूरता को गम्भीर से लिया था। सीएम ने पिछले शनिववार को विश्व वन दिवस के आयोजन में भाग लेने के दौरान सभी जिम्मेदार विभागों को सीधा संदेश दिया है। आगरा में यमुना की खादर व उसके हरित व डूब क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाने को सरकारें भी चुप्पी साधे बैठी थी। इस मामले में वन विभाग में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद इस ममाले को डीएफओ राजेश कुमार ने गम्भीरता से लिया। डीएफओ ने जांच के लिए मौके पर टीम भेजी। मौके पर जब तमाम हरे पेड़ कटे मिले तो पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कुछ टहनियां काटी गई है, लेकिन अनुमति पत्र मांगने पर उक्त लोग एनओसी नहीं दिखा सके। इस मामले मे टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर वन विभाग ने वन अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि बल्केश्वर राधानगर बगीची आगरा में पेड़ काटने के मामले में उप्र वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 3 व 10 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। तीन लोगों को कार्रवाई में आरोपी बनाया है। इसमें पूर्व पुलिस कर्मी हैं या अलग हैं, यह जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट कर दिया जाएगा। पेड़ को बिना विभाग से अनुमति लिए काटा गया था। आपाके बता दें कि आगरा में यमुना की खादर में बनी गौशाला तमाम हरे पेड़ों को काटकर कब्जा किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र में एनजीटी के निर्देश व सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एडीए ने किसी भी प्रकार के पक्के निर्माण आदि पर प्रतिबंध लगाकर ध्वस्तीकरण का नोटिश भी जारी किया हुआ है। उक्त मंदिर व समूची विभव पुरम कालोनी डूब क्षेत्र में है तथा उक्त कालोनी का अवैध निर्माण लगातार जारी है, जबकि एडीए उक्त कालोनी के सभी निमार्णों को ध्वस्तीकरण के नोटिश 2015 में दे चुका है। इस मामले में एडीए की भूमिका इस लिए संग्धिद है उक्त विभाग द्वारा 16 वर्ष में भी अपने नोटिश का अनुपालन न कराते हुए उक्त अवैध निर्माण को मोटा सुविधा शुल्क लेकर लगातार संरक्षण दिया जा रहा है। एनजीटी के निर्देश स्थानीय पुलिस के लिए भी हैं लेकिन थाना कमलानगर पुलिस का भी संरक्षण अवैध निर्माणकर्ताओं को मिला हुआ है। शुक्रवार 20 मार्च 2026 को लोग उस समय हैरत में पड़ गये जब थाना पुलिस खुद अवैध निर्माण को कराने में जुटी हुई थी। जब कि तीन दिन पूर्व ही थाना प्रभारी कमलानर ने उक्त निर्माण कार्य को रूकवा दिया था। जब शाक्य समाज के लोगों व जमीन दान देने वाले परिवार को उक्त निर्माण का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे तथा काम रुकवाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस व दो दरोगाओं के चलते उनका हा प्रयास असफल रहा। योगी बाबा की सरकार में पुलिस विभाग व एडीए तथा जिला प्रशासन की यह भूमिका सरकार की छवि पर भी पलीता लगाते नजर आयी। यहां सवाल यह उठ रहा है कि योगी सरकार में सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया जा रहा। इस मामले में पुलिस प्रशासन, एडीए, जिला प्रशासन व यूपी की योगी सरकार कोर्ट की अवमानना करते साफ नजर आती है। उक्त मामले में सपा नेता नितीन कोहली ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली थी तथा उक्त कार्य की निंदा की तथा उक्त मामले में एडीए उपाध्यक्ष व डीएम से मिलकर मामले की जानकारी देने की बात कही थी।

● **यमुना की खादर कब्जाने को काटे थे दर्जन भर हरे पेड़, उप्र वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 3 और 10 के तहत कार्रवाई शुरू**

## हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा

**मथुरा।** हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बे में स्थित प्राचीन बालाजी आश्रम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्ति और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में युवाओं और बुजुर्गों नेहिस्सा लिया। जय श्री राम और बजरंग बली की जय के उद्घोष से पूरा कस्बा राममय हो गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण ऊंट के ऊपर किया गया पारंपरिक राजस्थानी नृत्य रहा, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। यात्रा में सबसे आगे चल रहे गोरिल्ला और घोड़ी के नृत्य ने बच्चों का मन मोह लिया। हनुमान जी की मनमोहक झांकी के पीछे चल रहे श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते नजर आए बालाजी आश्रम से शुरू हुई यह भव्य शोभायात्रा बिहारी जी मंदिर, गोपाल जी मंदिर, मुख्य बाजार, जुझार तकिया, दाऊद और मारूफ मोहल्ला होते हुए वापस बालाजी आश्रम पर जाकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

## मिशन शक्ति फेस 5 के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक



**टूंडला।** मिशन शक्ति फेस 5 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना टूंडला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण महिला सुरक्षा महिला स्वावलंबन का एक जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को ग्राम नगला रामकिशन चौकी लाइनपार थाना टूंडला में आयोजित किया गया। जिसमे समाज के लोगों को महिला अपराधों व वह विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स जैसे 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 108 112 आदि हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम के क्रम में महिलाओं को अपने अधिकारों व उनके साथ होने वाले किसी भी अपराध को ना सहने व उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया युवाओं को आज के बढ़ते तकनीकी युग में लालच देकर या नौकरी लगने के नाम पर होने वाले फ्रॉड जैसे पैसे की डिमांड या बैंक खातों से पैसा उड़ा लेने के बारे में सावधानियां बरतनी को लेकर बताया गया मुख्य सावधानियां अपना ओटीपी नंबर किसी के साथ शेयर नहीं करना किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करना या किसी अनजान संदिग्ध फोन नंबर को ना उठाना इस सब के बारे में बताया गया साथ ही साथ 18 वर्ष से कम के युवक युक्तियां का प्रेम संबंधों में आकर घर से बिना बताए चले जाना उसकी रोकथाम वह दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरोलिया के नौजवानों युवतियों व अन्य लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया साथ ही अपनी समस्याओं को भी साझा किया।

## भिड़ंत से दो डंपरों में लगी आग, दोनों चालकों की मौत

**टूंडला।** टूंडला एटा रोड इमलिया डेरी के निकट दो डंपरों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में आग लग गई। तथा मौके पर ही दोनों डंपर चालकों की मौत हो गई। घटना में दो अन्य लोग घायल भी हुए हैं। उन्हें अस्पताल भेजा गया है। जबकि दोनों चालकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेजा है।

इस दौरान पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना टूंडला-एटा रोड पर इमलिया डेरी के पास हुई है। डंपर टूंडला से एटा की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा डंपर एटा से टूंडला की तरफ आ रहा था। आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों डंपरों में तुरंत आग लग गई और वे जलने लगे। मृतकों की पहचान डंपर के चालक सुरेश पुत्र पूरन सिंह निवासी मऊ आखेड़ा, मुरैना मध्य प्रदेश एवं दूसरे डंपर चालक भरत लाल पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी धौलपुर राजस्थान के रूप में हुई है। एक डंपर के क्लीनर धीरज पुत्र हरी सिंह निवासी धौलपुर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक अन्य घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना रजावली सकरौली और पचोखरा की पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग बुझाने का काम किया। इस हादसे के कारण एटा-टूंडला मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने वाहनों को इसौली चौराहे से मोड़कर स्थिति को संभाला। सीओ टूंडला और थानों के प्रभारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। बाद में हाइड्रा मशीन से क्षतिग्रस्त डंपरों को सड़क से हटाया गया। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

## गीता शोध संस्थान में सिखायी श्लोक गायन की विधा




**मथुरा।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में आयोजित एक सप्ताह की गीता गानकार्यशाला में प्रतिभागियों को गीता के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण सहित गायन, संकीर्तन शैली तथा श्लोकों को गीत के रूप में प्रस्तुत करने की विधा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर गीता शोध संस्थान सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष नवीन चौधरी, सांस्कृतिक विशेषज्ञ अनूप शर्मा, समाजसेवी मधु तोमर, उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, भक्ति वेदांत इंस्टीट्यूट, सिंगापुर के निदेशक अनुकंपना दास तथा इस्कॉन आंझई के पदाधिकारी तीर्थनाथ वासुदेव ने प्रतिभागी तिन दर्जन बालक-बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

राजा महेंद्र प्रताप बाल विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने प्रिंसिपल सुनील लवानिया एवं संस्थापक राम विनोद भट्ट व पारुल भट्ट के निर्देशन में कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता की और अंतिम दिन श्लोक गायन की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में गौर सुंदर दास भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला का संयोजन गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। प्रशिक्षण के दौरान भक्ति वेदांत इंस्टीट्यूट, सिंगापुर के निदेशक अनुकंपना दास ने प्रतिभागियों को एक सप्ताह तक श्लोकों के अक्षर ज्ञान, व्यंजन, शुद्ध उच्चारण, संभाषण शैली एवं ध्वनि के विभिन्न आयामों का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में शिक्षकगण लक्ष्मण, शिवानी, चांदनी, तमन्ना, दुर्गेश, मीणा शर्मा, ऋतिक, हरीश चैधरी, अभिनव बंसल एवं गोविंद रावत ने भी सहभागिता की। साथ ही योगेश कुमार द्विवेदी, मधु द्विवेदी, कु.मानसी राजपूत तथा श्रीमती रितु सिंह एवं कु.प्रिया सिंह ने कार्यशाला के संचालन एवं सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने बताया कि यह प्रशिक्षण गीता के श्लोकों को सरल एवं सहज रूप में समझाने का एक अभिनव प्रयास है। इसके माध्यम से संस्कृत का पूर्व ज्ञान न रखने वाले प्रतिभागी भी श्लोकों का शुद्ध उच्चारण करते हुए उन्हें गा सकेंगे। प्रशिक्षण में श्लोक गायन, संकीर्तन शैली, भजन प्रस्तुति एवं उपदेश की विधाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि यह प्रथम प्रशिक्षण वर्ग है और भविष्य में इसी प्रकार के साप्ताहिक क्लांत कार्यक्रम क्रमबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विशेष रूप से स्वर साधना के माध्यम से श्लोकों को गीतात्मक शैली में प्रस्तुत करने की कला विकसित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया।

## शातिर बाइक लुटेरा मुठभेड़ में गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस टीम ने थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत बाइक लूट की घटना कारित करने वाले एक शातिर लुटेरे अभियुक्त को अवैध असलहा व एक लूटी हुई बाइक सहित पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। टूण्डला पर वादी अमित पुत्र नारायण सिंह निवासी रसूलपुर ने बाइक लूट लेने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। घटना के अनावरण हेतु एसएसपी आदित्य लांग्हे ने 2 पुलिस टीमों का गठन किया था। इसी क्रम में आज 3-04-2026 को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की बाइक लेकर अभियुक्त पुराना बाईपास रोड गेल गैस से पहले बाई ओर खाली प्लाट में बाइक के सौदा करने के लिये खडा हुआ हैं, उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा बाईपास रोड गेल गैस प्लांट के सामने खाली प्लॉट से पहले पहुँचे तो पुलिस को अपनी ओर आते देख 1 संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस पर फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा भी जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान विकास पुत्र पम्मी लाल निवासी नागऊ थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद जो कि बाइक लूट में वांछित अभियुक्त हैं, पुलिस ने घायल अभियुक्त को जिला अस्पताल भेजा है।

# युद्ध पर भ्रमित हैं ट्रंप

ट्रंप भ्रमित, थके हुए, परेशान से और ईरान से बाइज्जत बच निकलने का रास्ता न मिलने पर गुस्साये हुए लगते हैं। इसी मनः स्थिति में वह बार-बार अपने बयान बदल रहे हैं। ट्रंप ने बुधवार को राष्ट्र के नाम जो संबोधन दिया वह ईरान युद्ध के अंत को लेकर स्पष्ट मार्ग दिखाने में विफल रहा। वास्तव में ट्रंप ने इस अवसर का इस्तेमाल ऐसी धमकियां देने के लिए किया कि ईरान पर बमबारी करके उसे पाषाणकाल जैसी हालत में पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ बातचीत चल रही है जबकि ईरान के अधिकारियों ने इस बात से बार-बार इनकार किया है। ऐसे में युद्ध शुरू होने के एक महीने बाद भी अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह लड़ाई कब खत्म होगी तथा अमेरिका और इजरायल वास्तव में क्या हासिल करना चाहते हैं। यह बात शेष विश्व को जबरदस्त अनिश्चितता में छोड़ देती है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह युद्ध इस क्षेत्र की भूराजनीतिक व्यवस्था को कैसे नया आकार देगा। अतिरिक्त अनिश्चितता ने वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को बढ़ा दिया है और यह इस क्षेत्र के व्यापार को भी प्रभावित कर रहा है। भारत खासतौर पर इन अनजान कारकों की जद में है क्योंकि हम तेल, व्यापार और धनप्रेषण के लिए पश्चिम एशिया पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। यह जंग जहां कई तरह से वृहद आर्थिक हालात को प्रभावित कर रही है और इसे लेकर हस्तक्षेप की आवश्यकता है, वहीं रिजर्व बैंक के लिए आर्थिक प्रबंधन काफी जटिल हो चला है। मुद्रा बाजार का उतारचढ़ाव इस संकट के सबसे स्पष्ट परिणामों में से एक है। रिजर्व बैंक मुद्रा का प्रबंधन करता है। मार्च में भारतीय रुपये में 4 फीसदी से अधिक की गिरावट आई। वास्तव में गत वित्त वर्ष जो कि इस सप्ताह के आरंभ में समाप्त हुआ, रुपये के लिए काफी मुश्किल साल था। 2025-26 में रुपया डॉलर के मुकाबले 10 फीसदी तक गिरा। रुपया 2025 में इसलिए



भी दबाव में रहा क्योंकि व्यापार संबंधी अनिश्चितताएं बनी हुई थीं। इसका परिणाम पूंजी के बड़े पैमाने पर बाहर जाने के रूप में भी सामने आया। उदाहरण के लिए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2025 में करीब 19 अरब डॉलर मूल्य के बराबर भारतीय शेयरों की बिकवाली की। 2026 में भी दबाव जारी रहा और ईरान युद्ध ने रुपये को मिलने वाली चुनौती को और मुश्किल बना दिया है। डॉलर की बिकवाली के अलावा रिजर्व बैंक ने हाल के दिनों में रुपये की गिरावट को रोकने के लिए अन्य कदम भी उठाए हैं। पिछले सप्ताह उसने बैंकों से विदेशी मुद्रा बाजार में रुपये की दैनिक शुद्ध ओपन पोजीशन को 10 करोड़ डॉलर तक सीमित रखने को कहा। अब उसने बैंकों को रुपये से जुड़े नॉन-डिलिवरेबल डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स ( एक वित्तीय डेरिवेटिव, जिसका उपयोग मुद्रा विनिमय दरों पर हेजिंग या सट्टेबाजी के लिए किया जाता है ) की पेशकश करने से रोक दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप गुरुवार को रुपये में तेजी से वापसी हुई। स्पष्ट है कि ये कदम सट्टेबाजी को रोकने के लिए उठाए गए हैं। यह रेखांकित करना आवश्यक है कि समस्या बुनियादी ज्यादा है। भारत ने अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 30 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान संतुलन घाटा दर्ज किया। मार्च तिमाही में स्थिति बदलने की संभावना कम है। इसलिए रुपया विदेशी मुद्रा के लगातार शुद्ध बहिर्गमन की संभावना के अनुसार समायोजित हो रहा है। कम से कम निकट भविष्य में तो ऐसा ही हो रहा है। इस प्रकार, कारोबारी गतिविधि को रोकना बहुत मददगार नहीं होगा। नीति-निर्माताओं को मुद्रा बाजार के पूर्ण स्तरों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। रुपया वास्तविक रूप से भी अवमूल्यित हुआ है। 40 मुद्राओं वाले वास्तविक प्रभावी विनिमय दर सूचकांक ने दिखाया कि फरवरी में रुपया लगभग 6 फीसदी ही अवमूल्यित था। कुछ हद तक अवमूल्यन भारतीय निर्यातकों को इस कठिन आर्थिक माहौल में मदद करेगा। युद्ध की स्थिति स्पष्ट होते ही, यह न केवल निर्यातकों को बाजार वापस पाने में लाभ देगा बल्कि पूंजी प्रवाह को भी आकर्षित करेगा, क्योंकि भारतीय परिसंपत्तियां विदेशी निवेशकों के लिए सस्ती हो जाएंगी, लेकिन दूसरी तरफ देश में महंगाई का संकट बढ़ायेगा, जो कि बड़ी चुनौती है।

---

**विचार**

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

# क्या पश्चिम बंगाल में नहीं है कानून का राज



नौशाबा परवीन



यह घटना दुस्साहसिक प्रयास है न सिर्फ.न्यायिक अधिकारियों पर दबाव बनाने का बल्कि यह इस अदालत के प्राधिकरण को भी चुनौती है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह सोची-समझी, सुनियोजित और जान बूझकर की गई हरकत है न्यायिक अधिकारियों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से और आपत्तियों के निवारण की जो प्रक्रिया चल रही है, उसे बाधित करने की... यह नागरिक व पुलिस प्रशासन की पूर्ण नाकामी को प्रतिविम्बित करती है, जहां तक मालदा में कानून व्यवस्था की स्थिति का संबंध है।' यह सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी का एक प्रासंगिक अंश है, जिससे मालदा, पश्चिम बंगाल में 1 अप्रैल 2026 को हुई निंदनीय घटना की गंभीरता का स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संदर्भ में क्या एक्शन लिया गया है और राजनीतिक पार्टियां इसे किस दृष्टि से देख रही हैं, की समीक्षा करने से पहले आवश्यक है कि संबंधित घटनाक्रम को संक्षेप में समझ लिया जाये।

हंगामा उस समय आरंभ हुआ जब 1 अप्रैल 2026 की शाम को लगभग 4 बजे प्रदर्शनकारी पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कालियाचक 2 ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के बाहर एकत्र होने लगे। वे गुस्से में थे; क्योंकि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये थे। प्रदर्शनकारियों ने पहले यह मांग की कि दफ्तर के अंदर जो न्यायिक अधिकारी मौजूद हैं, उनसे उनकी मुलाकात करायी जाये।

जब उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ ने बिल्डिंग का घेराव कर लिया और सात न्यायिक अधिकारी उसके अंदर ट्रैप हो गये, जिनमें तीन महिलाएं भी थीं। समय गुजरने के साथ प्रदर्शन तीव्र होता गया। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे 12 ( कोलकाता-सिलीगुड़ी मार्ग ) को भी ब्लॉक कर दिया, जिससे ट्रैफिक बाधित हुआ और प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बढ़ता गया। देर रात में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे, राहत कार्य को अंजाम देने के लिए। जब आधी रात के बाद न्यायिक अधिकारियों को बिल्डिंग से बाहर निकाला गया तो प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बांस की बल्लियां रखकर उनके वाहनों को रोकने की कोशिश की। वाहनों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी किया गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज किया और न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हंगामे के दौरान अनेक प्रदर्शनकारी चोटिल भी हुए, लेकिन आधिकारिक तौरपर इसकी पुष्टि नहीं की गई।

**न्यायिक अफसरों को बंधक बनाने की घटना**

बहरहाल, स्थिति उस समय शांत हुई जब अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि जो वैध मतदाता हैं, उनके नामों को चार दिन के भीतर मतदाता सूची में शामिल करा दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद सड़क पर जो जाम लगाया गया था, उसे भी हटा लिया गया। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग ने बहुत ही लचर व गैर-जिम्मेदार तरीके से एसआईआर प्रक्रिया को अंजाम दिया है और मनमर्जी करते हुए बहुत से वैध मतदाताओं के नाम भी सूची से हटा दिये हैं। इसलिए पीड़ितों का अपने हक के लिए विरोध प्रदर्शन करना जायज था, लेकिन न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना व कानून को अपने हाथ में लेने को किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। उक्त घटना पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख अपनाना एकदम दुरुस्त है।

अदालत को लगता है कि प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं किया और समय पर उचित कदम नहीं उठाये, नतीजतन राज्य के मुख्य सचिव व डीजीपी को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं कि उनके खिलाफ एक्शन क्यों न लिया जाये? इस घटना को 'निंदनीय' कहते हुए अदालत ने कहा है कि यह 'सुनियोजित व प्रेरित' प्रतीत होती है ताकि न्यायिक अधिकारियों को हतोत्साहित किया जाये और जो चुनावी प्रक्रिया चल रही है उसे बाधित किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह किसी को भी प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करने देगा और न ही किसी को कानून अपने हाथ में लेने देगा कि न्यायिक अधिकारियों पर मनोवैज्ञानिक हमले किये जाएं। अदालत ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार को चाहिए कि वह चुनाव आयोग को सूचित करके न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु केंद्रीय बलों की तैनाती करे। इस बीच चुनाव आयोग ने घटना की जांच एनआईए से कराने के आदेश दिये हैं। घटना के संदर्भ में 18 व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया गया है, जिनमें आल इंडिया सेक्युलर फ्रंट के मोथाबारी प्रत्याशी भी शामिल है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों की निंदा करते हुए कहा कि वह मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाये जाने के मामले में वही कर बैठे जो बीजेपी उनसे चाहती है कि न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया जाये ताकि केंद्र सरकार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का मौका मिल जाये और चुनाव स्थगित कर दिये जायें। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट की बात को एकदम सही ठहराते हुए प्रदर्शनकारियों से कहा, 'क्या तुम्हें मालूम नहीं कि सीबीआई व एनआईए को जांच के आदेश दे दिये गये हैं? यह बीजेपी का गेम प्लान है। वह चुनाव नहीं चाहती, वह राष्ट्रपति शासन चाहती है। क्या तुम्हें वह चाहिए या तुम्हें शांतिपूर्ण चुनाव चाहिए, जिनके माध्यम से तृणमूल कांग्रेस वापस सत्ता में आ जाये?' मुर्शिदाबाद के सागरदीघी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, 'बीजेपी की साजिश को नाकाम करने का एकमात्र तरीका यह है कि अपने हाथ में कानून मत लो। अगर तुम्हें मुझ पर विश्वास है, तो बीजेपी के उकसावे में मत आओ।'

ममता ने वायदा किया कि जिन वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिये गये हैं, उनके नाम जल्द जोड़ दिये जायेंगे, क्योंकि इस मुद्दे को हल करने के लिए वह कानूनी मदद ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि जिनके नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं, वे पुनः अप्लाई करें, जिसके लिए ट्रिब्यूनल स्थापित किये गये हैं। अगर तब भी न्याय न मिले तो सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करेगा। ममता बनर्जी का आरोप है कि पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था चुनाव आयोग के हाथ में नहीं है बल्कि उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय व राज भवन चला रहा है, इसलिए मुख्य सचिव ने न तो स्थिति को नियंत्रित किया और न ही मालदा की घटना के बारे में उन्होंने व गृह सचिव ने उन्हें सूचित किया। ममता बनर्जी ने मालदा की घटना को 'साजिश' बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। जबकि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाया है कि मालदा की घटना से स्पष्ट है कि ममता बनर्जी व तृणमूल कांग्रेस के शासन में पश्चिम बंगाल में सिस्टम पूरी तरह से टूट गया है।

ये आरोप-प्रत्यारोप राजनीतिक दृष्टि से लगाये गये हैं। इनका कोई खास औचित्य नहीं है। यहां समझना सिर्फ दो बातों का है। एक, बड़े पैमाने पर वैध मतदाताओं के नाम वोटर सूची से हटा दिये गये हैं। यह भूलवश हुआ या जानबूझकर, इसकी जांच होनी चाहिए। दूसरा यह कि पीड़ित मतदाताओं का अपने हक के लिए आवाज उठाना तो सही था, लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में लेकर न्यायिक अधिकारियों को बंधक नहीं बनाना चाहिए था। यह अपराध है, जिसकी कड़ी सजा मिलनी चाहिए और साथ ही पुलिस व प्रशासन की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए कि उनकी लापरवाही ने स्थिति को हाथ से निकलने दिया।

> इस घटना पर अदालत को लगता है कि प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं किया और समय पर उचित कदम नहीं उठाये, नतीजतन राज्य के मुख्य सचिव व डीजीपी को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं कि उनके खिलाफ एक्शन क्यों न लिया जाये?

---

**सोशल मीडिया**



गुड फ्राइडे हमें ईसा मसीह के बलिदान की याद दिलाता है, यह दिन मेलजोल, दया और माफी के मूल्यों को और गहरा करे, भाई-चारा के साथ हम सभी का मार्ग-दर्शन करें। पीएम मोदी.

# कर्तव्य परायणता

**अंतर्दृष्टि**

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशाना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

# अब युद्ध में उतरेंगे जंगी रोबोट्स



सामयिक • संजय श्रीवास्तव

ईरान के खिलाफ जंग में हवाई हमले से अपने मंसूबे पूरे होने में देर लगते देख अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान किया था कि वे जमीनी जंग में उतर सकते हैं। आज भले ही उनका बयान लोगों को अति उत्साही और लगभग असंभव सा लगे लेकिन अगर यही बात आधे दशक बाद कही गई होती तो यह एक सामान्य कथन होता। तब सैनिक सरीखे दिखते मशीनी मानव यानी ह्युमनाइड मिलिट्री रोबोट को युद्ध में उतारना आम हो चुका होता। इस साल जनवरी के आखीर में, खून से लथपथ तीन रूसी सैनिक एक तबाह बिल्डिंग से निकलकर एक हथियारबंद यूक्रेनी ग्राउंड रोबोट, जो एक बिना ड्राइवर वाला छोटा टैंक था, उसके सामने समर्पण करने निकले तो भले ही वह मानवीकृत रोबो सैनिक नहीं हो पर उससे ह्यूमनॉइड सैनिकों की अहमियत पर भरोसा मजबूत हो गया और जब बीती फरवरी में दो रोबोट सैनिक फैंटम एमके-1 को फ्रंटलाइन-टोही सहायता के बहाने यूक्रेन भेजा गया तो यह तय हो गया कि ह्यूमनाइड रोबो सैनिकों का मैदान-ए-जंग में आमद हो गई है। यहां फैंटम को दरवाजों पर विस्फोटक लगाने की ट्रेनिंग दी गई ताकि मानव सैनिक साइट्स को और सुरक्षित तरीके से तोड़ सकें।



जेट ब्लैक स्टील से बना, 360 डिग्री यानी चारों तरफ तथा रात में भी साफ देख सकने की क्षमता से लैस टिंटेड ग्लास वाइजर लगाए, रिवॉल्वर, पिस्टल, शॉटगन, एम-16 राइफल जैसे कई हाई-पावर वाले हथियार धारे, जो भी हथियार इंसान चला सकता उसको उससे भी ज्यादा कुशलता से चलाने में समर्थ और सक्षम यह दुनिया का पहला ह्यूमनॉइड रोबोट सुंदर है और दहशत का अहसास कराने वाला भी। खास तौरपर डिफेंस एप्लीकेशन के लिए बनाए गए फैंटम को अब इसे बनाने वाली कंपनी फाउंडेशन, जिसके पास पहले से ही अमेरिकन आर्मी, नेवी और एयर फोर्स के साथ कुल 24 मिलियन डॉलर के रिसर्च कॉन्ट्रैक्ट हैं, ऐसे रोबोट युद्ध क्षेत्र में तैनाती के लिए तैयार कर रही है, जो ष्जटिल, बेहद खतरनाक माहौल में जंग लड़ने वाले सैनिकों के साथ काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। यूक्रेन के युद्ध मैदान से अटलांटा और सिंगापुर तक की फैक्ट्रियों तथा डॉकयार्ड में भी इनका परीक्षण जारी है। अमेरिका अकेला नहीं है, जो इंसान जैसे सैनिकों पर रिसर्च कर रहा है। रूस और चीन और अन्य तानाशाही शासन रोबो कॉर्प्स और डुअल-यूज टेक्नोलॉजी विकसित कर रहे हैं, जिससे मशीनी मानव को ज्यादा शक्ति संपन्न और सक्षम किलिंग मशीन बनाने की तैयारी की जा रही है।

कुल मिलाकर दर्जनों प्रकार के रोबोट सैनिक निर्माण प्रक्रिया में हैं। कुछ ही बरसों में, एआई के तेजी से फैलने से वो चीज सच हो गई है, जो कभी डिस्टोपियन साइंस-फिक्शन की चीज हुआ करती थी। जल्द ही जमीनी जंग केवल बंदूक और टैंक का मामला नहीं रहेगा यह एआई, रोबोटिक्स और डेटा की जंग होगी। पूरा युद्ध एक 'डिजिटल सिस्टम' बन जाएगा रोबोट सैनिक मुख्यतः चार पांच तरह के होंगे जिसमें फैंटम जैसे सैनिक रोबो ग्राउंड रोबोट कहलायेंगे। मशीन और एआई का संयोजन वाले ऐसे रोबोट को थकान या डर नहीं लगता और वे रेडिएशन, केमिकल या बायोलॉजिकल एजेंट से निर्विकार रहते हुए बहुत खराब हालात में भी चैबीसों घंटे काम कर सकते हैं। ह्यूमनॉइड सैनिक ज्यादा मजबूत विकल्प देते हैं, दूर बैठकर संचालित किए जाने वाले ये रोबोट मानव सैनिक के मुकाबले ज्यादा नियंत्रित और सटीकता से हमला करने वाले होंगे। ड्रोन, सैटेलाइट, सेंसर से जुड़े रहेंगे ये रोबोट एक साथ मिलकर 'स्मार्ट आर्मी नेटवर्क' का हिस्सा बनेंगे।

ये सभी जहां इंसान के लिए ज्यादा जोखिम ज्यादा वाले अग्रिम मोर्चे, खतरनाक जगहों पर भेजे जाएंगे। ये दुश्मन की गोलीबारी झेल सकते हैं, बंकरों को क्लियर करना इनके लिए बाएं हाथ का काम होगा, शहरी युद्ध में आसानी से प्रवेश कर सकेंगे, इमारतों के अंदर बेखौफ घुसना हो अथवा सेंसर और कैमरों से जानकारी जुटाना, एआई के जरिए भीड़ में संदिग्ध अथवा दुश्मन की सटीक पहचान करना हो और साथी इंसान सैनिकों को तुरंत सूचना देना हो ये स्मार्ट रोबो सैनिक सफलतापूर्वक करेंगे। बचाव और लॉजिस्टिक्स में सहयोग का काम भी इनसे लिया जा सकता है। भीषण गोलाबारी के बीच घायल सैनिकों को उठाकर लाना हो अथवा युद्ध क्षेत्र में गोला-बारूद पहुंचाना, कठिन इलाकों में आपूर्ति प्रदान करना इनके लिए बहुत आसान होगा। आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन में बम निष्क्रिय करने हों अथवा बंधक वाली स्थिति में इनका इस्तेमाल बड़े काम का हो सकता है। युद्ध में बॉडी बैग की बढती संख्या सेना की हिम्मत तोड़ देती है इनके रहने से बॉडी बैग नहीं बढ़ेंगे, सेना का हौसला कम नहीं होगा। कई देश किलर चेन विकसित कर चुके हैं। किलर चेन का मतलब है युद्ध की पूरी एआई से जुडी पूरी डिजिटली कृत युद्ध प्रक्रिया यानी मशीनी मदद से लक्ष्य पहचानना, उसकी जानकारी जुटाना, हमले या बचाव का निर्णय लेना, हमला करना तथा आक्रमण का परिणाम देखना तथा दिखाना। पहले यह सब सैनिक और पूरी सैन्य व्यवस्था करती थी, अब एआई से जुड़े सैन्य रोबोट और यह काम तेजी से करने लगे हैं, आगे चलकर ह्यूमनाइड रोबो यह काम संभाल लेंगे, तो युद्ध का पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। रोबोटिक गन संभालने वाला मशीनी सैनिक आगे-आगे रहेगा और इंसान जंगजू इसके पीछे। बेहद कम जोखिम उठाकर, बहुत कम खर्चे में, बारूदी सुरंग और दुर्गम इलाके, भीषण रणक्षेत्र में भी रात दिन की परवाह किए बिना तेज और सटीक हमला तथा बिना खून बहाए फतह। रूस और यूक्रेन युद्ध में रोबोटिक सिस्टम प्रयोग कर रहे हैं, अमेरिका के पास भी उन्नत रोबोट सैनिक सिस्टम है, तो चीन के पास रोबोट डॉग और स्वायत्त हथियार, इजराइल एआई आधारित निगरानी और हमला करने में कुशल है तो इस दिशा भारत अभी मध्यम स्तर पर है, लेकिन तेजी से आगे बढ़ रहा है। डीआरडीओ कई तरह के मिलिट्री रोबोट और एआई सिस्टम विकसित कर चुका है जैसे रोबोट डॉग, सीमा निगरानी रोबोट, स्वार्म ड्रोन इत्यादि। डीआरडीओ का इरादा जमीन पर चलने वाले रोबोटिक सैनिक विकसित करने का भी है जिसे आइडिया फोर्ज, न्यू स्पेस रिसर्च जैसे निजी स्टार्टअप्स और सेना के सहयोग से बनाया जाएगा और इसका इस्तेमाल बम डिस्पोजल, सुरागरसी, निगरानी, हथियार ले जाने तथा सीमावर्ती इलाकों में गश्त करने में किया जायेगा।

**खतरे भी बहुतेरे**

ह्यूमनॉइड रोबोट भारी और महंगे होते हैं। इनका संचालन लगभग 20 मोटरों से होता है, जिनमें से हर एक को पावर देना होता है। कम बैटरी लाइफ के चलते उन्हें रेगुलर रिचार्ज की जरूरत होती है, छोटी सी गड़बड़ी से भी उनके बेकार होने की आशंका बहुत है। कठिन इलाकों में संतुलन की समस्या के अलावा वे कीचड़, धूल और तेज बारिश का सामना कैसे करेंगे, अज्ञात है। युद्धबंदी बनाए गये रोबोट ऐसे संवेदनशील डेटा के स्रोत हैं, जो खुफिया विभाग को भेजे जाते हैं। इनको इंटरसेप्ट करके भी उनकी नकल बनाई या हाइजैक किया जा सकता है। हैक किया गया ह्यूमनॉइड सैनिक कई तरह के खतरे पैदा करता है। दुश्मन रोबोट को अपनी तरफ कर उसे बनाने वालों के खिलाफ इस्तेमाल कर सकता है अथवा उनसे ऐसे अत्याचार करवा सकता है, जिनका दोष दूसरे पर जाए। एआई एकदम सटीक नहीं, इसको इस्तेमाल करने वाले जानते हैं कि जेनरेटिव टूल झूठी, गुमराह करने वाली या बेमतलब की जानकारी भी बहुतेरी देते हैं। ऐसे में एआई संचालित रोबोट सैनिकों के जानलेवा फैसलों पर कैसे भरोसा किया जा सकता है।

पूरी तरह इंसान जैसी बुद्धिमत्ता और विवेक नहीं होना बड़ा रिस्क है। वे अपने कामों के नैतिक असर को कभी नहीं समझ पायेंगे। अगर कोई बच्चा कोई प्लास्टिक की पिस्तौल पकड़े है तो क्या यह उस पर भी घातक हमला नहीं कर देगा? इंसान जैसे ये सैनिक लड़ाई की जिम्मेदारी को धुंधलाकर युद्ध को और अधिक अमानवीय बना सकते हैं। अगर कोई ह्यूमनॉइड रोबोट खराब हो जाता है और उसके चलते युद्ध अपराध करता है या किसी ऐसे व्यक्ति को मार देता है, जो लड़ाका नहीं है, तो क्या सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर या कमांडिंग ऑफिसर को जिम्मेदार ठहराया जाएगा? मौजूदा इंटरनेशनल कानून अभी तक 'एल्गोरिद्मिक' से निपटने के लिए तैयार नहीं है। ऑपरेटर और टारगेट के बीच फिजिकल दूरी इंसानों को 'डेटा पॉइंट्स' में बदल देती है, जिससे जान लेना एक वीडियो-गेम में किसी को मारने जैसा सामान्य हो नैतिक महत्व खो देता है, लड़ाई के मैदान से इंसानी हमदर्दी की आखिरी निशानी भी खत्म हो जाती है। दूर से और अपने आप युद्ध लड़ने की क्षमता से मौतें भले कम हों लेकिन इससे जोखिम उठाने की बढ़ी क्षमता ज्यादा ऑपरेशन करने को उकसायेगी।

## आप की बात

### बढ़ती दुर्घटनाएं

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफिक सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

### बैंकों का विलय

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकरी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## अमरीश बनाये गये सूचना का अधिकार विभाग के जिलाध्यक्ष

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमरीश पांडे को सूचना का अधिकार विभाग अयोध्या का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उनके आवास पहुंच कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी कांग्रेस नेताओं ने अमरीश पांडे को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अमरीश पांडे की यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव द्वारा की गई है। हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि यह नियुक्ति कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है। अमरीश पांडे ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे सूचना का को और मजबूत बनाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी शिवपूजन पांड आदि उपस्थित रहे

# अयोध्या में बनेगा एक और आरओबी, मिली मंजूरी

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर यातायात को सुगम बनाने और रेलवे समपार पर लगने वाले जाम से स्थायी राहत दिलाने की दिशा में एक बड़ी सौगात दी है। अकबरपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल सेक्शन के किमी 975/20-22 पर स्थित सम्पार संख्या 125सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इस परियोजना राज्यपाल ने भी अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। परियोजना की कुल अनुमोदित लागत 9681.73 लाख रुपये (लगभग 96.82 करोड़ रुपये) है। इसमें मुख्य सेतु (रेलवे भाग) की लागत 3528.19 लाख रुपये, यूटिलिटी शिफ्टिंग 52.27 लाख रुपये, भूमि अधिग्रहण 1372.85 लाख रुपये और पहुँच मार्ग आदि की लागत 4728.42 लाख रुपये शामिल है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहले चरण में 2153.73 लाख रुपये की राशि जारी कर दी गई है यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड को सौंपी गई है। परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

- अकबरपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल सेक्शन पर यातायात होगा सुगम, लगभग 96 करोड़ की लागत से होगा निर्माण
- सम्पार संख्या 125सी पर जाम से मिलेगी राहत, दो लेन सेतु निर्माण शुरू होगा
- उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड को सौंपी गई निर्माण की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर यह स्वीकृति मिली है, जो अयोध्या क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को नया आयाम देगी। सम्पार संख्या 125सी पर वर्तमान में भारी वाहनों और आम यातायात के कारण अक्सर जाम लगता है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी होती है। नया दो लेन रेल उपरिगामी सेतु बनने से रेल और सड़क यातायात पूरी तरह अलग हो जाएगा। इससे न केवल जाम की समस्या समाप्त होगी, बल्कि अकबरपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन भी अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। यह सेतु अयोध्या धाम के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राम मंदिर दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही स्थानीय व्यापार, परिवहन और रोजगार की गतिविधियों में तेजी आएगी। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (सेतु) के पत्र के आधार पर राज्यपाल ने इस परियोजना को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन और धार्मिक केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस आरओबी निर्माण को भी उसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। परियोजना पूरी होने पर अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर यातायात की रफ्तार बढ़ेगी।

# ज्वैलर्स दुकान लूटकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार



**अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र में ज्वैलर्स की दुकान से गहनों की लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से करीब पांच लाख रुपये मूल्य के आभूषण व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने बताया कि 2 अप्रैल को कस्बा रूदौली के कोठी बाजार स्थित अग्रवाल कॉम्प्लेक्स में महेश ज्वैलर्स की दुकान पर एक नकाबपोश महिला ग्राहक बनकर पहुंची। गहने देखने के दौरान उसने मौका पाकर हार व चेन हाथ में ले ली और खिलौना पिस्तौल दिखाकर दुकान से भाग निकली। बाहर खड़े साथी के साथ मोटरसाइकिल से फरार हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीमों का गठन कर जांच शुरू की गई। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मात्र दो घंटे में घटना का सफल अनावरण कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्ता पायल कोरी (21) निवासी थाना बाबा बाजार तथा उसके साथी राहुल कुमार (21) निवासी थाना मवई को गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्तों के कब्जे से लूटे गए आभूषण, एक मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, बुर्का, पिट्ठू बैग व प्लास्टिक की पिस्तौल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी में रूदौली पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## स्पाइन एंडोस्कोपी से डॉ. बृहस्पति तिवारी ने किया साइटिका का सफल आपरेशन



**बाराबंकी।** आधुनिक चिकित्सा तकनीक का उपयोग करते हुए नन्दलाल प्रभुदेवी हास्पिटल में पेन चिकित्सक डॉ0 बृहस्पति तिवारी ने साइटिका का सफल इलाज कर 65 वर्षीय बुजुर्ग को राहत पहुचाई। बताते चले कि फतेहपुर क्षेत्र के 65 वर्षीय बुजुर्ग पिछले 3 महीनों से कमर की नस दबने के कारण गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। जिनको पैरों में झनझनाहट, भारीपन, कमजोरी और फुट ड्रॉप की शिकायत थी। परिजनों द्वारा कई जगह इलाज कराने के बावजूद राहत न मिलने पर नन्दलाल प्रभुदेवी हास्पिटल मे डा0 तिवारी से परामर्श लेते हुये सफल आपरेशन कर मरीज को राहत दिलाई गई। इस सम्बन्ध मे डा0 तिवारी ने बताया कि आधुनिक स्पाइन एंडोस्कोपी दूरबीन विधि के माध्यम से बिना चीर-फाड़ केवल 5 मिमी के छोटे छेद से नस पर दबाव हटाया गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है और मरीज होश में रहते हुए स्क्रीन पर उपचार देख सकता है।

## विशेष अभिसूचना अधिकारी से पुलिस उपाधीक्षक बने भूपेन्द्र सिन्हा



**बाराबंकी।** 1998 से पुलिस उपनिरीक्षक के पद से नौकरी की शुरूआत करने वाले निरीक्षक भूपेन्द्र सिन्हा को शासन द्वारा जारी हुई पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति की सूची के बाद आज शुक्रवार को मण्डलाधिकारी अभिसूचना अयोध्या मण्ड़ल अनिरुद्ध सिंह द्वारा स्टार स्वैपिंग सेरेमनी के तहत स्टार व बैरट कैप लगाकर बधाई दी गई। पदोन्नति से पूर्व श्री सिंन्हा जनपद मे विशेष अभिसूचना अधिकारी के पद पर कार्यरत है। श्री सिन्हा ने लखनऊ से नौकरी की शुरूआत की है। 2016 मे निरीक्षक पद पर उनका प्रमोशन हुआ था। जिसके बाद उन्होने मिजार्पुर, आजमगढ़, सोनभद्र, रायबरेली, मऊ, लखनऊ सहित बाराबंकी जनपद मे अपनी सेवा दी है। बाराबंकी मे तैनाती के साथ पुलिस उपाधीक्षक पद पर उनकी पदोन्नति हुई है। जनपद जौनपुर के थाना सुरेही अन्तर्गत ग्राम कसेरु के मूल निवासी श्री सिन्हा बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। उनका आत्मीय भाव उनके व्यक्तित्व की पहचान को अलग रुप देता है।

# पुलिस मुठभेड़ के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने खोला मोर्चा



**बाराबंकी।** प्रदेश सहित जनपद में पुलिस मुठभेड़ के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर न्यायपालिका के आदेशों का सम्मान और पालन कराए जाने की माँग की है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिख कर कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इलाहाबाद ने राजू उर्फ राजकुमार बनाम उत्तर प्रदेश सरकार की जमानत याचिका में दिनांक 28 जनवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए कहा है कि फर्जी पुलिस मुठभेड़ मामले में पुलिस पार्टी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाकर जांच किसी अन्य एजेंसी से कराए जाना चाहिए। जनपद में प्रकाशित न्यूज एजेंसियों के माध्यम से भी यह प्रतीत होता है कि जनपद में भी कई फर्जी एनकाउंटर हुए हैं। जिसकी जाँच भी होनी चाहिए और पुलिस एनकाउंटर पार्टी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज होनी चाहिए। राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने पुलिस पार्टी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाकर उसको सार्वजनिक करते हुए किसी अन्य एजेंसी से जांच करवाए जाने की मांग भी की है।

- पुलिस महानिदेशक को भेजा पत्र, अन्य एजेंसी से जांच करवाए जाने की मांग

# आत्महत्या का प्रयास या दबाव की रणनीति

**फतेहपुर।** जनपद के शिक्षा विभाग के डीआईओएस कार्यालय से जुड़ा चर्चित श्बाउंसर बाबूश प्रकरण अब और पेचीदा होता जा रहा है। उत्पीड़न के आरोप लगाने के बाद कथित तौर पर नींद की 20 गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास करने की घटना को लेकर अब नए सवाल उठने लगे हैं। चचाओं का केंद्र यह है कि कहीं यह पूरा घटनाक्रम डीआईओएस पर मानसिक दबाव बनाने की सोची.समझी रणनीति तो नहीं था। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो संबंधित बाबू का विभाग में वर्षों से गहरा प्रभाव रहा है। 1992 में जीजीआईसी से सेवा शुरू कर 1999 में डीआईओएस कार्यालय पहुंचे इस कर्मचारी ने लंबे समय तक डीआईओएस कार्यालय के सिस्टम पर अपनी पकड़ बनाए रखी। 2022 में सहेली स्थानांतरण के बाद भी उसका प्रभाव कम नहीं हुआ और 2024 में प्रमोशन के साथ एक बार फिर डीआईओएस कार्यालय में उसकी वापसी हो गई। बताया जाता है कि विभाग में उसकी पकड़ इतनी मजबूत थी कि विद्यालयों के प्रबंधक और प्रधानाचार्य भी सीधे अधिकारियों के बजाय पहले उसी के संपर्क में रहना बेहतर समझते थे। उसकी कार्यशैली और रुतबा ऐसा था कि साहब भी उसके प्रभाव के आगे कमजोर नजर आते थे। इस बीच यह भी चर्चा में है कि बाबू स्वयं पुत्र सहित डीआईओएस के पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुआ थाए जिससे दोनों के बीच करीबी संबंधों की बात कही जा रही हैए जिससे उत्पीड़न पर सवाल उठ रहे है। अब जब वही बाबू आरोप लगाकर कथित आत्महत्या प्रयास के जरिए सुर्खियों में हैंए तो यह सवाल और गहरा हो गया है कि क्या यह कदम किसी प्रकार का दबाव बनाने की कोशिश थी। वही जानकारों का कहना है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी किसी अधिकारी को प्रभावित करने या उसके कर्तव्यों में बाधा डालने के उद्देश्य से ऐसा कदम उठाता हैए तो यह गंभीर अपराध की श्रेणी में माना जाता है। वहीं बाबू की हाईप्रोफाइल लाइफस्टाइल भी हमेशा चर्चा में रही है। निजी लग्जरी गाड़ी पर श्उत्तर प्रदेश सरकारश लिखवाकर बाउंसरों के साथ चलना और प्रभावशाली अंदाज में रहना उसकी पहचान बन चुका था। सूत्रों का दावा है कि इसी प्रभाव के दम पर उसने काफी संपत्ति भी अर्जित की और कई महंगे शहरों में प्रॉपर्टी भी बनाई तथा भूमि पूजन तक किया। हालांकि बाबू द्वारा इससे इनकार किया जाता रहा है। खैर अब देखना यह है कि प्रशासन इस पूरे मामले को किस नजर से देखता है। क्या यह महज व्यक्तिगत विवाद है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा खेल छिपा है। वहीं सूत्र बताते हैं कि बाबू को निजी अस्पताल से चिकित्सकों द्वारा सकुशल डिस्चार्ज कर दिया गया है। हालांकि सूत्र यह भी बताते हैं कि बाबू स्वयं को अत्यंत बीमार दिखाने के लिये किसी हायर सेंटर जाने की भूमिका भी बना सकता है। फिलहाल जांच और मामले पर आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

## साईं आश्रम खोदेपुर मजनाई का 112.27 लाख रुपए से होगा विकास

अयोध्या। विकास खंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मजनाई स्थित सत्य साईं दाता आश्रम खोदेपुर के लिए पर्यटन विभाग ने 112.27 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से आश्रम में मूलभूत सुविधाओं यात्री निवास, सुलभ प्रसाधन, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बेंच और साइनेज विद बारकोड आदि का विकास के लिए किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।यहां प्रतिवर्ष दूर दराज के इलाकों से हजारों भक्त अपनी आस्था प्रकट करने आए हैं।

## एडीजी प्रवीण कुमार ने किया नगर कोतवाली का निरीक्षण

**बाराबंकी।** 9 वर्टिकल पायलट प्रोजेक्ट के तहत अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ प्रवीण कुमार ने थाना कोतवाली नगर की विभिन्न व्यवस्थाओ का जायजा लिया। अपर पुलिस महानिदेशक श्री कुमार ने बताया कि यह प्रोजेक्ट



ऑफिस मैनेजमेंट, साइबर पुलिसिंग, क्राइम मॉनिटरिंग, महिला सुरक्षा मिशन शक्ति, ट्रैफिक और बीट ड्यूटी आदि क्षेत्रों को डिजिटल तरीके से सुव्यवस्थित करेगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी रामकिशुन राणा, क्षेत्राधिकारी विजय शंकर यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान , स्थानीय लोगों ने आग पर पाया काबू



**बहराइच ।** जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित चिलवरिया बाजार में गुरुवार की देर रात दुकान में आग लग गई । आस पास के लोगों इसकी सूचना दुकान मालिक को दी , लोग जब तक मौके पर पहुंचते आग ने विकराल रूप ले लिया , जिसके चलते उसमें रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया ।स्थानीय लोगों में करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया ।इलाके में रहने वाले गौरव गुप्ता की चिलवरिया रेलवे स्टेशन के पास बजरंग मिष्ठान भंडार के नाम से दुकान है ।गुरुवार की देर रात करीब एक बजे उनकी दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई ।सूचना पर वो मौके पर पहुंचे इस दौरान आस पास के लोग भी आ गए ।करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया ।दुकान के मालिक गौरव ने बताया कि अग्निकांड में दुकान में रखे दो बड़े फ्रीजर इनवर्टर समेत करीब तीन लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई है ।आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल सका है ।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

# मेडिकल कॉलेज में कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम का आयोजन




**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय से संबद्ध कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार ह्यकैंपस कॉलिंग प्रोग्रामह्ण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नर्सिंग के उप-प्रधानाचार्य डॉ. सुदीश एस. एवं अन्य शिक्षकों के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को चलचित्र के माध्यम से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, लैंगिक समानता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं को यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा संस्थान स्तर पर गठित आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

उन्हें बताया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है और उसके साथ किसी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना न हो, इसकी जिम्मेदारी संस्थान की होती है। आवश्यकता पड़ने पर शिकायतकर्ता को सुरक्षित माहौल देने के लिए कक्षा या कार्यस्थल में अस्थायी बदलाव जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।सत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि यौन उत्पीड़न केवल शारीरिक दुर्व्यवहार तक सीमित नहीं है। इसमें अशोभनीय टिप्पणी करना, गलत इशारे करना, बिना अनुमति छूना, बार-बार अनचाहा संपर्क करना, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश भेजना, धमकी देना या लैंगिक आधार पर अपमानजनक व्यवहार करना भी शामिल है। ऐसे मामलों में सहपाठी, शिक्षक, कर्मचारी या परिसर से जुड़ा कोई भी व्यक्ति आरोपी हो सकता है।

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के विषय पर भी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, निजी जानकारी साझा करने से बचने तथा ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के तरीकों के बारे में बताया गया।इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के आधार पर पांच विद्यार्थियों को ह्यएंबेसडरह्ण के रूप में चयनित किया गया। इनमें तीन छात्राएं—महिमा मिश्रा, खुशी सिंह एवं खुशी शुक्ला तथा दो छात्र—सिद्धार्थ अवस्थी और राजकुमार यादव शामिल हैं।सुरक्षित व समावेशी माहौल बनाना है उद्देश्यमेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री ने कहा कि ह्यकैंपस कॉलिंग प्रोग्रामह्ण का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण तैयार करना है, जिससे छात्र-छात्राएं जेंडर भेदभाव, यौन उत्पीड़न और साइबर अपराध जैसी चुनौतियों के प्रति सजग रह सकें।

## नायब तहसीलदार बने आनंद स्वरूप का हुआ सम्मान

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत गोठवारा में नायब तहसीलदार के पद पर चयनित आनंद स्वरूप यादव का सम्मान किया गया।



आनंद स्वरूप ने पीसीएस 2024 की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है।यह सम्मान समारोह पूर्व प्रधान साहबलाल यादव के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने मेधावी आनंद स्वरूप को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर आनंद स्वरूप यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता साहबलाल यादव व परिजनों के साथ-साथ गुरुजनों के उचित मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, निरंतर प्रयास और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। आनंद स्वरूप यादव को सम्मानित करने वालों में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, न्यायाधीश बृजेंद्र स्वरूप यादव, अनुराग यादव, पूर्व प्रधान सभाजीत यादव, प्रधान अगरबा इंद्रसेन यादव पिंटू, हाफिज फैयाज अहमद, हरिकेश यादव, अब्दुल कयूम, पवन कुमार यादव, राजकुमार शिल्पकार, प्रेम कुमार यादव, सेवरा प्रधान रविंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदयराज यादव, दादा हितलाल यादव, दिलीप यादव, चंद्रपाल यादव, मुमताज अहमद, ओंकार सिंह, राम लोटन सिंह, पवन कुमार सिंह, पारस सिंह, राम कुबेर पांडे, रजनीश पांडे, अमरदीप मौर्य, राम अचल पासवान, शिक्षक दिलीप यादव, प्रशांत सेन यादव, सीताराम यादव, अरविंद यादव, अरविंद रावत कोटेदार, राजकुमार चैरसिया, विनोद यादव, शंकर बक्श यादव, उमेश पांडे, विष्णु कांत पांडे, संदीप यादव, गौतम यादव, मनीष कुमार, अंकुर दुबे सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, दिल्ली से बिहार जा रही बस पलटी, 24 घायल

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस पलटने से लगभग 24 से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसा लोनी कटरा थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 32 के पास हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस यू0पी 72 एटी 1781 का संतुलन बिगड़ने के कारण दुर्घटना हुई है, हादसे के समय बस में कई यात्री सवार थे जो दिल्ली से मधुबनी, बिहार जा रहे थे। दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायल यात्रियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। जिसके कारण कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। बाद में क्रेन की मदद से बस को हटाकर ट्रैफिक को सामान्य किया गया। घायलों में दयानंद पासवान (29), रूपा देवी (33), ईशा कुमारी (30), आरव कुमार (7), मयंक कुमार (2), शत्रुघ्न पासवान (40), निशा चैधरी (32), अशोक कुमार (38), गुड़िया देवी (35), लकी कुमार (15), रोशन कुमार (24), संतोष ठाकुर (32), बिमला देवी और लुखिया देवी (30) शामिल हैं। ये सभी यात्री बिहार के विभिन्न जिलों के निवासी बताये जा रहे हैं।

- पुलिस और स्थानीय प्रशासन टीम ने मौके पर पहुंच घायल यात्रियों को सीएचसी इलाज के लिए कराया भर्ती

# एसपी की बैठक में अपराध गोष्ठी आयोजित



**बहराइच।** पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन कर विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक एवं विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा जनपद बहराइच में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शासन की मंशा के अनुरूप संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करने, थाने पर बीट स्तर से प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का तत्परता, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रतिदिन होने वाली जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही फरियादियों/आगंतुकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।महोदय द्वारा समस्त अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आईजीआरएस, सीएम डैशबोर्ड, सीसीटीएनएस, सिटिजन सर्विसेज सहित विभिन्न पोर्टलों का नियमित पर्यवेक्षण करते हुए प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा असंतुष्ट फीडबैक को कम कर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि आमजन की समस्याओं के बेहतर एवं प्रभावी निस्तारण तथा जनपद की आईजीआरएस रैंकिंग में सुधार हेतु महोदय द्वारा आईजीआरएस कंट्रोल रूम/फीडबैक सेल की स्थापना भी की गई है। इसके अतिरिक्त चोरी, नकबजनी, लूट आदि अपराधों की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर अविलंब अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने, तथा फर्जी/कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों/समूहों की जानकारी कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। विवेचकों को साइबर अपराधों की विवेचनाओं के संबंध में साइबर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

## नायब तहसीलदार बने सत्यम तिवारी का किया सम्मान




**सोहावल-अयोध्या।** ब्राह्मण चेतना मंच के प्रदेश संयोजक विश्वेश नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने साथियों सहित लहरापुर पूरे तिवारी निवासी सत्यम तिवारी का सम्मान समारोह पूर्वक किया।जिनका चयन पीसीएस में हुआ है। नायब तहसीलदार बने हैं ।स्वागत समारोह की अध्यक्षता मंच के सह संयोजक अवधेश तिवारी और संचालन संतोष मिश्र गुड्डू ने किया। श्री मिश्रा ने समारोह में बोलते हुए बताया कि सत्यम तिवारी ने अपनी मेहनत के बल पर उच्च पद प्राप्त करके समाज क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। इसके लिए पूरा ब्राह्मण समाज और समस्त समाज गौरवान्वित है ।सभी लोगों ने सत्यम तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारी कुबेर दत्त मिश्रा, चंद्रभान पाण्डेय,विकास मिश्रा, नीलेश पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, लखनधर तिवारी प्रधान शिवा कांत तिवारी, सत्यम के पिता संतोष तिवारी, अशोक तिवारी, अनूप तिवारी वाल्मीकि पाण्डेय,राजू पाण्डेय आदि मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल ब्राह्मण चेतना मंच के प्रदेश संयोजक द्वारा सत्यम तिवारी को कलाई घड़ी रामनामी अंगौछा, दीवाल घड़ी और मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

## 214000 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ टैफे ने दर्ज की नयी उपलब्धि

बंगलुरु। विश्व की एक अग्रणी ट्रैक्टर निमार्ता कंपनी और भारत की दूसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) ने वित्त वर्ष 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन की घोषणा की है। इस वर्ष कंपनी ने लगभग 2,14,951 ट्रैक्टर यूनिट्स की बिक्री की, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। टैफे ने मार्च 2026 में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शानदार तरीके से इस वित्त वर्ष का समापन किया। यह आंकड़ा इस माह के लिए घरेलू उद्योग की 29 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उद्योग की तुलना में इस तेज वृद्धि से यह साबित होता है कि न केवल टैफे की उत्पाद श्रृंखला मजबूत हुई है और किसानों के साथ जुड़ाव गहरे हुए हैं बल्कि प्रमुख कृषि क्षेत्रों में इसके कृषि उपकरणों की निरंतर मांग भी बढ़ी है। कंपनी ने घरेलू बिक्री के क्षेत्र में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि का रिकॉर्ड बनाया, कंपनी के दोनों ब्रांड्स मैसी फर्ग्यूसन और आइशर ट्रैक्टर्स ने बंपर बिक्री दर्ज की। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 12,584 ट्रैक्टरों के निर्यात के साथ ही टैफे ने निर्यात खंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे कंपनी की वैश्विक उपस्थिति और विविध विकास रणनीति और भी मजबूत हुई है।

## इंश्योरेंस का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं के लिए तैयार रहना

नयी दिल्ली। इंश्योरेंस का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं के लिए तैयार रहना है। जब ग्राहक लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी लेते हैं, तो आमतौर पर उसमें मृत्यु के जोखिम को कवर किया जाता है। लेकिन जीवन की चुनौतियां केवल इसी एक घटना तक सीमित नहीं होतीं। जीवन में बीमारी, दुर्घटनाएं, विकलांगता और आय के नुकसान जैसी स्थितियां भी उतनी ही, बल्कि कई बार उससे भी अधिक गंभीर हो सकती हैं। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के अनुसार ज्यादातर लोगों के लिए, खासकर कामकाजी प्रोफेशनल्स और परिवारों के लिए इन सभी जोखिमों के लिए अलग-अलग इंश्योरेंस पॉलिसियां लेना न केवल महंगा होता है, बल्कि उन्हें मैनेज करना भी मुश्किल हो जाता है। बस इसी समय इंश्योरेंस राइडर्स अहम भूमिका निभाते हैं। राइडर्स, जिन्हें एड-ऑन भी कहा जाता है, कुछ ऐसे ऑप्शनल बेनिफिट होते हैं, जिन्हें किसी बेस इंश्योरेंस पॉलिसी के साथ जोड़कर उसकी कवरेज को व्यापक बनाया जा सकता है। इन्हें खास तरह के जोखिमों, जैसे गंभीर बीमारी, दुर्घटना के कारण होने वाली विकलांगता या आय कम होने आदि से निपटने के लिए डिजाइन किया जाता है। इससे ऐसे जोखिमों के लिए अलग-अलग कई पॉलिसियां लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

## भाभी जी घर पर हैं - फन ऑन द रन का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर, केवल जी 5 पर

नयी दिल्ली। इंतजार की घड़ियाँ खत्म हुईं। अपनी मजेदार कहानी और यादों के साथ सिनेमाघरों में दर्शकों को गुदगुदाने के बाद भाभी जी घर पर हैं - फन ऑन द रन की स्ट्रीमिंग अब जी 5 पर हो रही है। यह कॉमेडी-ड्रामा फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसमें आपके चहेते किरदारों की अफरा-तफरी और मनोरंजक एडवेंचर ने दर्शकों को खूब हँसाया। इस फिल्म के निर्देशक शशांक बाली हैं और इसमें भाभी जी घर पर हैं नाटक के ओरिजनल किरदारों को लिया गया है, जिनमें आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, शुभांगी अत्रे, और विदिशा श्रीवास्तव के साथ मुकेश तिवारी और रवि किशन ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। लंबे समय तक टीवी पर सफल रहे शो भाभी जी घर पर हैं को एक पूरी फिल्म के रूप में परिवर्तित करके इस मूवी में आसिफ शेख और रोहिताश्व गौर को दर्शकों के सामने एक बार फिर क्रमशः विभूति नारायण मिश्रा और मनमोहन तिवारी के रूप में पेश किया गया है। वो अपने लोकप्रिय ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के अनुरूप एक बार फिर एक दूसरे की पत्नियों के करीब आने के लिए हास्यपूर्ण योजनाएं और अपने ट्रेडमार्क बहाने बनाते तथा मजेदार तिकड़में लगाते हुए नजर आएंगे।

## आरबीआई की मानक निर्गम रणनीति से एसडीएल बाजार में पारदर्शिता, नकदी बढ़ेगी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक की चुनिंदा राज्यों के लिए मानक निर्गम रणनीति (बीआईएस) से राज्य विकास ऋण (एसडीएल) बाजार में पारदर्शिता और नकदी में सुधार होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने यह संभावना जताई है।

# एलपीजी आपूर्ति स्थिर, घबराहट में बुकिंग न करें




नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

कंपनी बयान के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति जारी है। आईओसी ने बताया कि करीब 87 प्रतिशत रीफिल बुकिंग डिजिटल माध्यमों से की जा रही हैं, जबकि सही उपभोक्ता तक सिलेंडर पहुंचाने के लिए एक बार इस्तेमाल होने वाले पासवर्ड (ओटीपी) आधारित प्रणाली से वितरण की पुष्टि की जा रही है। कंपनी ने बयान में कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने वाले मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। घरेलू एलपीजी आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसमें कहा गया कि प्रतिदिन लगभग 28 लाख सिलेंडर की आपूर्ति मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव शुरू होने से पहले के सामान्य वितरण स्तर के अनुरूप है। उपभोक्ताओं को एसएमएस (संदेश) और इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम (आईवीआरएस) जैसे डिजिटल माध्यमों से एलपीजी रीफिल बुक (सिलेंडर फिर भरवाने) करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। वर्तमान में लगभग 87 प्रतिशत बुकिंग डिजिटल मंचों के जरिए प्राप्त हो रही हैं। वितरण के दौरान यह सुनिश्चित करने के लिए कि सिलेंडर सही उपभोक्ता को मिले, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) ओटीपी के माध्यम से पुष्टि की जा रही है। आईओसी ने कहा कि वह अपने सोशल मीडिया मंचों पर साझा की जा रही चिंताओं पर ध्यान दे रही है और उन्हें शीघ्र दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी बयान के अनुसार, सोशल मीडिया और उपभोक्ता शिकायतों के माध्यम से कुछ एलपीजी वितरकों द्वारा अनियमितताओं की जानकारी मिली है। काला बाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए विभिन्न विभागों के कई दल एलपीजी वितरक केंद्रों पर अचानक निरीक्षण कर रहे हैं। आईओसी के अनुसार अनियमितताओं के खिलाफ कार्वाई तेज करते हुए 7,500 से अधिक निरीक्षण किए गए और 141 वितरकों के खिलाफ कार्वाई की गई है जिनमें पांच को निलंबित किया गया है। राज्य सरकारों और अन्य तेल विपणन कंपनियों के साथ मिलकर करीब 68,000 छापे भी डाले गए हैं।

# कच्चा तेल 100 डॉलर से ऊपर रहने पर खुदरा महंगाई छह प्रतिशत से अधिक होने के आसार




मुंबई। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बने रहने पर खुदरा महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय दायरे की ऊपरी सीमा है और इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। विदेशी ब्रोकरेज एचएसबीसी ने यह अनुमान जताया है।

एक रिपोर्ट में अपने विश्लेषण के आधार पर कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमतों का औसत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहता है, तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर छह प्रतिशत से नीचे बनी रह सकती है। यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है और इससे ब्याज दरों में संभवतः बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। अगले बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या आरबीआई डॉलर के मुकाबले रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों के साधन का इस्तेमाल करेगा। इस रिपोर्ट में ऐसे कदम से जुड़े जोखिमों का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट कहती है, रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों का सहारा लेना महंगा पड़ सकता है, क्योंकि तेल की ऊंची कीमतों के साथ आर्थिक वृद्धि पर दबाव तेजी से एवं असमान रूप से बढ़ सकता है। अर्थशास्त्रियों ने सुझाव दिया कि फिलहाल मौद्रिक एवं राजकोषीय दोनों मोर्चों पर तटस्थ रुख अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है और मांग को बढ़ावा देने से महंगाई बढ़ सकती है। रिपोर्ट में तटस्थ रुख का मतलब स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2025-26 के स्तर के आसपास बनाए रखा जाए और पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर इस घाटे को नियंत्रित करने में मदद ली जाए। इसके साथ ही रिपोर्ट कहती है कि ऊर्जा क्षेत्र का यह आघात अगर कुछ और सप्ताह तक जारी रहता है, तो इससे आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाला दबाव महंगाई के प्रभाव से अधिक हो सकता है।

# दिल्ली में सोना, चांदी की कीमतें रही अपरिवर्तित



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम रहने से चांदी और सोने की कीमतें स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर अपरिवर्तित रही। इसी तरह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी ।,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) पर स्थिर बनी रही। सर्राफा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में ही रहीं, क्योंकि वैश्विक बाजारों से कोई नया संकेत नहीं मिला। वैश्विक बाजार गुड फ्राइडे के अवसर पर बंद थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम होने के कारण भी कीमतें स्थिर रहीं। बाजार के प्रतिभागी अब सर्राफा की कीमतों में आगे की दिशा जानने के लिए विदेशी बाजारों के फिर से खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 10.29 अरब डॉलर घटा



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 27 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह में कुल भंडार 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.34 अरब डॉलर रहा था।

पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। फरवरी अंत में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद से रुपया लगातार दबाव में है, और आरबीआई डॉलर की बिक्री के जरिये विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर रहा है। साथ ही, गिरावट को रोकने के लिए कुछ बड़े नीतिगत कदम भी उठाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां, जो विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा हैं, 6.62 अरब डॉलर घटकर 551.07 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि आलोच्य सप्ताह के दौरान उसके स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.66 अरब डॉलर घटकर 113.52 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार विशेष आहरण अधिकार 1.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.64 अरब डॉलर हो गए। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति 1.7 करोड़ डॉलर घटकर 4.81 अरब डॉलर रह गई।

# जन विश्वास विधेयक से व्यवसायों पर अनुपालन का बोझ कम होगा

नयी दिल्ली। उद्योग संगठनों ने संसद में जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित होने का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह व्यवसायों पर अनुपालन के बोझ को काफी कम कर देगा, विवाद निपटान में तेजी लाएगा और निवेशकों के भरोसे को मजबूत करने में मदद करेगा। संसद ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने तथा लोगों के उत्पीड़न को रोकने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन करने और लगभग ।,000 छोटे अपराधों को फौजदारी की श्रेणी से बाहर करने के लिए बृहस्पतिवार को जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया। एक हजार से अधिक अपराधों को गैर-आपराधिक बनाकर और दंड को संतुलित करके यह सुधार नियमों में अधिक स्पष्टता, भरोसेमंद व्यवस्था और संतुलन लाता है। इस विधेयक के लागू होने से कारोबार करना आसान होगा, नए उद्यम और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और भारत की वैश्विक निवेश स्थल के रूप में स्थिति और मजबूत होगी। सीआईआई जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 के पारित होने का स्वागत करता है जो एक बड़ी उपलब्धि है। यह विधेयक निवेश तथा वृद्धि के अनुकूल आधुनिक, विश्वास आधारित नियामक परिवेश बनाने के भारत के संकल्प की पुष्टि करता है।

# श्रीलंका, विश्व बैंक ने नयी साझेदारी की




कोलंबो। श्रीलंका और विश्व बैंक समूह ने द्वीप राष्ट्र की आर्थिक बहाली को मजबूत करने एवं निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई पांच वर्षीय साझेदारी शुरू की है।

विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को वॉशिंगटन में जारी बयान में कहा कि कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क (सीपीएफ) के तहत शुरू की गई यह साझेदारी श्रीलंका की आर्थिक पुनर्बहाली को गति देने, मध्यम अवधि में सात प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने एवं रोजगार सृजन में मदद करेगी। बयान में कहा गया कि व्यापार को आसान बनाना, सरकारी नियमों को सरल करना, व्यापार प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण एवं सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन करना श्रीलंका को निवेश और कारोबार के लिए अधिक आकर्षक बनाएगा। इन सुधारों से देश को 2030 तक वार्षिक निर्यात आय को दोगुना कर 36 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य में मदद मिलेगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा कि सरकार स्थिर वृहद-आर्थिक स्थिति, बेहतर शासन एवं राजस्व आधारित राजकोषीय सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य अर्थव्यवस्था को मजबूत, टिकाऊव समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है और मध्यम अवधि में सात प्रतिशत से अधिक आर्थिक वृद्धि हासिल करना है। विश्व बैंक के दक्षिण एशिया के उपाध्यक्ष योहानेस जे. ने पिछले तीन वर्ष में श्रीलंका की आर्थिक प्रगति को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा, श्रीलंका की आर्थिक बहाली कठिन प्रयासों से हासिल हुई है और यह प्रभावशाली है। यह नई साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि इसके लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचें। इस साझेदारी के तहत कोलंबो बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने और निजी क्षेत्र के संचालकों को आकर्षित करने के लिए निवेश किया जाएगा, ताकि यह एशिया के प्रमुख समुद्री केंद्रों में बना रहे। ऊर्जा क्षेत्र में श्रीलंका का लक्ष्य 2030 तक अपनी 70 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करना है। साझेदारी के तहत पर्यटन व कृषि क्षेत्रों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए श्रीलंका पर्यटन रणनीतिक योजना 2026-2030 को समर्थन दिया जाएगा और किसानों को नई प्रौद्योगिकी, बाजारों तथा वित्तीय संसाधनों से जोड़ा जाएगा।

युद्ध से प्रभावित उत्तरी व पूर्वी प्रांतों में भी विशेष निवेश और परामर्श सहायता दी जाएगी।

# पश्चिम एशिया संकटः इंडक्शन हीटर व उसके बर्तनों के उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर सरकार ने की चर्चा



नयी दिल्ली। सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इंडक्शन हीटर और उससे संबंधित बर्तनों की बढ़ती मांग को देखते हुए इनके उत्पादन को बढ़ाने के उपायों पर शुक्रवार को चर्चा की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर तेल व गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ी है और लोग तेजी से इंडक्शन हीटर व बर्तन खरीद रहे हैं। यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में हुई। इसमें ऊर्जा सचिव, विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एक अधिकारी ने कहा, हमने इस पर चर्चा की कि इंडक्शन हीटर और उससे जुड़े बर्तनों (जैसे इंडक्शन कुकर के बर्तन) का उत्पादन किस तरह तेजी से बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और बाजार में ये तेजी से बिक रहे हैं। अधिकारी ने साथ ही बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वस्तुओं व सेवाओं दोनों के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्य मंत्रालय इसके अंतिम आंकड़े 15 अप्रैल को जारी करेगा।

पेज एक का शेष

## युद्धपोत तारागिरी

सबसे आगे रहती है। मुझे लगता है कि हमारी नौसेना भारत के मूल्यों और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेरा मानना है कि आईएनएस तारागिरी के सेवा में शामिल होने से हमारी नौसेना की शक्ति, मूल्यों एवं प्रतिबद्धता में और भी वृद्धि होगी। पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के कारण तेल आपूर्ति में बाधा और टैंकरों को रोके जाने की स्थिति के बीच उनकी ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना देश के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा समुद्र में कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हमारी नौसेना लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखती है ताकि वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। जब भी वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, भारतीय नौसेना हमारे वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना ने यह साबित किया है कि वह न केवल देश के हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुनिया भर में अपने नागरिकों और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षमता भारत को एक ज़िम्मेदार समुद्री शक्ति बनाती है। इतिहास का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसैनिक शक्ति को मजबूत किए बिना कोई भी देश सही मायनों में शक्तिशाली नहीं बन सकता, इसलिए जब नरेन्द्र मोदी 2047 तक विकसित भारत की बात करते हैं, तो उसमें समुद्री शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल के महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय लेन-देन, संचार नेटवर्क और रक्षा समन्वय इसी पर निर्भर करते हैं। यदि कोई इन केबलों को नुकसान पहुँचाता है, तो इसका प्रभाव किसी एक देश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे वैश्विक तंत्र पर पड़ेगा।

## असम को

की सुरक्षा में सेंध लगाने और अफवाह फैलाकर गुमराह करने वाले लोग हैं। वहीं मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने जो कहा, वो कर के दिखाया। सीएम ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाली, किसानों का संरक्षण और विदेशी आक्रांताओं को धूल धूसरित करने वाली इस पावन धरा के सामने कांग्रेस ने यूडीएफ के साथ मिलकर पहचान का संकट खड़ा किया। यह संकट किसी एक क्षेत्र में नहीं था। कांग्रेस व यूडीएफ के अघोषित समझौते के कारण असमिया जाति, माटी व बेटी के सामने पहचान का संकट हुआ था। इन्होंने तुष्टिकरण की नीति पर चलकर असमिया पहचान को समाप्त करने का प्रयास किया। यहां की माटी में घुसपैठियों को घुसाकर असम के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। असम के नागरिकों, बहनों के हक पर घुसपैठियों के जरिये डकैती डलवाई। असमिया संस्कृति मिटाने की साजिश रची, लेकिन जब पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली और असम में पहले सर्वानंद सोनोवाल, फिर हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तो असम चाय के साथ अब चिप उत्पादन का नया केंद्र भी बन गया है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार असम की पहचान को संरक्षित कर रही है। असमिया संगीत-संस्कृति, महापुरुषों, महानायकों, योद्धाओं को सम्मान दे रही है। अब असम में विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय दिख रहा है। मां कामाख्या, श्रीमंत शंकर देव कॉरिडोर व भूमि संरक्षण का कार्य नए सिरे से प्रारंभ हुआ है। 10 साल में डबल इंजन सरकार ने बिना भेदभाव गरीबों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। पहले गरीबों का राशन विदेशी घुसपैठिए खा जाते थे, अब असम के लोगों को राशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्कीम के तहत हर गरीब को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा, प्रधानमंत्री आवास, नौजवानों को रोजगार-नौकरी मिल रही है। अब चाय बागान में काम करने वाली बहनों, कारीगरों, नौजवानों के लिए स्पेशल पैकेज की व्यवस्था है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि असम के लोगों का संरक्षण होगा और एक-एक घुसपैठिए को निकाल बाहर करेंगे। कांग्रेस घुसपैठ-दंगा कराती थी और भाजपा ऐसा करने वालों को निकाल बाहर करती है। भाजपा सरकार दंगा-कर्फ्यू मुक्त असम के निर्माण के लिए कार्य कर रही है। जहां भी भाजपा सरकार आई है, वहां शांति-सुरक्षा, समृद्धि लाई है। उत्तर प्रदेश में पहले हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा व कर्फ्यू लगता था। यूपी की आबादी 25 करोड़ है, लेकिन वहां 9 वर्ष में नो कर्फ्यू, नो दंगा है, सब चंगा है। 500 वर्ष में जो काम नहीं हो पाया, वह काम भी अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के रूप में हो गया।

## यूपी को

उन्हें हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाया जाता था। 2 अप्रैल को आरोपियों ने लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे सिग्नल और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की योजना बनाई थी। लेकिन एटीएस टीम ने समय रहते मौके पर पहुंचकर सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ज्वलनशील पदार्थ से भरा एक कैन, सात स्मार्टफोन, 24 पर्चे और आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। इस संबंध में एटीएस थाना, लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता 2023 और गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम 1967 की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एटीएस की इस कार्रवाई से एक बड़ी आतंकी साजिश नाकाम हुई है, जिससे प्रदेश में संभावित बड़े नुकसान को टालने में सफलता हासिल की गई और देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त गिरोह का भी पदार्फाश हुआ है।

## देहरादून की

प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक ट्रांसफर स्टेशन और निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 35 पार्क विकसित किए जा चुके हैं, जिनमें केदारपुरम का योग आधारित थीम पार्क लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून के विकास में उसकी सांस्कृतिक पहचान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी सोच के तहत आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चल रही शहरी विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन प्रयासों से शहरों की कार्यप्रणाली और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। देहरादून में भी कचरा प्रबंधन, सीवरेज व्यवस्था और हरित क्षेत्र विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सीएम धामी ने कहा कि प्रस्तावित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के चालू होने से यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है, जिसे देखते हुए पार्किंग, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रिस्पना और बिंदाल नदियों के ऊपर एलिवेटेड रोड निर्माण की योजना पर भी काम चल रहा है। पर्यावरण संरक्षण के तहत शहर में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है और चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राम सिंह कैड़ा, खजान दास, विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, सविता कपूर, उमेश शर्मा तथा मेयर सौरभ थपलियाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## ईरान ने

सहित कई बुनियादी चीज़ों की कीमतें बढ़ने का खतरा पैदा कर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शांतिकाल में दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस परिवहन का पांचवां हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है।

ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद ज़रीफ़ ने शुक्रवार को लिखा कि अब दोनों पक्षों की तकलीफ़ों को खत्म करने का समय आ गया है। ज़रीफ़ पश्चिमी देशों के साथ बातचीत का लंबा अनुभव रखने वाले एक मंझे हुए राजनयिक हैं और ईरानी नेतृत्व के एक व्यावहारिक खेमे के करीब माने जाते हैं। उन्होंने फॉरेन अफेयर्स पत्रिका में लिखा, लंबे समय तक चलने वाली शत्रुता से कीमती जानें और अमूल्य संसाधन कहीं ज्यादा बर्बाद होंगे, जबकि इससे मौजूदा गतिरोध में कोई वास्तविक बदलाव नहीं आएगा।

## ईरान ने मार

रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ईरान का दावा है कि विमान का पायलट दक्षिण-पश्चिमी ईरान में पैराशूट के जरिए सुरक्षित कूद गया था, जिसे अब बंधक बना लिया गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि ईरान के सरकारी चैनल पर एंकर ने लाइव जनता से अपील करते हुए कहा कि जो कोई भी दुश्मन के पायलट को जिंदा पकड़कर पुलिस के हवाले करेगा, उसे एक बहुत कीमती इनाम दिया जाएगा। दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं जिनमें कथित तौर पर अमेरिकी विमानों को इलाके में उड़ते देखा गया है।

इसके अलावा ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने यह भी दावा किया कि मध्य तेहरान में अमेरिका का एक और अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान मार गिराया गया है। हालांकि अमेरिका की तरफ से अभी तक सिर्फ एक विमान के क्रैश होने और ऑपरेशन चलने की बात कही गई है। अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की है कि अमेरिकी सेना ने ईरान की राजधानी तेहरान को पड़ोसी शहर करज से जोड़ने वाले 'इ1 ब्रिज' पर बड़ा हवाई हमला किया है। अमेरिका का कहना है कि यह हमला ईरान के हथियारों की आवाजाही वाले रास्ते को तोड़ने के मकसद से किया गया था। इन सबके बीच एक और बड़ी खबर आई कि फ्रांस के मालिकाना हक वाला एक मालवाहक जहाज होर्मुज से होकर सुरक्षित गुजर गया।

## सीबीएसई कक्षा

से कक्षा 6 से तीसरी भाषा को अनिवार्य कर दिया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक छात्र कम से कम दो भारतीय भाषाओं का अध्ययन करें। अधिकारी के मुताबिक, हालांकि, एक समान भाषा योजना को अपनाना वांछनीय है, लेकिन अगर कोई छात्र विदेश के किसी स्कूल से पढ़कर आया है और उसने वहां कक्षा 8 या 9 तक जो तीसरी भाषा पढ़ी थी, वह भारत के स्कूलों में उपलब्ध नहीं है, तो ऐसे खास मामलों में उसे निर्धारित मानदंडों के अनुसार छूट दी जा सकती है। हालांकि, इन छात्रों के लिए कुल उतने विषयों को पढ़ना अनिवार्य होगा, जितने अध्ययन योजना में निर्धारित किए गए हैं। अधिकारी के अनुसार, कक्षा 9 के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू होने से दोनों विषयों में एक बड़ा संरचनात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, सभी छात्र मानक पाठ्यक्रम का अध्ययन करेंगे और तीन घंटे की 80 अंकों की एक समान परीक्षा में शामिल होंगे। उच्च दक्षता का विकल्प चुनने वाले छात्र दोनों विषयों में से किसी एक या दोनों में एक अतिरिक्त उन्नत स्तर का चयन कर सकते हैं। इस स्तर में एक घंटे का 25 अंकों का एक अन्य प्रश्नपत्र हल करना होगा, जिसे उच्च-स्तरीय बौद्धिक कौशल और गहन वैचारिक समझ आंकने के लिए तैयार किया गया है।

अधिकारी ने कहा छात्रों के लिए मानक परीक्षा देना अनिवार्य होगा, जबकि उन्नत परीक्षा वैकल्पिक रहेगी। अहम बात यह है कि उन्नत परीक्षा में हासिल अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा अ इसके बजाय 50 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की मार्कशीट में उन्नत स्तर की योग्ज्ञता अलग से दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गणित और विज्ञान के लिए दो-स्तरीय प्रणाली (मानक और उन्नत) पर आधारित कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा 2028 में आयोजित की जाएगी।




# पंजाब ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया

## श्रेयस अय्यर ने लगाया शानदार अर्धशतक



**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-7 में शुक्रवार (3 अप्रैल) को चेन्नई सुपर किंग्स का सामना पंजाब किंग्स से हुआ. चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से जीत हासिल की. चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 210 रनों का टारगेट दिया था।

मौजूदा सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को अपने पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (फ्फ) के हाथों 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी. वहीं पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटन्स को 3 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

चेन्नई ने पंजाब के सामने 210 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। उनके लिए आयुष म्हात्रे ने सर्वाधिक 73 रनों की पारी खेली। वहीं, पंजाब के लिए विजयकुमार विशक ने दो विकेट लिए जबकि जेवियर बार्टलेट, मार्को यानसेन और युजवेंद्र चहल ने एक-एक सफलता अपने नाम की। आज आईपीएल 2026 का सातवां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच चेन्नई के चेपॉक में खेला जा रहा है। इस मैच में सीएसके की नजरें पहली जीत दर्ज करने पर हैं, जबकि पंजाब लगातार दूसरा मुकाबला जीतने के लक्ष्य के साथ उतरी है। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।

चेन्नई को पांचवां झटका विजयकुमार ने दिया। उन्होंने सरफराज खान को नेहाल वढेरा के हाथों कैच कराया। वह 32 रन बनाकर लौटे। अब शिवम का साथ देने प्रशांत वीर आए हैं। 15 ओवर का खेल पूरा हो चुका है और चेन्नई ने चार विकेट पर 145 रन बना लिए हैं। आयुष म्हात्रे 73 और कार्तिक शर्मा एक रन बनाकर आउट हुए। अब शिवम दुबे और सरफराज खान क्रीज पर मौजूद हैं।

चेन्नई को दूसरा झटका चहल ने दिया। उन्होंने नेहल वढेरा के हाथों ऋतुराज गायकवाड़ को कैच कराया। वह 22 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। अब आयुष म्हात्रे का साथ देने शिवम दुबे आए हैं। आयुष म्हात्रे शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 29 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया है। वह ऋतुराज गायकवाड़ के साथ 60 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। पावरप्ले समाप्त हो चुका है। शुरूआती छह ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर एक विकेट पर 57 रन है। सैमसन सात रन बनाकर आउट हुए। अब ऋतुराज 14 और आयुष 29 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों के बीच 24 गेंदों में 43 रनों की साझेदारी हो चुकी है। चेन्नई के 50 रन पूरे हो गए। आयुष म्हात्रे और ऋतुराज गायकवाड़ के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही है। चेन्नई को पहला झटका 14 के स्कोर पर बार्टलेट ने दिया। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह के हाथों संजू सैमसन को कैच आउट कराया। वह सिर्फ सात रन बना पाए। अब आयुष म्हात्रे आए हैं।

# केआईटीजी 2026: कर्नाटक चैंपियन मेजबान छत्तीसगढ़ नौवें स्थान पर रहा



रायपुर। कर्नाटक यहां पहले खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों (केआईटीजी) में 23 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन बना जबकि अंतिम दिन पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन कोमोलिका बारी का झारखंड के लिए रिकर्व महिला तीरंदाजी का स्वर्ण पदक जीतना शानदार प्रदर्शन रहा। ओडिशा के अर्जुन खारा ने रिकर्व पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता लेकिन ये कोशिशें कर्नाटक को शीर्ष स्थान से हटाने के लिए काफी नहीं थीं।

खेलों के पहले चरण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया जिसमें नौ खेलों में करीब 3800 खिलाड़ियों ने शिरकत की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे जबकि पारंपरिक खेल जैसे मल्लखंब और कबड्डी जैसे प्रदर्शनी खेल थे। कर्नाटक ने 23 स्वर्ण के अलावा आठ रजत और सात कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता जबकि ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। ओडिशा ही एकमात्र टीम थी जिसने पदक का अर्धशतक पार किया और 57 पदक के साथ शीर्ष पर रही। झारखंड 16 स्वर्ण, आठ रजत और 11 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी तीन स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक के साथ शानदार प्रदर्शन किया और नौवें स्थान पर रहा। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले दिन से ही पदक सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया क्योंकि उसने तैराकी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया जिसमें 15 स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण और कुश्ती में तीन स्वर्ण पदक जीते। कर्नाटक के मणिकांत एल आठ स्वर्ण और एक रजत के साथ खेलों के सबसे सफल एथलीट रहे जबकि उनके साथी धोनीश एन ने तैराकी स्पर्धा में पांच स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। महिला खिलाड़ियों में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने पांच स्वर्ण पदक जीते जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने चार स्वर्ण और दो कांस्य पदक हासिल किए। ओडिशा अकेला ऐसा दल था जिसने सभी छह खेलों में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में आठ और तैराकी में सात शामिल हैं। कुल 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पदक तालिका में जगह बनाई जिनमें से 20 ने कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र छह स्वर्ण, 10 रजत और चार कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा जबकि अरुणाचल प्रदेश छह स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष पांच में रहा।

## संक्षेप

### बोधना इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ी बनी

नयी दिल्ली। भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार, यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है जिन्होंने लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे। भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिवानंदन को बधाई दी और उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने सरकारी आवास पर उनके साथ एक मैच खेला था।

### पीएसएल की तकनीकी समिति ने फखर जमां पर दो मैच का प्रतिबंध बरकरार रखा

लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति ने फखर जमां पर गेंद से छेड़छाड़ के आरोप में लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ इस सलामी बल्लेबाज की अपील को खारिज कर दिया है। समिति ने सुनवाई की और सभी उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करने के बाद मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा। उन्होंने लाहौर कलंदर्स के कप्तान जमां पर गेंद की स्थिति बदलने के लिए लेवल तीन के अपराध का आरोप लगाया था।

### नीतीश ने गेंदबाजी में बदलाव का श्रेय विशेष व्यक्ति को दिया

कोलकाता। सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेल रहे भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने एक मुश्किल दौर के बाद गेंदबाजी में अपनी लय हासिल करने में मदद करने के लिए एक विशेष व्यक्ति को श्रेय दिया है, लेकिन फिलहाल वह उस व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं करना चाहते हैं। प्रत्येक प्रारूप में खेलने वाले इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को भारत के प्रमुख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का संभावित उत्तराधिकारी माना जाता है, लेकिन पिछले एक साल से फिटनेस समस्याओं के कारण उनकी प्रगति पर असर पड़ा है।

# सूर्यवंशी के सामने होगी तेज गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा



अहमदाबाद। कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर वंडर ब्वाय वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्धशतक जड़ दिया था जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था।

सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है। राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं तथा वह गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे। गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। कप्तान गिल (27 गेंदों में 39 रन) और बटलर (33 गेंदों में 38 रन) दोनों ही मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रंग में नहीं दिखे। सुदर्शन (11 गेंदों में 13 रन) भी चोट से उबरने के बाद लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं शाहरुख खान, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया की मौजूदगी वाला उनका मध्य क्रम भी उतना भरोसेमंद नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगर टाइटन्स पहले बल्लेबाजी करता है तो उसे कम से कम 220 रन बनाने होंगे ताकि उनके गेंदबाजों को सूर्यवंशी पर हावी होने का मौका मिल सके। अगर वह लक्ष्य का पीछा करते हैं तो उन्हें विपक्षी टीम को 200 रन के अंदर रोकना होगा। पिछले दो सत्र में डेथ ओवरों में उनकी बल्लेबाजी कुछ खास प्रभावशाली नहीं रही। तेवतिया शुरुआत से ही आक्रामक नजर नहीं आए हैं। शाहरुख की अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने तकनीकी दिक्कतें हैं और यह हैरानी की बात है कि आशीष नेहरा जैसे काबिल कोच ने उनका कोई अच्छा विकल्प नहीं ढूंढा है। जहां तक रॉयल्स की बात है तो कागजों पर टीम काफी अच्छी दिखती है, हालांकि असम के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर अभी भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे भारतीय स्टार खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया गया। **टीम इस प्रकार हैं:**

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, पृथ्वी राज यारा, टॉम बैंटन।

मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# मेरे स्ट्राइक रेट की आलोचना करने के पीछे खास एजेंडा: रहाणे

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक खास एजेंडा और ईर्ष्या का भाव मौजूद है।

केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। केकेआर की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गयी। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया। गुरुवार को 10 गेंदों में आठ रन बनाने वाले केकेआर के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया। रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है और मुझे लगता है कि वे चाहते हैं कि मैं एक अलग तरह की पारी खेलूं। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि अजिंक्य रहाणे अपने खेल में इतना सुधार कर लेगा। इसलिए मुझे खुशी है कि वे मेरे बारे में बातें कर रहे हैं, फिर चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। मुझे बहुत खुशी है कि वे मेरे बारे में बात कर रहे हैं। उन्हें बात करने दीजिए। लेकिन बल्लेबाजी और साझेदारी के लिहाज से यह शानदार रहा है। मुंबई के खिलाफ हमने बहुत अच्छी साझेदारी की थी। आप लोग जानते हैं कि मैं क्या कर रहा हूं। कभी-कभी बल्लेबाज के रूप में आपको वह लय नहीं मिलती, जिसकी आप उम्मीद करते हैं।

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की शीर्ष क्रम पर नजर



नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सत्र में शनिवार को यहां जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निस्संका भी नहीं टिक पाए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया। इसके बाद 22 वर्षीय समीर रिजवी ने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टिन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। रिजवी का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा संकेत है लेकिन शीर्ष क्रम में उसकी कमजोरी चिंता का विषय है। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगुवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। उसके पास दो विकल्प हैं। या तो पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने अभिषेक पोरेल या फिर निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे पृथ्वी साव पर भरोसा दिखाए। इसके विपरीत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में भी कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई कहीं अधिक आश्वस्त दिखी। स्टार्क इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने धीमी गेंदों का चतुराई से इस्तेमाल करना जारी रखा है और चोट के कारण काफी समय तक मैदान से बाहर रहे टी नटराजन ने लखनऊ के खिलाफ तीन विकेट लेकर अपना योगदान दिया, जबकि मुकेश कुमार ने किफायती गेंदबाजी की। कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा, जिससे विरोधी टीम को कभी भी खुलकर खेलने का मौका नहीं मिला। दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी। मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया जससे वह अधिक आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। रोहित ने 78 रन की तूफानी पारी खेलकर पुराने दिनों की याद दिला दी और टी20 क्रिकेट में शानदार वापसी की। **टीम इस प्रकार हैं:**

**दिल्ली कैपिटल्स:** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टिन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख। **मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा। मैच दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा।




# कांग्रेस ने किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया

## मोदी, हिमंत ने आदिवासियों के विकास का रोडमैप तैयार किया : शाह



दुधनोई (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने इस रोडमैप को लागू करने के लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इस चलन को बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री और यहां असम में मुख्यमंत्री के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है। अगर लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं, तो इसे (रोडमैप) आगे बढ़ाया जाएगा। कामरूप जिले के पलाशबाड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष के भारत के दुश्मन देश से संबंध होने के आरोप हैं। उन्होंने कहा, लेकिन वह इस बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। शाह ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध होने के हिमंत के आरोपों की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की। हालांकि, उन्होंने न तो गोगोई का नाम लिया और न ही दुश्मन देश की पहचान पाकिस्तान के रूप में की। गृह मंत्री ने कांग्रेस पर पलाशबाड़ी में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) की स्थापना के लिए लाए गए विधेयक को रोकने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वह भाजपा ही थी, जिसमें राज्य में आईआईएम की स्थापना सुनिश्चित की। शाह ने कहा कि राज्य के लिए भाजपा की नीति अप्रोच असम, एस्पायर असम और इंस्पायर असम है।

दुधनोई में शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी कल्याण की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकारों ने आदिवासियों के विकास पर केवल 25,000 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में उनके लिए 1.38 लाख करोड़ रुपये दिए। गृह मंत्री ने ग्वालपाड़ा को मिनी असम करार दिया, क्योंकि वहां राभा, बोडो, हाजोंग और कोच सहित कई जनजातियों के लोगों के अलावा आदिवासी चाय बागान श्रमिक रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल भाजपा ही इन लोगों का विकास सुनिश्चित कर सकती है। शाह ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे, लेकिन यह सरासर झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ही वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने आदिवासियों की कला, संस्कृति, भोजन, वस्त्र, संगीत और नृत्य को वैश्विक मंच पर पहुंचाया। हर आदिवासी परिवार को एक गाय और एक भैंस दी जाएगी। मैं सहकारिता मंत्री के रूप में इसे सुनिश्चित करूंगा। असम से सटी मेघालय की गारो पहाड़ियों में हाल ही में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ।

# छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामले वापस लेने पर विचार करें सरकारी विभागः वाणिज्य मंत्रालय



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय चाहता है कि सभी विभाग छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें, ताकि जन विश्वास संशोधन विधेयक के अनुरूप न्यायपालिका पर बोझ कम हो और जीवन की सुगमता को बढ़ाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह बात कही।


संसद ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने और लोगों के उत्पीड़न को रोकने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन करने और लगभग 1,000 छोटे अपराधों को फौजदारी की श्रेणी से बाहर करने के लिए बृहस्पतिवार को जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने यहां संवाददाताओं से कहा, कानून में हो रहे बदलावों के कारण इन सभी प्रावधानों की समीक्षा की जा सकती है। हम कानून मंत्रालय के साथ भी यह मुद्दा उठाएंगे और यह तय करेंगे कि संबंधित विभागों को इस बारे में किस तरह अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि अदालतों पर बोझ कम करने के सामान्य अभियान के तहत, सरकार ने सभी विभागों को लंबित मामलों की समीक्षा करने और जहां संभव हो वहां मुकदमा वापस लेने की सलाह दी है। इसके साथ ही भाटिया ने कहा, सभी लंबित मामलों की समीक्षा के लिए पहले से ही एक सामान्य परामर्श मौजूद है। जहां भी विभागों को लगता है कि मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और उन्हें वापस लिया जाना चाहिए। वे उन्हें वापस लेने के लिए अदालत में आवेदन कर सकते हैं। जन विश्वास संशोधन विधेयक पारित होने पर मीडिया को संबोधित करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अनुमान के मुताबिक छोटे अपराधों से संबंधित पांच करोड़ अदालती मामले लंबित हैं, जिनमें से अधिकांश को कभी अदालत में जाना ही नहीं चाहिए था। हमें उम्मीद है कि अभियोजक नए प्रावधानों के आधार पर अदालतों से इन्हें बंद करने का अनुरोध करके इन सबका समाधान कर सकते हैं।

# पाकिस्तान में पेट्रोल 458.41 और एचएसडी 520.35 रुपये प्रति लीटर



इस्लामाबाद। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच पाकिस्तान ने पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमतों में क्रमशः 43 प्रतिशत और 55 प्रतिशत की भारी वृद्धि की घोषणा की है। पाकिस्तान सरकार ने बृहस्पतिवार को इस मूल्य वृद्धि की घोषणा की। इस फैसले के तहत, पेट्रोल की कीमत 321.17 रुपये से 137.23 रुपये प्रति लीटर (करीब 42.7 प्रतिशत) बढ़ाकर 458.41 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। वहीं एचएसडी की कीमत 335.86 रुपये से 184.49 रुपये प्रति लीटर (करीब 55 प्रतिशत) बढ़ाकर 520.35 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। ये नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। इसके साथ, केरोसिन तेल की कीमत भी 34.08 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर 457.80 रुपये कर दी गई है। पाकिस्तान सरकार ने डीजल की कीमतों में वृद्धि को सीमित रखने के लिए पेट्रोलियम शुल्क दरों में भी बदलाव किया है। पेट्रोल पर शुल्क 105 रुपये से बढ़ाकर 160 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया जबकि डीजल पर 55 रुपये प्रति लीटर के शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने इसे एक मुश्किल फैसला करार देते हुए कहा कि इसका मकसद सब्सिडी को केवल जरूरतमंद वर्गों तक सीमित रखना, वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और आर्थिक स्थिरता को सुरक्षित रखना है।

# रूस ने भारत को कच्चा तेल, एलएनजी की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की




नयी दिल्ली। रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बृहस्पतिवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नयी दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।

# लखनऊ के डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय बने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के मैनेजर

## श्रीलंका दौरे पर तीन टी20 मैचों की सीरीज में हिस्सा लेगी टीम



लखनऊ। श्रीलंका में होने वाली अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट सीरीज में भारत की दिव्यांग क्रिकेट टीम भी भाग लेगी। तीन मैचों की यह सीरीज आगामी तीन से पांच अप्रैल 2026 तक श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित होगी।

डिफरेंटली एबल्ड फेडरेशन फॉर क्रिकेट एवं श्रीलंका क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सीरीज के बारे में डीएएफसी के महासचिव संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस सीरीज के लिए लखनऊ के डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस सीरीज के लिए चयनित भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम श्रीलंका पहुंच चुकी है जहां तीन अप्रैल की शाम को भारत-श्रीलंका सीरीज का उद्घाटन समारोह होगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम अपना पहला मैच चार अप्रैल को सुबह नौ बजे से खेलेगी। इसके बाद दूसरा मैच इसी दिन दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा जबकि सीरीज का आखिरी व तीसरा मैच पांच अप्रैल को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय वर्तमान में स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक एवं रॉयल स्पोर्ट्सगंज स्टेडियम, लखनऊ के निदेशक है, जिन्हें खेल प्रबंधन, आयोजन एवं खिलाड़ियों के मार्गदर्शन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। इस अवसर पर रॉयल स्पोर्ट्सगंज स्टेडियम, लखनऊ के निदेशक हर्षवर्धन सिंह तथा निदेशक-ऑपरेशंस अजय सेठी ने डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने शुभकामना संदेश में दोनों ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल डॉ. पाण्डेय के लिए, बल्कि लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश के खेल जगत के लिए भी गौरव का विषय है।

उत्तर प्रदेश सरकार

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

हनुमत विहार

26.643 हेक्टेअर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 194.04 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 230 आवंटियों को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

गोविंद विहार

26.912 हेक्टेयर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 182.23 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 121 आंवटियो को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटो के लिए आवेदनप शीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।







ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह

93.00 हेक्टेयर में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 48.9475 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत रू. 665.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता

115.00 हेक्टेयर में प्रस्तावित यह टाउनशिप ग्राम छाता में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 64.5573 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत रू. 835.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com